धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, मंगलवार
17.12.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | पौष, कृष्ण पक्ष, द्वितीया संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 156



12 सास के साथ कैटरीना ने शिर्डी में साईं बाबा का किया दर्शन

## न्यूज डायरी

### 'फिलिस्तीन' लिखा बैग लेकर संसद पहुंचीं प्रियंका



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने एक बार फिर फिलिस्तीन के लोगों का समर्थन किया है। वह सोमवार को 'फिलिस्तीन' लिखा हुआ बैग लेकर संसद पहुंचीं। इस तरह उन्होंने उन्होंने फिलिस्तीन की आजादी के सपोर्ट में आवाज उठायी। भाजपा ने प्रियंका के इस कदम पर सवाल उठाये और मुस्लिम तुष्टीकरण का आरोप लगाया है। भाजपा प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने कहा कि गांधी परिवार शुरू से ही तुष्टीकरण का बैग ढो रहा है। जब पत्रकारों ने बैग के बारे में सवाल किये तो कांग्रेस सांसद ने कहा कि वह इस बारे में कई बार बता चुकी हैं कि उनके विचार क्या हैं। उन्होंने कहा, मैं कैसे कपड़े पहनूंगी, इसे कौन तय करेगा।

### आज पेश हो सकता है 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' बिल

**नयी दिल्ली।** लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाला एक संवैधानिक संशोधन विधेयक मंगलवार को लोकसभा में पेश किए जाने की संभावना है। फिर इसे दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेजा जा सकता है। सत्तापक्ष के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 मंगलवार को लोकसभा में पेश कर सकते हैं।

### पंडित संजय राम मराठे भी चल बसे

**नयी दिल्ली।** संगीत जगत को 16 दिसंबर को दो बड़े झटके लगे हैं। पहले प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन हुआ, और अब शास्त्रीय संगीत के मशहूर गायक और हारमोनियम वादक पंडित संजय राम मराठे (68) ने भी इस दुनिया को अलविदा कह दिया। निधन का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है।

### छह नये सदस्यों ने राज्यसभा में शपथ ली

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में सोमवार को छह नये सदस्यों ने सदन की सदस्यता की शपथ ली। सभापति ने बंगाल से टीएमसी के रितब्रत बनर्जी, हरियाणा से भाजपा की रेखा शर्मा, आन्ध्र से भाजपा के रायगा कृष्णैया, ओडिशा से भाजपा के सुजीत कुमार और आन्ध्र प्रदेश से तेलुगु देशम के एम राव यादव और साना सतीश बाबू को सदन की सदस्यता की शपथ दिलायी।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 71800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 95000 रु./प्रति किलो |

### ऑनलाईन क्रिकेट का सट्टा खिला रहे दो आरोपी गिरफ्तार




# उस्तादों के उस्ताद थे तबले के जादूगर जाकिर हुसैन

**स्मृति शेष**

## जितने बड़े कलाकार, उतनी ही जिंदादिल शख्सियत, जब भी तबले का नाम आयेगा, उनकी याद पहले आयेगी

**मुंबई (एजेंसी)।** तबले के जादूगर और उस्तादों के उस्ताद जाकिर हुसैन की सांसों की कड़ियां रविवार को टूट गयी। उनकी तबले की थाप हमेशा दुनिया में कायम रहेगी। उनके निधन से संगीत जगत ने अपना बहुमूल्य रत्न खो दिया। 73 वर्ष की आयु में कैलिफोर्निया के सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में रविवार की रात उनका निधन हो गया। उनके परिवार ने पद्म विभूषण उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन की पुष्टि की और कहा कि वह इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस से पीड़ित थे। मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन अपने चाहने वालों के जेहन में हमेशा मौजूद रहेंगे। वह ना केवल कमाल के तबला वादक बल्कि वसेर्टाइल व्यक्तित्व के मालिक थे।

**वाह ताज ... तबले के जादूगर थे उस्ताद :** चाय के ब्रांड के लिए तबले पर अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए उन्हें देखना 1990 के दशक के हर बच्चे की यादों में ताजा है। प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद अल्ला रक्खा खान के सबसे पुत्र जाकिर हुसैन का जन्म 9 मार्च, 1951 को मुंबई में हुआ था। जाकिर हुसैन का स्वभाव भी काफी सरल था। वह मंच पर अपने आचरण और साथी कलाकारों के प्रति सम्मान के लिए भी जाने जाते थे। अपने असाधारण कौशल, आकर्षण और हर शैली के साथ घुलने-मिलने की क्षमता के कारण उन्होंने हर पीढ़ी के श्रोताओं के दिल में खास जगह बनायी।



जाकिर हुसैन को याद करते हुए संगीत और फिल्म जगत से जुड़ी हस्तियों का कहना है कि वह जितने बड़े कलाकार, उतनी ही जिंदादिल शख्सियत थे। जाकिर साहब ने न केवल भारतीय संगीत को खास मुकाम पर पहुंचाया।

**एक नहीं अनेक पुरस्कार मिले थे :** तबले के जादूगर जाकिर हुसैन को उनकी कला उनकी कला के सम्मान में कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। उन्हें ग्रैमी एवार्ड, पद्मश्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण, भारत सरकार का संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप, रत्ना सदस्य, यूनाइटेड स्टेट्स नेशनल एंडोमेंट फॉर द आर्ट्स का नेशनल हेरिटेज फेलोशिप भी मिला था। इतना ही नहीं प्रतिष्ठित 'बैंड द बीटल्स' के जॉर्ज हैरिसन जैसे कई अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों के साथ 1973 के एल्बम 'लिविंग इन द मैटेरियल वर्ल्ड' और जॉन हैंडी के साथ एल्बम 'हार्ड वर्क' में भी काम किया। उन्होंने वैन मॉरिसन के 1979 के एल्बम 'इनटू द म्यूजिक' और 'अर्थ' में भी शानदार प्रस्तुति दी थी।

### तबले के साथ उनका नाम अमर रहेगा

मशहूर नृत्यांगना सोनल मान सिंह ने जाकिर हुसैन को देश का असली रत्ना बताया। साथी कलाकारों को वह हमेशा मान देते थे। सोनलमान सिंह ने ऐसा ही एक किस्सा बताया। उन्होंने कहा, पटना में प्रस्तुति का, जहां पर मुझे एक छोटे होटल में रुकने की व्यवस्था थी जब मैंने जाकिर हुसैन को फोन किया, तो वह तुरंत आये और मुझे अपने साथ लेकर कर गये। जाकिर हुसैन एक ऐसे उम्दा कलाकार थे, जो अन्य कलाकारों को आदर देना बखूबी जानते थे। आज की पीढ़ी को जरूरत है कि उनसे इस तरीके के आदर्श सम्मान को करना सीखे। भगवान उनकी दिव्य आत्मा को शांति दे। वहीं मशहूर तबला वादक राम कुमार मिश्रा ने कहा, तबला वादन में एक युग का अंत हो गया। देशभर में जब भी तबले का नाम आयेगा, तो सबसे पहले जाकिर हुसैन को याद किया जायेगा। ऐसे लोग कभी मरते नहीं है वह हमेशा अपने हुनर से दुनिया और अपने चाहने वालों के बीच में जिंदा रहते हैं।



**महाकाल के दरबार में हेमंत :** सोमवार को सीएम हेमंत सोरेन और पत्नी विधायक कल्पना सोरेन ने मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित बाबा महाकाल के दरबार में विशेष पूजा-अर्चना की। साथ ही समस्त झारखंडवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति और खुशहाली की मंगल कामना की।

## सीजीएल परीक्षा मामला : डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन से और भड़के छात्र

# प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने चलायी लाठी, नेता गिरफ्तार

## बल प्रयोग कर छात्रों को भगाया, आयोग के पास सुरक्षा कड़ी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड कर्मचारीय चयन आयोग द्वारा आयोजित (जेएसएससी-सीजीएल ) परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर आयोग कार्यालय का घेराव करने जा रहे छात्रों के साथ पुलिस की भिड़ंत हो गयी। परीक्षा के लिए सोमवार से डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। छात्रों के जुटाव और विरोध के कारण कुछ देर के लिए नामकुम बाजार रणभूमि में तब्दील हो गया। छात्र और पुलिस के बीच जमकर टकराव होता रहा। छात्रों पर पुलिस ने बीच सड़क पर जमकर लाठी भांजी। झड़प में कई पुलिसकर्मी और छात्र नेता घायल हो गये। जेएलकेएम नेता देवेंद्रनाथ महतो एवं कुछ अन्य और घसीटते हुए गाड़ी में बिठाकर थाना ले गयी। उन्हें हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने बल प्रयोग कर आंदोलनकारी छात्रों पर भगा दिया। आंदोलन को देखते हुए आयोग परिसर की सुरक्षा कड़ी कर दी गयी थी।

**आंदोलनकारियों को भगाया :** इतना ही नहीं राज्य के विभिन्न जिलों से झारखंड कर्मचारी चयन आयोग कार्यालय घेराव करने पहुंचे परीक्षार्थियों को पुलिस ने जबरन यहां से हटाया। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने इस कार्रवाई का कमान खुद संभाल रखा था। ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस के जवानों की तैनाती की गयी थी। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार छात्र दिन के करीब 12 बजे नामकुम बाजार स्थित मैदान पहुंचे जिसकी भनक प्रशासन को मिली और कार्रवाई का दौर शुरू हुआ।



**आंदोलन तेज करने की धमकी :** पुलिस कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए छात्रों ने आंदोलन तेज करने की धमकी दी है। छात्रों का कहना था कि जिस जगह पर छात्र एकत्रित हुए थे, वहां निषेधाज्ञा नहीं लागू किया गया था।

प्रशासन के द्वारा जबरन छात्रों को हटाया गया और कुछ छात्रों को घसीटते हुए ले गयी। लाठी चार्ज में कई छात्र गंभीर रूप से घायल हुए हैं। छात्र नेता देवेंद्र महतो को जिस तरह से पुलिस ने पीटा है उससे साफ लगता है कि प्रशासन किस तरह से ज्यादती कर रही है। छात्रों का कहना था कि इस परीक्षा में भारी गड़बड़ी हुई है।

### क्या है मामला

गौरतलब है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से 21 और 22 सितंबर को राज्य भर में सीजीएल परीक्षा 2023 आयोजित किया गया था। परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक होने के साथ-साथ कई तरह की गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए छात्र इसे रद्द करने की मांग पर अड़े हैं। वे सीबीआइ जांच की मांग कर रहे हैं। सरकार ने सीआइडी जांच के आदेश दिए हैं। पर छात्र मान नहीं रहे हैं। परीक्षा को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। इन सब के बीच झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने 16 दिसंबर से इस परीक्षा में चयनित परीक्षार्थियों के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का काम शुरू किया है जिससे आंदोलनरत छात्रों की नाराजगी बढ़ गयी।

# समन की अवहेलना मामले में हेमंत सोरेन को राहत

## हाइकोर्ट ने इडी को शपथ पत्र देने को कहा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के समन की अवहेलना मामले में सीएम हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से मिली राहत अगली सुनवाई तक बरकरार रहेगी। जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने मामले में ईडी को शपथ पत्र के माध्यम से जवाब दायर करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी को निर्धारित की गयी है। हाईकोर्ट ने पिछली सुनवाई के रांची इडी की विशेष अदालत के उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें सीएम पर इडी द्वारा दर्ज शिकायत वाद में व्यक्तिगत पेशी से छूट की याचिका की विशेष कोर्ट ने खारिज कर दी थी। हेमंत को कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया था। इडी कोर्ट के आदेश के खिलाफ सीएम ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सुनवाई के दौरान सीएम के अधिवक्ता ने अदालत से पूर्व में दिये गये अंतरिम राहत को अगले आदेश तक बढ़ाने की मांग की, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने पूर्व में दिये अंतरिम राहत को अगले आदेश तक के लिए बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई है। अब अदालत इस मामले में 16 जनवरी को सुनवाई करेगा। सीएम हेमंत सोरेन की ओर से अधिवक्ता पियूष चित्रेश, दीपांकर रॉय और श्रेय मिश्रा ने बहस की। अगली सुनवाई तक ईडी को काउंटर एफीडेविट दायर करने का निर्देश हाईकोर्ट ने दिया है।

## शहरी सड़कों को सुधारें, शुद्ध पेयजल मुहैया करायें : मंत्री

# बड़े शहरों में बनेगा सस्ता आवास, बोर्ड योजना बनाये

**समीक्षा बैठक में बोले**

- गंदा पानी नदियों मे नहीं गिरने दिया जाये
- जन शिकायक कोषांग सुनेगी समस्याएं



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि हरहाल में राज्य के सभी शहरों में सड़क की स्थिति सुधारी जाये। सभी शहरियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाये। साथ शहर और नदियों को स्वच्छ रखने के लिए सिवरेज सिस्टम और वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगायें जायें। विभाग के समक्ष यह सबसे बड़े और चुनौती पूर्ण कार्य है। वह सोमवार को नेपाल हाउस सचिवालय स्थिति अपने कार्यालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहाकि सबसे पहले राजधानी को सुधारना है। इसके लिए रांची को एडवांस बनाने की योजनायें बनायी जायें। समीक्षा बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने नगर विकास, रांची स्मार्ट सिटी कारपोरेशन , राज्य नगरीय निदेशालय,जुडको, आवास बोर्ड , ग्रेटर रांची डेवलपमेंट प्राधिकार तथा अन्य संबद्ध संस्थानों की योजनाओं के बारे में पीपीटी के माध्यम से बिंदुवार प्रस्तुतिकरण किया। (शेष पेज 11 पर)

### राजधानी में ई-बसे शीघ्र

बैठक में मंत्री ने प्रधान सचिव सहित विभाग के अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। रांची में ई-बस का प्रावधान हर हाल में किया जाये। जब आम लोगों को हर पांच मिनट बाद बसें मिलने लगेंगी तो अपने आप लोग निजी वाहन का इस्तेमाल कम कर देंगे। इससे प्रदूषण कमी आयेगी और सड़क पर जाम से भी मुक्ति मिलेगी।

# संविधान विरोधी लोग हमें पाठ पढ़ा रहे हैं : खड़गे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में सोमवार को संविधान पर बहस के दौरान केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच तीखी नोकझोंक देखने हुई। सीतारमण ने कांग्रेस और उसके नेताओं पर हमला किया, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी शामिल हैं। सीतारण ने कहास जिन लोगों जो संविधान में इतने संशोधन किये हैं, वे लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए नहीं, बल्कि सत्ता में बैठे लोगों की रक्षा के लिये था। उसका उद्देश्य भारतीयों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाना था।

### राज्यसभा के सीतारमण की टिप्पणी पर भड़के कांग्रेसी नेता

वहीं राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष खड़गे ने अपने संबोधन में कहा, 1949 में आरएसएस नेताओं ने भारत के संविधान का विरोध किया क्योंकि यह मनुस्मृति पर आधारित नहीं था। न तो उन्होंने संविधान को स्वीकार किया और न ही तिरंगे को स्वीकार किया। 26 जनवरी 2002 को पहली बार मजबूरी में आरएसएस मुख्यालय पर तिरंगा फहराया गया था क्योंकि अदालत का आदेश था। आज वही लोग हमें व देश को संविधान की रक्षा का पाठ पढ़ा रहे है।

(शेष पेज 11 पर)

आईएमडी के 150वें वर्ष उत्सव में सभी वैज्ञानिक और अधिकारियों से बोलें, गवर्नर

# मौसम की सटीक जानकारी कृषि क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को रांची स्मार्ट सिटी सभागार में आयोजित भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 150वें वर्ष उत्सव में सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मियों को उनकी निरंतर समर्पण और सेवाओं के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने इनके समर्पण और तकनीकी प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अपनी सटीक भविष्यवाणियों और तकनीकी क्षमताओं से न केवल आपदाओं के प्रभाव को कम किया है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और राष्ट्रीय सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राज्यपाल ने कहा कि मौसम विज्ञान विभाग और मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के प्रयासों ने राज्य में होने वाली गंभीर प्राकृतिक आपदाओं, जैसे वज्रपात, बाढ़, भारी वर्षा



और शीतलहर के प्रभावों को कम करने में अहम भूमिका निभाई है।

उन्होंने बताया कि मौसम विज्ञान केंद्र के प्रति जनमानस का विश्वास बढ़ा है, क्योंकि इसने पंचायत स्तर तक सटीक मौसम पूवार्नुमान और जानकारी उपलब्ध कराकर आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ किया है। राज्य में समय पर मौसम की चेतावनिया दी गईं, जिससे स्थानीय समुदायों और आपदा प्रबंधन दलों को प्रभावी सहायता मिल सकी।

राज्यपाल ने झारखंड की कृषि अर्थव्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि मौसम की सटीक जानकारी कृषि क्षेत्र के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि मौसम पूवार्नुमान से किसानों को फसल चयन, सिंचाई प्रबंधन और कीट नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहायता मिलती है। राज्यपाल ने यह भी बताया कि झारखंड को कृषि कर्मण पुरस्कार प्राप्त हुआ है, जो राज्य की कृषि उत्कृष्टता को दशार्ता है और इसका श्रेय राज्य के किसानों के निरंतर प्रयासों को जाता है। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में देश में हुए उल्लेखनीय प्रगति के बारे में भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहलों से तकनीकी क्षमताओं को सशक्त किया गया है। इसका सीधा लाभ मौसम विज्ञान और आपदा प्रबंधन क्षेत्रों को हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इन प्रयासों के माध्यम से समय पर मौसम जानकारी प्राप्त कर समाज को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बचाया जा सकता है।

राज्यपाल ने मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मियों के निरंतर समर्पण और प्रयासों की सराहना की, जो निरंतर मौसम पूवार्नुमान प्रसारण में लगे रहते हैं। इससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि समय पर जानकारी और चेतावनियाँ संबंधित हितधारकों तक पहुँचें, ताकि आपदाओं का प्रभाव कम किया जा सके। राज्यपाल महोदय ने इस क्षेत्र में सभी हितधारकों से सहयोग और समन्वय बनाए रखने की अपील की, ताकि आपदाओं के प्रभाव को कम किया जा सके और समाज को बेहतर ढंग से आपदा प्रबंधन के लिए तैयार किया जा सके।

## खबर एक नजर में

### छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना अमानवीय : मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि छात्रों पर लाठी चार्ज की घटना अमानवीय एवं घोर निंदनीय है। श्री मरांडी ने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों को लाठी डंडे से कुचलने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि सीबीआई जांच की अनुशंसा कर मुख्यमंत्री गतिरोध समाप्त करें। उन्होंने राज्य सरकार के इशारे पर हुये बर्बर लाठीचार्ज की कठोर भर्त्सना की। उन्होंने कहा कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी का विरोध करने वाले छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना अमानवीय और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध का समाधान निकालने की बजाय लाठी और हिंसा के सहारे दमन करने की यह कोशिश मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की छात्रों, बेरोजगारों के प्रति संवेदनहीनता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि आज लाठी केवल छात्रों पर नहीं चली है। बल्कि सरकार से न्याय की उम्मीद पर भी प्रहार है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन अपनी हठधर्मिता और अहंकार त्याग कर आंदोलन करने वाले गरीब, मेहनती छात्रों की मांग पर संवेदनापूर्वक विचार करें।

### आठवीं अनुसूची में शामिल हो झारखंडी भाषा : चंद्रप्रकाश

**रांची।** सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने सोमवार को संसद में झारखंड में बोली जाने वाली कुड़माली, कुडुख, मुंडारी, हो, खड़िया, खोरठा पंचपरगनिया व नागपुरी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची व जनगणना कॉलम में शामिल करने की मांग की। उन्होंने यह मांग शून्य काल में की। उन्होंने सदन में कहा कि झारखंड राज्य में पांच जनजातीय व चार क्षेत्रीय भाषायें जैसे संथाली, कुडुख, मुंडारी, हो, खड़िया, कुड़माली, खोरठा, पंचपरगनिया व नागपुरी लोगों द्वारा बोली जाती है। इसमें से सिर्फ संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची मे शामिल किया गया है। जबकि आठ अन्य जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा को शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने पूछा कि किन कारणों से इन भाषाओं को छोड़ा गया है। साथ ही, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इन भाषाओं को कैसे बढ़ावा देने की योजना है। उन्होंने कहा कि कुड़माली भाषा झारखंड, बंगाल, असम व ओड़ीशा राज्यों में लगभग तीन करोड़ कुड़मी व अन्य समुदाय द्वारा बोली जाती है।


**झारखण्ड सरकार, झारखण्ड खेल प्राधिकरण**
**(पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग)**
गेट सं०-28, बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी, राँची email – sajha9@gmail.com

सू०सं०. 201, दिनांक– 14/12/2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड खेल प्राधिकरण के द्वारा झारखण्ड ड्रेगन बोट, हिन्दुस्तान फेब्रिकेशन नामकूम, राँची को 24 अदद एडजस्टेबल कार्बन चप्पु (Adjustable Carbon Dragon Paddle) की आपूर्ति करने के निमित इच्छुक, योग्य एवं अधिकृत निर्माता फर्मों/विक्रेताओं से अलग–अलग मुहरबंद "अति अल्पकालीन निविदा" आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता अपना सीलबंद निविदा दिनांक 28/12/2024 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक कार्यकारी निदेशक, झारखण्ड खेल प्राधिकरण, गेट सं०– 28, बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी, राँची–834008 के पदनाम एवं पता पर भेज सकते हैं। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 30/12/2024 के अपराह्न 3:00 बजे निविदा समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जाएगी। 'निविदा' की शर्तें एवं विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट, इस कार्यालय के वेबसाईट – www.sajha.in से एवं सूचना जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार के वेबसाईट – http://prdjharkhand.in से Download की जा सकती है, अथवा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा को किसी भी स्तर पर संशोधित, रद्द करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

ह०/–
संयुक्त निदेशक, झारखण्ड खेल प्राधिकरण।

PR.NO.342051 Art Culture Sports and Youth Affairs(24-25):D


भू–अर्जन वाद संख्या–89/2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–86/2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–85/2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–88/2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–87/2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–81/2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–82/2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–83/2022–23
भू–अर्जन वाद संख्या–84/2022–23

झारखण्ड सरकार
**राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**
(जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)

**अधिघोषणा**

**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)**

**पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण) अन्तर्गत अनगड़ा–हाहे–राहे पथ (एम०डी०आर०–021) (कुल लम्बाई–26.687 कि०मी०) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य परियोजना।**

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–कोकरोडीह, कोंताटोला, पुरनाडीह, राहे एवं सताकी थाना–राहे, थाना संख्या क्रमशः–101, 39, 36, 81 एवं 41 अंचल–राहे, एवं ग्राम–बोंगईबेड़ा, बानपुर, पैका एवं जरगा, थाना–अनगड़ा, थाना संख्या क्रमशः–30, 33, 34 एवं 35 अंचल–अनगड़ा जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन यथा–पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण) अन्तर्गत अनगड़ा–हाहे–राहे पथ (एम०डी०आर०–021) (कुल लम्बाई–26.687 कि० मी०) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य परियोजना हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारो के पुर्नवासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासन के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–कोकरोडीह, कोंताटोला, पुरनाडीह, राहे एवं सताकी थाना–राहे, थाना संख्या क्रमशः–101, 39, 36, 81 एवं 41, अंचल–राहे एवं ग्राम–बोंगईबेड़ा, बानपुर, पैका एवं जरगा, थाना–अनगड़ा, थाना संख्या क्रमशः–30, 33, 34 एवं 35 जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**1.0386, 2.1124, 1.0194, 0.4895**, 3.1919, 1.6739, 0.3701, 1.2558 एवं 1.4041 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

मौजा–जरगा

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 75 | 1054 | टाड़–3 | 0.0031 | बिरेन्द्र मुण्डा, अगमलाल मुण्डा पिता–जोठलो पाहन वो सुरेश पाहन, रमेश पाहन पिता–भंदलु पाहन वो कंचन पाहन, मोको पाहन, गौरीशंकर पाहन पिता–सुखराम पाहन वो चारो पाहन, बन्धु पाहन पिता–बुधुवा पाहन |
| 2 | 75 | 1055 | दोन–3 | 0.0652 | बिरेन्द्र मुण्डा, अगमलाल मुण्डा पिता–जोठलो पाहन वो सुरेश पाहन, रमेश पाहन पिता–भंदलु पाहन वो कंचन पाहन, मोको पाहन, गौरीशंकर पाहन पिता–सुखराम पाहन वो चारो पाहन, बन्धु पाहन पिता–बुधुवा पाहन |
| 3 | 130 | 1071 | दोन–2 | 0.0649 | बकास्त, दुखुवा महतो पिता–हरिलाल महतो |
| 4 | 130 | 1072 | दोन–3 | 0.0563 | बकास्त, दुखुवा महतो पिता–हरिलाल महतो |
| 5 | 92 | 1081 | टाड़–3 | 0.0313 | मनोज उरांव, अशोक उरांव पिता–गोमिया उरांव वो प्रकाश उरांव, संदीप उरांव पिता–साधो उरांव वो आशीष उरांव, अमृत उरांव पिता–बिरसा उरांव वो सुरज लकड़ा पिता–बाहा उरांव वो समीर उरांव, अजय उरांव पिता–सोमा उरांव वो बिजला उरांव पिता–बन्धु उरांव |
| 6 | 15 | 1099 | दोन–3 | 0.2879 | रामेश्वर लोहरा, फेंकलु लोहरा, बुधुवा लोहरा पिता–स्व० गोबरा लोहरा, वो फुदन देवी पति–स्व० बिरसा लोहरा, ब्रजी लोहरा पिता–स्व० ननकु लोहरा वो रघु लोहरा, शंकर लोहरा पिता–स्व० मसरु लोहरा वो राम लोहरा, श्याम लोहरा पिता–स्व० अपनु लोहरा, वो राजेन्द्र लोहरा, बिरेन्द्र लोहरा पिता–स्व० जितबाहन लोहरा |
| 7 | 51 | 1104 | टाड़–3 | 0.0361 | रोहित महतो, गोविन्द महतो पिता–रामलु महतो वो कैला महतो, परेशनाथ महतो पिता–मोहरनाथ महतो वो शिकार महतो पिता–सोहराईया महतो वो अपनु महतो, छोटु महतो पिता–बालक महतो वो बलराम महतो, जितेन्द्र महतो पिता–मंगा महतो वो करमा महतो, कोलेश्वर महतो पिता–फगुवा महतो वो सीताराम महतो पिता–एतवा महतो |
| 8 | 33 | 1130 | टाड़–3 | 0.0136 | अभिराम तिर्की पिता–मतियस तिर्की वो अभिषेक तिर्की, अभिजीत तिर्की पिता–स्व० विश्वास तिर्की वो सुशील तिर्की, सुनिल तिर्की पिता–मसीदास तिर्की वो अभिराम उरॉव पिता–लंगड़ू उरॉव |
| 9 | 99 | 1425 | दोन–1 | 0.0197 | सोहन महतो, मनसा महतो, बलवा महतो पिता–रहिना महतो वो लालदेव महतो, बलदेव महतो पिता–बोधनाथ कुरमी वो नेहरु महतो, पुसुवा महतो पिता–बन्धना महतो वो चन्द्रमोहन महतो, रामसिंह महतो पिता–अजम कुरमी वो दुर्गा चरण महतो पिता–फेकु महतो |
| 10 | 89 | 1426 | दोन–2 | 0.0084 | चमरु महतो, गणेश महतो पिता–जेठुआ महतो वो जगेश्वर महतो, बालेश्वर महतो पिता–गहनु महतो वो दिलेश्वर महतो, बिन्देश्वर महतो पिता–भोला महतो वो केश्वर महतो, मालु महतो वो खेलु महतो पिता–दुतिया महतो वो बिमल महतो, समल महतो पिता–महादेव महतो वो लगनु महतो, सुकरनाथ महतो पिता–मंगता कुरमी वो अपनु महतो, जगनु महतो पिता–जगता कुरमी |
| 11 | 99 | 1438 | टाड़–3 | 0.0424 | सोहन महतो, मनसा महतो, बलवा महतो पिता–रहिना महतो वो लालदेव महतो, बलदेव महतो पिता–बोधनाथ कुरमी वो नेहरु महतो, पुसुवा महतो पिता–बन्धना महतो वो चन्द्रमोहन महतो, रामसिंह महतो पिता–अजम कुरमी वो दुर्गा चरण महतो पिता–फेकु महतो |
| 12 | 99 | 1445 | टाड़–3 | 0.0080 | सोहन महतो, मनसा महतो, बलवा महतो पिता–रहिना महतो वो लालदेव महतो, बलदेव महतो पिता–बोधनाथ कुरमी वो नेहरु महतो, पुसुवा महतो पिता–बन्धना महतो वो चन्द्रमोहन महतो, रामसिंह महतो पिता–अजम कुरमी वो दुर्गा चरण महतो पिता–फेकु महतो |
| 13 | 99 | 1449 | टाड़–3 | 0.0097 | सोहन महतो, मनसा महतो, बलवा महतो पिता–रहिना महतो वो लालदेव महतो, बलदेव महतो पिता–बोधनाथ कुरमी वो नेहरु महतो, पुसुवा महतो पिता–बन्धना महतो वो चन्द्रमोहन महतो, रामसिंह महतो पिता–अजम कुरमी वो दुर्गा चरण महतो पिता–फेकु महतो |
| 14 | 108 | 1716 | टाड़–2 | 0.7413 | चन्द्रमोहन महतो पिता–महावीर महतो वो राजेन्द्र महतो पिता–हरिदास महतो वो सोहराई महतो, शिवनाथ महतो, जदुनाथ महतो पिता–सहरनाथ महतो वो लालदेव महतो, बलदेव महतो, बरजो महतो पिता–मेघनाथ महतो |
| 16 | 88 | 1428 | दोन 3 | 0.0162 | मीठु कुरमी, मन्दरु कुरमी पेशरान धनीया कुरमी |
| | | | कुल– | 1.4041 | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा–उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

अमीन, जि0भू0अ0का0, राँची। | कानूनगो, जि0भू0अ0का0, राँची। | जि0 भू0 अ0 पदा0, राँची। | अपर समाहर्त्ता, राँची। | उपायुक्त, राँची।

PR 342098 (Land Reforms) 24-25 (D)

# अडानी मुद्दे पर संसदीय चर्चा से बचना चिंताजनक

## अडानी मसले पर देशव्यापी अभियान में झारखंड प्रदेश कांग्रेस बढ-चढकर हिस्सा लेगी : कमलेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि गौतम अडानी और उनके सहयोगियों पर अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा लगाये गये आरोप से भ्रष्टाचारी, धोखाधड़ी और छल की जालसाजी का पदार्फाश हुआ है। मणिपुर निरंतर हिंसा, गोलीबारी, कर्फ्यू और अराजकता के अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहा है। यहां के नागरिक अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे हैं। अडानी मुद्दे पर संसदीय चर्चा से बचना और मणिपुर मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकार की चुप्पी, एक चिंताजनक संकेत है। प्रधानमंत्री द्वारा अभी तक मणिपुर का दौरा नहीं करना भी हैरानी की बात है। इन मुद्दों पर देशव्यापी आंदोलन का आह्वान कांग्रेस द्वारा किया गया है। केशव महतो कमलेश प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सोमवार को मीडिया से बात कर रहे थे। इस मौके पर कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा के अलावा सतीश पॉल मुजनी, सोनाल शांति कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहू सहित अन्य उपस्थित थे। केशव महतो कमलेश ने कहा कि देशव्यापी आंदोलन के क्रम में शहीद स्थल



रांची से राजभवन तक राजभवन मार्च का आयोजन किया जायेगा। कांग्रेस के आगामी कार्यक्रमों की भी घोषणा करते कहा कि चुनावी समीक्षा तथा कार्यकताओं का आभार जताने हेतु 21 दिसंबर को आभार समागम का आयोजन किया गया है। महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित होने के 100 वर्ष पूर्ण होने पर 26 दिसंबर को प्रखंड से लेकर प्रदेश स्तर तक गांधीजी के विचारों को प्रचारित प्रसारित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

प्रदेश कार्यालय में गांधीजी से जुड़े तथ्यों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर 28 दिसंबर को कार्यक्रमों के आयोजन हेतु जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया गया है। राज भवन मार्च हेतु तैयारी लगभग पूर्ण हो गई है। गांधीजी के अध्यक्ष के कार्यकाल के शताब्दी समारोह के अवसर पर 27 दिसंबर को बेलगाम में रैली का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी सांसद, कार्य समिति सदस्य, प्रदेश अध्यक्ष, विधायक दल नेता एआईसीसी डेलीगेट शामिल होंगे। सीजीएल मुद्दे पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि हमारी सरकार छात्रों, युवाओं के लिए चिंतित रहती है। मुख्यमंत्री ने सीआईडी जांच के आदेश दे दिए हैं, छात्रों को ज्यादा उग्र होने की आवश्यकता नहीं है। सरकार उनको रोजगार देना चाहती है, ऐसी परिस्थितियों में वार्ता के माध्यम से सारी बातों को सुलझाया जा सकता है। सरकार रोजगार देने को कटिबद्ध है। मौके पर प्रदीप बालमुचू ने कहा कि इस परीक्षा के मामले में सरकार शुरू से संवेदनशील है। छात्रों को भविष्य की चिंता करनी चाहिए। सरकार पूरी संजीदगी से छात्रों, युवाओ के लिए फिक्रमंद है।

### परीक्षा में गडबड़ी की जांच करने में सीआईडी सक्षम: राजेश कच्छप

प्रदेश कांग्रेस विधायक दल उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि गठबंधन सरकार ने भाजपा के कुशासन में हुए कार्यों को पाटने का कार्य किया है। चाहे जेपीएससी का मामला हो, रोजगार का हो, भाजपा की सरकार ने कभी रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में काम नहीं किया। उन्होंने भाजपा को निशाने पर लेते कहा कि उसके शासन में जितनी भी नियुक्तियां हुई, सभी न्यायालय में लंबित नजर आती हैं। सभी विवाद में पड़े हैं। सीजीएल मामले में मुख्यमंत्री ने कहा है कि अगर कदाचार हुआ है तो प्रमाण भी देना चाहिए, सिर्फ अभियान नहीं चलाना चाहिए। सीआईडी जांच करने का फैसला सरकार के स्तर से लिया गया है। अभी हम विभिन्न क्षेत्रों के खाली पदों को भरने जा रहे हैं। छात्रों से अनुरोध है कि वे भाजपा के बहकावे में नहीं आएं। छात्रों, युवाओं का भविष्य इस सरकार में सुरक्षित है। सीबीआई जांच के मुद्दे पर राजेश कच्छप ने कहा कि हमें अपनी जांच एजेंसियों पर पूरा भरोसा है। एनएच जाम होने से रोकने के लिए छात्रों को हटाया गया। आंदोलन शांतिपूर्ण नहीं था, बल्कि छात्र बहकावे में उग्र हो रहे थे।

# सीजीएल के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्रों पर लाठी चार्ज की आजसू ने की निंदा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीजीएल परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ सोमवार को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के विरुद्ध रांची में घेराव करने आए छात्र अभ्यर्थियों पर पुलिस के द्वारा की गई लाठी चार्ज की आजसू निंदा करती है। आजसू शुरू से यह मांग रहा है की झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा सीजीएल परीक्षा सहित अब तक आयोजित हुए सभी परीक्षाओं का रिजल्ट का प्रकाशन फ्री एंड फेयर होनी चाहिए। लेकिन जिस हड़बड़ी में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग रिजल्ट का प्रकाशन कर रहा है। उससे कहीं न कहीं जाहिर होता है कि बड़े पैमाने पर धांधली हुई है। आजसू छात्रों के न्याय के सवाल पर उसके अधिकार के सवाल पर सड़क पर भी संघर्ष कर रहा सदन में भी संघर्ष कर रहा है और आने वाले समय में जरूरत पड़ा तो उच्च न्यायालय कभी दरवाजा खटखटाएगा ।

ओम वर्मा ने कहा कि सीजीएल परीक्षा को लेकर उच्च न्यायालय में सुनवाई चल रही है। विधानसभा में भी इस मुद्दे को उठाया गया था। मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग की गयी थी। हालांकि मुख्यमंत्री द्वारा सीआईडी से जांच करने का निर्देश जारी किया गया है। अभी किसी भी प्रकार की जांच रिपोर्ट आयी नहीं है। हाई कोर्ट में सुनवाई पूरा हुआ नहीं। इस बीच हड़बड़ी में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने सीजीएल परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया। इससे जाहिर होता है कि कर्मचारी चयन के अधिकारी पदाधिकारी सत्ता और सरकार में बैठे लोगों ने बड़े पैमाने पर धांधली की है। इसकी जांच सीआईडी से तो छोड़ दीजिए सीबीआई से होनी चाहिए।

दूसरी और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के सचिव यह भी बता रहे हैं कि हमने 86% आरक्षित वर्गों का रिजल्ट दिया है और 96% उसमें झारखंडी अभ्यर्थी है तो यह भी कहीं ना कहीं जांच के विषय है।

# पति की हत्या के जुर्म में पत्नी और प्रेमी को मिला उम्र कैद की सजा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या करने को लेकर दर्ज मामले में सुनवाई करते हुये अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने पत्नी सुगा देवी और उसके प्रेमी करम सिंह मुंडा को आजीवन कारावास की सजा दी है। साथ ही, दोनों को अदालत ने 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर दोनों को अलग से 18 माह की सजा भुगतनी होगी । हत्या की इस घटना को लेकर दोनों आरोपी पत्नी और प्रेमी अप्रैल 2018 से लगातार जेल में ही है। हत्या की यह घटना 17 अक्टूबर 2017 को श्रद्धानंद रोड स्थित बनवारी कंपलेक्स में घटी थी। मृतक श्यामचंद मुंडा और उसकी पत्नी सुगा देवी बनवारी परिसर में गार्ड के रूप में कार्यरत थे। दोनों ग्राउंड फ्लोर स्थित एक कमरे में रहते भी थे। घटना के दिन मृतक पति की पत्नी सुगा देवी ने कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराई थी। लेकिन, अनुसंधान के दौरान इस रहस्य का खुलासा हुआ कि पत्नी सुगा देवी और हमलावर करम सिंह मुंडा का अवैध संबंध था। घटना की रात्रि में वह खुद अपने मोबाइल से फोन करके हमलावर करम सिंह मुंडा को बुलाई और हत्या की घटना को अंजाम दी । कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान 12 गवाहो का बयान दर्ज कराया गया। इसके आधार पर कोर्ट ने दोनों पत्नी और प्रेमी को हत्या के जुर्म में दोषी पाकर आजीवन कारावास की सजा दी।

# सरकारी तालाब की बंदोबस्ती में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता : मंत्री

## शिल्पी नेहा तिर्की ने किया में मत्स्य निदेशालय केंद्र, मछली पार्क और धुर्वा स्थित मत्स्य अनुसंधान केंद्र का औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सरकारी तालाबों की बंदोबस्ती को पंचायत स्तर पर ही सीमित करने का निर्देश दिया है। अब संबंधित पंचायत के लोग ही इन तालाबों की नीलामी में भाग ले सकेंगे। दूसरे जिले के व्यक्तियों को इसमें हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस संबंध में जल्द ही एक नई नियमावली तैयार की जाएगी। मंत्री ने सोमवार को रांची में मत्स्य निदेशालय केंद्र, मछली पार्क और धुर्वा स्थित मत्स्य अनुसंधान केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अव्यवस्था और गंदगी देखकर मंत्री नाराज हुईं और दस दिनों के भीतर सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया।



**पंचायत स्तर पर रोजगार का अवसर :** मंत्री शिल्पी ने कहा कि पंचायत स्तर पर सरकारी तालाबों की बंदोबस्ती स्थानीय कॉपरेटिव सोसाइटी को दी जाएगी। इससे मछलीपालन के जरिए स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ा जाएगा। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कॉपरेटिव सोसाइटी के लिए आवश्यक 300 लोगों की अनिवार्यता में संशोधन किया जाए ताकि छोटे समूह भी इस प्रक्रिया में भाग ले सकें। राज्य में लगभग 12,580 सरकारी तालाब हैं, जिनमें से 1,000 तालाब रांची जिले में स्थित हैं। मंत्री ने जिलावार तालाबों का आंकड़ा भी मांगा है।

**मछलीपालन में महिला स्वयं सहायता समूह को जोड़ने पर जोर :** मंत्री ने बताया कि खरछढर से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूहों को मछलीपालन से जोड़ा जाएगा। रांची और हजारीबाग जिलों में महिला समूहों को इस योजना में प्राथमिकता दी जाएगी।प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को मछलीपालन में दक्ष बनाया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं।

**तालाबों की बंदोबस्ती में पारदर्शिता की आवश्यकता :** औचक निरीक्षण के दौरान मत्स्य निदेशालय केंद्र और अनुसंधान केंद्र में फैली गंदगी और कुव्यवस्था को देखते हुए मंत्री ने अधिकारियों को कार्यसंस्कृति सुधारने का निर्देश दिया। उन्होंने अनुपस्थित कर्मियों पर सख्ती बरतने की बात कही। इस साल 2,500 लाख मछली जीरा वितरण का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन अब तक सिर्फ 1,646 लाख जीरा का ही वितरण हो सका है। मंत्री ने इस लक्ष्य को पूरा करने और इसकी रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

**मछलीपालन को बनाया जाएगा मजबूत रोजगार का साधन :** धुर्वा स्थित मत्स्य अनुसंधान केंद्र में चल रहे प्रशिक्षण के दौरान मंत्री ने किसानों और महिलाओं से बातचीत की। उन्होंने मछलीपालन को एक मजबूत रोजगार का साधन बताते हुए इसे अपनाने की सलाह दी। झारखंड सरकार मछलीपालन को बढ़ावा देकर ग्रामीण स्तर पर रोजगार सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कृतसंकल्पित है

# नगर निगम तो बना दिया, यह नहीं सोचा कि कचरा डंप कहां होगा...


■ मानगो में कचरे की समस्या के लिए पूर्व मंत्री और सरकार जिम्मेदार : सरयू राय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक श्री सरयू राय ने कहा है कि मानगो नगर निगम में कचरा निष्पादन की समस्या झारखंड सरकार और झारखंड सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री की लापरवाही की देन है। सरकार ने मानगो को नगर निगम बना दिया, परंतु यहां के घरों से निकले वाला कचरा कहां डंप होगा, इसके बारे में कोई व्यवस्था नहीं दी। विगत 8 अप्रैल 2023 को पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त झारखंड सरकार का प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और मानगो नगर निगम ने एनजीटी के सामने शपथ पत्र दिया था कि यथाशीघ्र वे मानगो के कचरा डंपिंग स्थल का चयन कर लेंगे और सोनारी के कचरा डंपिंग स्थल पर कचरा गिराना बंद कर उसे सुंदर बनाएंगे। इसके लिए दो करोड़ रुपये के व्यय पर निविदा निकाली गई परंतु हुआ कुछ नहीं। झारखंड सरकार और झारखंड सरकार के पूर्ववर्ती स्वास्थ्य मंत्री एनजीटी के सामने शपथ पत्र दाखिल कर सोए रहे और मानगो नगर निगम की समस्या गंभीर होती गयी।

यहां जारी एक बयान में श्री राय ने कहा कि वह विगत दो दिनों से मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त के साथ वार्ता कर मानगो का कचरा डंपिंग के लिए वैकल्पिक स्थल चयन करने का प्रयास कर रहा हूं। आज इसके बारे में पूर्वी सिहभूम के उपायुक्त से भी विस्तृत चर्चा हुई। उपायुक्त ने बताया कि पहले जेएनएसी क्षेत्र का कचरा डंपिंग भी सोनारी में ही होता था परंतु अब यह टाटा स्टील के बारा कचरा प्लांट में डंप हो रहा है। जिस समय यह निर्णय हुआ कि जेएनएसी का कचरा टाटा स्टील के बारा कचरा डंपिंग साइट पर जाएगा, उसी समय यह भी निर्णय हुआ था कि मानगो नगर निगम का कचरा आदित्यपुर में उस स्थान पर गिराया जाएगा जहां कचरा निष्पादन संयंत्र की स्थापना की जा रही है। परंतु एक वर्ष से अधिक का वक्त बीत जाने के बाद भी इस निर्णय का क्रियान्वयन नहीं हुआ। मैंने उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम से कहा है कि वे सरायकेला के उपायुक्त से वार्ता करें ताकि आदित्यपुर के कचरा डंपिंग साइट पर मानगो नगर निगम का कचरा भी गिराया जाए। वह इससे सहमत हुए और कहा कि मैं इसकी व्यवस्था कराऊंगा। आश्चर्य है कि एक साल से अधिक का वक्त बीत जाने के बाद भी न तो झारखंड सरकार ने और ना ही मानगो क्षेत्र के तत्कालीन जनप्रतिनिधि ने इस दिशा में कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? श्री राय इस बात को लेकर भी चकित थे कि मानगो को नगर निगम घोषित हुए कई साल बीत गये परंतु मानगो का कचरा कहां निष्पादित होगा, इसकी सुध किसी ने नहीं ली।





गांधी मैदान स्थित मानगो नगर निगम का कार्यालय और जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय।

जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक ने कहा कि मानगो का कचरा डंपिंग स्थल चयन के बारे में उन्होंने तीन विकल्प पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को सुझाया। एक-मानगो के कचरा डंपिंग के लिए मानगो नगर निगम क्षेत्र से सटे हुए किसी स्थान का चयन किया जाए। दो-जेएनएसी की तरह मानगो नगर निगम का कचरा भी टाटा स्टील के बारा कचरा डंपिंग में गिराया जाए और तीन-मानगो का कचरा आदित्यपुर में ले जाया जाए जहां अंततः मानगो, जुगसलाई और आदित्यपुर के कचरा डंपिंग का निस्तार करने के लिए मशीन लगायी जा रही है। आश्चर्य तो यह है कि अभी तक मानगो नगर निगम में एक भी कंपैक्टर नहीं स्थापित किया गया है ताकि कचरा को दबा कर इसका आकार छोटा किया जा सके और 20-25 ट्रक कचरा को एक ट्रक के आकार का बना कर इसे आदित्यपुर या अन्यत्र ले जाया जाए। श्री राय ने मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त से कहा कि वे शीघ्र एक कंपैक्टर लगवायें।

सरयू राय ने कहा कि यह राज्य सरकार की जिम्मेवारी है कि मानगो को नगर निगम घोषित करने के बाद यहां का कचरा निष्पादन करने की व्यवस्था करे। झारखंड सरकार का नगर विकास विभाग इस बारे में लापरवाह है। यदि शीघ्र ही इस समस्या का समाधान सरकार और नगर निगम नहीं करते हैं, तो नगर निगम क्षेत्र की जनता सरकार के विरुद्ध खड़ा होगी।

## पोटका : भू-माफियाओं पर सीओ निकिता बाला का कहर

# कुलडीहा में सरकारी जमीन पर करायी गयी चहारदीवारी तोड़वाकर कराया अतिक्रमणमुक्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पोटका।** प्रखंड के कुल्डीहा में भू माफियाओं से सरकारी भूमि खरीद कर मकान या अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान बनाने वालों पर पोटका अंचल अधिकारी निकिता बाला ने कार्रवाई शुरू कर दी है। जिससे कुल्डीहा के करीब पचास से अधिक अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है। सोमवार को सीओ निकिता बाला ने कुल्डीहा के खाता संख्या 395, प्लॉट संख्या 418 में दो जगहों पर कुल साढ़े पांच डिसमिल रकवा पर कार्रवाई करते हुए चाहर दिवारी को जेसीबी के द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। इसके बाद उसपर सरकारी बोर्ड लगा दिया गया। पोटका अंचल कार्यालय में सरकारी जमीन पर बने दोनो घेराबंदी के बारे सुनवाई किया गया था। अवैध रूप से बने दोनों प्लॉट पर सुनवाई के लिए कोई दावेदार नहीं आया। अतः सीओ ने एक पक्षीय सुनवाई करते हुए सरकारी जमीन के रक्षार्थ अतिक्रमण को तोड़ने का आदेश पारित किया गया। जिसके फलस्वरूप यह कार्रवाई हुई। ज्ञात हो कि कुल्डीहा के खाता संख्या 395 के प्लॉट संख्या 213, 418, 434, 530 पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले जे पी एल ई के तहद 45 लोगो पर मामला दर्ज किया गया है। इन्हें अलग अलग तिथि में अंचल अधिकारी के कोर्ट में हाजिर होकर अपना पक्ष रखना है। संतुष्ट नहीं होने पर अंचल कोर्ट इन सभी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराएगी। आज कुल्डीहा में सीओ निकिता बाला, अंचल निरीक्षक शांति राम सारंगी, अंचल कर्मचारी संजय महतो, अमीन देवराज कईवर्त तथा पोटका थाना प्रभारी मौजूद थे।




सरकारी जमीन का बोर्ड लगाते सीओ ऑफिस के कर्मचारी और सरकारी जमीन पर खड़ी की गयी चहारदीवारी को तोड़वातीं पोटका सीओ निकिता बाला।

**जमशेदपुर में अंचल में सरकारी जमीन पर लूट को लेकर नींद में है प्रशासन :** जमशेदपुर। पोटका की सीओ निकिता बाला की सख्ती की चहुंओर सराहना हो रही है कि कुलडीहा में कई एकड़ सरकारी जमीन की खरीद-बिक्री करने वालों पर उन्होंने बुल्डोजर चलाया है। इसके उलट जमशेदपुर अंचल कार्यालय बिरसानगर,मनपीटा, हुरलुग आदि क्षेत्रों में सरकारी जमीन की खरीद-बिक्री को लेकर आंख बंद किए हुए है। जेएनएसी से लेकर पुलिस प्रशासन तक आंख बंद कर रखा है जिससे अवैध जमीन की छेका छेकी का धंधा खूब फल-फूल रहा है। सरकारी जमीन की घेराबंदी करने की सूचना जब जनता थाने से लेकर सीओ ऑफिस को देती है तो कहा जाता है कि आप लिखित शिकायत करें। यानी जमीन सरकार की और जनता करे रक्षा।

## एस एच मेमोरियल के समारोह को बन्ना गुप्ता ने किया संबोधित




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मानगो बगान शाही के एस एच मेमोरियल स्कूल मे खेलकूद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिस मे वर्ष 2019 -2024 मैट्रिक परीक्षा के टापरों को ट्राफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समारोह के झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और हसन इमाम मलिक ने अपने वक्तव्य मे बच्चों को शिक्षा के साथ अनुशासन पर विशेष ध्यान देने की नसीहत दी।

# एनआइटी जमशेदपुर में वैज्ञानिक कंप्यूटिंग लैब का भव्य उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एफआइएसटी योजना के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा वित्त पोषित वैज्ञानिक कंप्यूटिंग लैब का उद्घाटन आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआइटी) जमशेदपुर में किया गया। उद्घाटन समारोह में एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो. गौतम सूत्रधार और अन्य गणमान्य अतिथियों सहित सम्मानित अतिथियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में एनआईटी जमशेदपुर के उप निदेशक प्रो आरवी शर्मा भी मौजूद थे। स्वागत भाषण में डॉ राज नंदकेओलियार ने आज की दुनिया में वैज्ञानिक कंप्यूटिंग के महत्व पर जोर दिया और परियोजना के वित्त पोषण के लिए डीएसटी के प्रति आभार जताया।

प्रोफेसर गौतम सूत्रधर ने ऐसी प्रयोगशाला विकसित करने के लिए धन प्राप्त करने के लिए गणित विभाग को बधाई दी और वैज्ञानिक कंप्यूटिंग के महत्व पर जोर दिया। समारोह में गणित विभाग के संकाय सदस्य डॉ. रजत त्रिपाठी द्वारा दिया गया धन्यवाद ज्ञापन भी शामिल था।



लैब का उद्घाटन करते निदेशक डा गौतम सूत्रधार। साथ में डिप्टी डायरेक्टर रामविनय शर्मा व अन्य।

# हेमकुंड में मना विश्व ध्यान दिवस

■ हर पीरियड में दो मिनट का ध्यान प्रति दिन कराया जाता है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गोलमुरी स्थित हेमकुंड पब्लिक स्कूल में विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विशेष ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। इस ध्यान शिविर में बच्चो को विभिन्न प्रकार का ध्यान और प्रार्थना के कराया गया। ध्यान शिविर में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षाविद और विद्यालय के निदेशक श्री पारस नाथ मिश्र ने कहा कि ध्यान के निरंतर अभ्यास से लक्ष्य प्राप्ति आसान हो जाता है। ध्यान प्रकृति और ईश्वर से जुड़ने का सबसे अच्छा माध्यम है और इससे अच्छे संस्कार विकसित होता है। आज के युग में बच्चों चिड़चिड़ापन, पढ़ाई में ध्यान की कमी, अत्यंत चंचलता, लो मेमोरी दूर किया जा सकता है।



हेमकुंड पब्लिक स्कूल में प्रतिदिन एकाग्रता, दिमाग तीव्र करने और अच्छे संस्कार विकसित करने के लिए प्रतिदिन क्लास में पांच मिनट के लिए ध्यान अभ्यास कराया जाता है।

आज विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को ग्रेटीट्यूड प्रेयर, ड्रीम प्रेयर और श्वास पर केंद्रित ध्यान सीखना और अभ्यास कराया गया। विद्यालय के निदेशक के द्वारा बच्चों से प्रतिदिन घर में भी ध्यान करने का प्रॉमिस प्रेयर कराये गये।

## हुरलुंग में टुसु स्थापित कर एक मासिया टुसु परब का उचरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आज अगहन संक्रांति के दिन हुड़लुंग गांव में आदिवासी कुड़मी समाज, हुड़लुंग गांव महिला संयोजक समिति ने नंदिनी महतो के नेतृत्व में पारंपरिक रूप से टुसु थापना कर एकमासिआ टुसु परब का उचरन किया। मौके पर गांव की छोटी बच्चियों ने नियमतः मिट्टी के सारूआ (छोटा हांड़ी) में तीन गोबर ढुला, तीन गुंड़ी ढुला, धान, टुस व फुल देकर टुसु थापना किया। आकुस जिला पुर्वी सिंहभुम सह संयोजक प्रकाश महतो केटिआर ने बताया कि टुसु मुख्य रूप से धान रूपी अन्न महाशक्ति के सम्मान का प्राकृतिक परब है। आदिकाल से यह टुसु परब अगहन संक्रांति के दिन से टुसु थापना कर एक महीने तक पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है और पुस संक्रांति के दिन टुसु विदाई कर टुसू परब का समापन किया जाता है।



# भारत की पहली ऑल-वुमेन शिफ्ट की आयरन ओर माइन में शुरुआत

**टाटा स्टील ने रचा इतिहास** टाटा स्टील की वूमेन @ माइंस और तेजस्विनी पहल ने महिलाओं को खनन संचालन के सभी कार्यों में सशक्त बनाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने बाधाओं को तोड़ते हुए सोमवार से नोआमुंडी आयरन माइन में भारत की पहली ऑल-वुमेन शिफ्ट की शुरुआत कर एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। यह पहल कंपनी की समावेशी कार्यस्थल और पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान उद्योगों में महिलाओं को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इस ऑल-वुमेन शिफ्ट में खनन की सभी प्रमुख गतिविधियों के लिए महिलाओं को शामिल किया गया है, जिनमें हेवी अर्थ मूविंग मशीनरी (एचईएमएम) संचालन, शोवल, लोडर, ड्रिल, डोजर ऑपरेशन और शिफ्ट सुपर विजन जैसी जिम्मेदारियां शामिल हैं।




कार्यक्रम को संबोधित करते वाइस प्रेसिडेंट डीबी सुंदरामम।

इस ऐतिहासिक पहल की शुरुआत श्याम सुंदर प्रसाद, डिप्टी डायरेक्टर जनरल, माइंस सेफ्टी, दक्षिण-पूर्व क्षेत्र, रांची, झारखंड ने हरी झंडी दिखाकर की। यह कदम न केवल समतामूलक कार्यस्थल को बढ़ावा देता है, बल्कि महिलाओं को खनन उद्योग में नेतृत्वकारी भूमिकाएं निभाने के लिए प्रोत्साहित करने का एक नया अध्याय भी है।

श्री प्रसाद ने प्रगतिशील कार्यस्थल के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि 2019 में खनन क्षेत्र में महिलाओं को सभी शिफ्ट्स में कार्य करने की अनुमति देने का डीजीएमएस का फैसला एक महत्वपूर्ण और सही दिशा में उठाया गया कदम था। उन्होंने टाटा स्टील की इस पहल की सराहना की, जो एक जिम्मेदार कॉरपोरेट के रूप में ऐसी पहल में नेतृत्व कर रही है।

मौके पर राकेश रमेश्वर मिश्रा, डायरेक्टर, माइंस सेफ्टी, चाईबासा, और सुधीर आर, डिप्टी डायरेक्टर, माइंस सेफ्टी, चाईबासा भी उपस्थित थे।

डी बी सुंदरा रामम, वाइस प्रेसिडेंट, रॉ मटेरियल, टाटा स्टील ने कहा, यह ऑल-वुमेन शिफ्ट न केवल टाटा स्टील के लिए, बल्कि भारतीय खनन उद्योग के लिए भी एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

## स्पीड न्यूज

### छात्रों पर पुलिस कार्रवाई निंदनीय : धर्मेंद्र तिवारी



**जमशेदपुर।** भारतीय जनतांत्रिक मोर्चा (अब जदयू में विलय) के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा आयोजित सीजीएल परीक्षा में अनियमितताओं और पारदर्शिता की कमी के खिलाफ छात्रों का आंदोलन पूरी तरह से न्यायसंगत है। परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर जब छात्र आयोग कार्यालय की ओर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने जा रहे थे, तब पुलिस द्वारा की गयी बर्बर कार्रवाई और लाठीचार्ज बेहद निंदनीय और अस्वीकार्य है। श्री तिवारी ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इस घटना में कई छात्र घायल हो गये हैं, जो यह दर्शाता है कि प्रशासन युवाओं की आवाज को दबाने का प्रयास कर रहा है। युवाओं का भविष्य दांव पर लगा हुआ है, और इसके लिए जिम्मेदार जेएसएससी को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

### ऑपरेशन के बाद की गयी रोगियों की विदाई



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय ने द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से आयोजित 750वां नेत्र शिविर नेत्र रोगियों के विदाई के साथ संपन्न कराया। टाटा स्टील समूह की कंपनी टाटा पिगमेंट्स लिमिटेड के सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के तहत आयोजित नेत्र शिविर के तीसरे एवं अंतिम दिन ऑपरेशन कराये हुए नेत्र रोगियों के आंखों की पट्टी खोलकर जांच डॉ बीपी सिंह एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम ने किया, जिसके पश्चात नेत्र रोगियों को चश्मा एवं दवा समाजसेवी एवं रोटरी क्लब फेमिना की अध्यक्ष सारिका सिंह ने रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदान किया, जिसके पश्चात सभी नेत्र रोगी को उपहार प्रदान कर विदा किया गया।

### छात्रों पर लाठी चार्ज असहनीय : डॉ पवन



**जमशेदपुर।** एनसीपी के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता डॉ पवन पांडेय ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिख कहा है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ली गयी सीजीएल परिक्षा में गड़बड़ी को लेकर प्रस्तावित प्रदर्शन को लेकर आयोग कार्यालय के आसपास का क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील था। इसी बीच विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे छात्रों ने पुलिस ने समझाने के बजाय लाठीचार्ज कर दिया जिसमें कई आंदोलनकारी घायल हो गये। यह पुलिस के द्वारा झारखंड के उज्ज्वल भविष्य के साथ किया गया बर्बरतापूर्ण व्यावहार झारखंड के इतिहास में काले अक्षरों में दर्ज होगा। देश के भविष्य पर लाठीचार्ज एक शर्मनाक कदम है।

### वीरों की शौर्य की गाथा है 1971 का युद्ध: परिषद



**जमशेदपुर।** हे मातृभूमि, तेरे खातिर मेरा सारा जीवन है अर्पण...। उपर्युक्त बात संगठन के वरिष्ठ सदस्य एवं 1971 के युद्धवीर हवलदार सत्येंद्र सिंह ने अपने संबोधन में शुक्रवार को विजय दिवस की संध्या पर संगठन द्वारा शहीद स्थल, गोलमुरी में आयोजित कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम का शुभारंभ 1971 के युद्धवीरों द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई,जहां वीर शहीद अमर रहे एवं भारत माता की जय के नारों के साथ वातावरण गुंजायमान रहा इसके बाद संगठन के सदस्यों द्वारा संगठन गीत प्रस्तुत किया गया।

## एक नजर में

### टाटा स्टील हॉर्स राइडिंग ट्रेनिंग सेंटर के कैडेट्स ने गाजियाबाद चैंपियनशिप में जीते तीन पदक

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील हॉर्स राइडिंग ट्रेनिंग सेंटर के कैडेट्स ने गाजियाबाद में आयोजित द पेंटा ग्रांड 2024 इंटर-स्टेट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर ग्रुप श्रेणी में एक स्वर्ण पदक और चिल्ड्रन ग्रुप श्रेणी में दो रजत पदक जीते। यह कार्यक्रम 7 से 15 दिसंबर तक आयोजित हुआ, जिसमें 9 राज्यों के राइडर्स ने विभिन्न आयु श्रेणियों में अपनी सहभागिता दिखायी। कैडेट्स ने कोच दुष्यंत कुमार के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता में भाग लिया। माज जफर (11) ने चिल्ड्रन ग्रुप श्रेणी में दो रजत पदक हासिल किये। कृशिव गुप्ता (14) ने जूनियर ग्रुप श्रेणी में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

### मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है : काले



**जमशेदपुर।** हर हर महादेव सेवा संघ के तत्वावधान में सोमवार को अमरप्रीत सिंह काले ने सुभाष आश्रम, सर्वोदय आश्रम, राजेंद्र आश्रम, सरदार पटेल आश्रम, कस्तूरबा आश्रम (ए), कस्तूरबा आश्रम (बी), विवेकानंद आश्रम, शास्त्री आश्रम, प्रेम आश्रम, गांधी आश्रम, देवनगर, बाराद्वारी, भक्तिनगर, बर्मामाइंस सहित अन्य कई स्थानों पर जरुरतमंदों के बीच कंबल सेवा की। संघ के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि यह सेवा कार्य कड़ाके की सर्दी में जरुरतमंद बुजुर्गों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से किया जाता है। कार्यक्रम में महालक्ष्मी देवी, हीरा देवी, कपूरा सूंडी, रुफमनी देवी, राजू सिन्हा, मनु ढोके, रामा राव, अनील महतो, श्याम गोप, ओलेख, टूना, राजेश, महावीर, मोहन, मनोज राय, एन आर राव, राजेश सहित अन्य स्थानीय सदस्यों ने इस नेक कार्य में अपना योगदान दिया।

### गोविंदपुर खासमहल सड़क और गोविंदपुर जलापूर्ति योजना पर डीसी से मिले विधायक



**जमशेदपुर।** गोविंदपुर खास महल मुख्य सड़क निर्माण में आ रही अड़चन एवं गोविंदपुर जलापूर्ति योजना के अनियमित को लेकर आज विधायक मंगल कालिंदी उपायुक्त से मिले। इसमें बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता आनंद कौशिक,पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार,पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक सहाय,संवेदक लड्डू मंगोटिया, स्थानीय जिला परिषद डॉ परितोष सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में सड़क निर्माण में आ रहे अड़चनों को दूर करने को लेकर चर्चा हुई। जिसमें उपायुक्त महोदय ने पेयजल विभाग,पथ निर्माण विभाग एवं विद्युत विभाग के कार्यपालिका अभियंता को जॉइंट सर्वे कर जल्द से जल्द सभी अड़चनों को दूर करने का निर्देश दिया ताकि सड़क का कार्य जल्द से जल्द शुरू हो सके साथ ही साथ सरजंदा में पिछले 6 दिनों से बंद जलापूर्ति एवं गोविंदपुर जलापूर्ति योजना की अनियमितता को जल्द से जल्द दूर करने का दिशा निर्देश उपयुक्त महोदय ने दिया।

### श्रीराम ऑटो मोबाइल्स का त्रिदंडी स्वामी सुंदर राज ने किया उद्घाटन



**गम्हरिया।** श्री राम ऑटोमोबाइल्स हिंदुस्तान पेट्रोलियम का पेट्रोल पंप डीवीसी मोड़ के समीप शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश के बनारस से आए संतसिरोमणि जगद्गुरु रामानुजाचार्य तपोनिष्ठ त्रिड़ंडी स्वामी सुंदर राज जी महाराज ने किया। बताया गया कि तारा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर गम्हरिया से जमशेदपुर जाने के क्रम कोई पंप न होने से वाहन चालकों को काफी परेशानी होती थी। चिरप्रतिक्षित सुविधा से आम जनमानस को अब काफी सुविधा होगी। मौके पर मैनेजर हिंदुस्तान पेट्रोलियम के एरिया सेल्स प्रबंधक आकाश त्रिपाठी, अधिकृत डीलर डॉ सुधीर सिंह, सुमन कुमारी, संत कुमार पाण्डेय, उदय चौधरी, अंजन सिंह, चंद्र प्रकाश, जग नारायण राय, निखिल कुमार सिंह, नरेंद्र शर्मा, एएल यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### पोटका सीएचसी में स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण



**पोटका।** पोटका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में डीडीएम दिलीप कुमार के द्वारा सभी CHO, ANM आदि को एच एम आई एस, अनमोल तथा एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में जिला डाटा प्रबंधन के द्वारा स्वास्थ्य संबंधित कार्यों का मासिक प्रतिवेदन को ल्टक्र के प्रपत्र में कैसे भरना है इसके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई ,साथ ही T4 एप्लीकेशन की जानकारी प्रभार प्रखंड डाटा प्रबंधक धर्मपाल मंडल ने दिया। प्रशिक्षण में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रजनी महाकुंड, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अनामिका सिंह ,प्रखंड लेखा प्रबंधक मनोज कुमार, धर्मपाल मंडल, मनीष पात्र समेत सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### कार्य में अनियमितता का विरोध, हंगामा



**विश्रामपुर (पलामू)।** नप मुख्यालय के राजकीय +2 जनता उवि व रामवि की चहारदीवारी निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसमें प्राक्कलन की अनदेखी कर घोर अनियमितता बरती जा रही है। घटिया कार्य देख लोग भड़क गये। लोगों ने सोमवार को कार्यस्थल पर जाकर हंगामा कर कार्य रोक दिया। कहा कि जब तक गुणवत्ता में सुधार नहीं होगा, तब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं होने देंगे। निवर्तमान पार्षद सुनील चौधरी ने कहा कि विभागीय अधिकारियों से इसकी लिखित शिकायत भी की जायेगी। मौके पर विजय महाजन, नदीम अंसारी, राजेश मार्शल, संतोष चौधरी, मुकेश चौधरी, शिव सोनी, दिलीप चंद्रवंशी थे।

### विश्रामपुर को अनुमंडल बनवाने की मांग



**विश्रामपुर (पलामू)।** नई सरकार गठन के साथ ही विश्रामपुर को अनुमंडल बनाने की मांग तेज हो गयी है। राजद नेता नईमुद्दीन अंसारी के नेतृत्व में सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल राजद प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक संजय सिंह यादव से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने पहले उन्हें बुके देक बधाई दी व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने श्री यादव को बिश्रामपुर की जनभावनाओं से अवगत कराते हुए अनुमंडल बनवाने की मांग की। कहा कि बिश्रामपुर अनुमंडल बनने का सारा अहर्ता पूरी करता है। मौके पर उस्मान अंसारी, मो अनीस अंसारी, इस्तेखार अंसारी, जलालुद्दीन सिद्दीकी, असगर अंसारी सहित कई लोग शामिल थे।

### डीडीसी ने लिया तैयारी का जायजा



**पाटन पलामू।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर के कार्यक्रम को लेकर पलामू डीडीसी सबीर अहमद ने पाटन प्रखंड कार्यालय का जायजा लिया। मालूम हो कि मंत्री का एक दिवसीय कार्यक्रम पाटन प्रखंड परिसर में होना है। जिसे लेकर पाटन बीडीओ अमित झा ने तैयारी कर रखी है। तैयारी को लेकर डीडीसी ने प्रखंड परिसर का मुआयना किया। वे तैयारी से संतुष्ट नजर आये। मौके पर प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ, सीओ राकेश श्रीवास्तव, शक्तिशंकर गुप्ता व सभी प्रखंड-अंचल कर्मी थे।

### मंत्री के कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने पर डीएसओ व डीसीओ को स्पष्टीकरण

**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त शशि रंजन के द्वारा जिला सहकारिता पदाधिकारी उमेश कुमार सिंहा एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु को स्पष्टीकरण किया गया है। यह स्पष्टीकरण राधाकृष्ण किशोर, मंत्री, वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास, संसदीय कार्य विभाग के कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने के कारण किया गया है।

**यह है पूरा मामला :** खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के तहत जिले के सभी पैक्सों में 15 दिसंबर से धान खरीदी करनी थी। इसके शुभारंभ कार्यक्रम में सांसद, विधायक व स्थानीय जनप्रतिनिधि को आमंत्रित किया गया था। इसी क्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सभी बीडीओ व सीओ को पत्र भी लिखा था लेकिन 15 को मंत्री पाटन के किशुनपुर पैक्स कार्यक्रम में पहुंचे तब जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू व जिला सहकारिता पदाधिकारी उमेश कुमार सिन्हा अनुपस्थित रहे, जिसके कारण कार्यक्रम में कठिनाई हुई। इसपर मंत्री के तरफ से अप्रसन्नता जाहिर की थी।

### ₹2400 प्रति क्विंटल धान की खरीदारी



**पांकी (शिवशंकर पासवान)।** प्रखंड के नूरु व ताल में सोमवार की दोपहर प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, जिप प्रतिनिधि मुकेश सिंह चंदेल, शिव साव, ताल मुखिया अनीता लोहरा, पंसस मिथलेश यादव, चांदनी देवी, उपमुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र वर्मा, सुरेंद्र सिंह, सुनील चौधरी ने उद्घाटन किया। प्रमुख ने कहा कि सही समय धान अधिप्राप्ति केंद्र खुलने से किसानों को विशेष लाभ होगा। 16 से 18 दिसंबर तक प्रखंड कार्यालय के विशेष कैंप में निबंधन भी होगा, जहां 2400 रुपये प्रति क्विंटल धान की खरीदारी होगी। मौके पर पंसस दासु सिंह, वार्ड सदस्य सोहन राम, उदय राम, उपमुखिया शिव शंकर यादव, चंदन प्रसाद, बिहारी यादव, पैक्स सदस्य नारायण यादव, प्रसाद भुइयां, विंदेश्वरी यादव, ऑपरेटर प्रवीण कुमार, शिव प्रसाद गुप्ता थे।

### जांच अभियान में दर्जनों बाइक जब्त



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने शहर के कचहरी चौक पर सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों के चालकों के कागजात की जांच की गयी। कुछ चालक बगैर हेलमेट, बिना लाइसेंस और कुछ ट्रिपल लोड थे। 12 दोपहिया वाहनों को पकड़ कर शहर थाना परिसर में रखा गया है।

### क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता 20 को

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन 20 दिसंबर को पलामू जिला स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता करायेगा। यह प्रतियोगिता जीएलए कॉलेज एथलेटिक्स स्टेडियम में प्रातः 10:30 बजे से शुरू होगी। प्रतियोगिता 4 वर्गों में होगी। जिसमें भाग लेने के लिए एएफआई में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी खिलाड़ियों को अपने साथ उम्र प्रमाण पत्र प्रूफ और आधार कार्ड अवश्य लायेंगे।

### धरना में पहुंचे विधायक आलोक चौरसिया



**मेदिनीनगर।** झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन एवं झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ ने पलामू जिलाध्यक्ष रामाकांत दुबे की अध्यक्षता एवं केंद्रीय संगठन सचिव राकेश सिंह के नेतृत्व में पांचवें दिन पलामू जिले में बेमियादी धरना उपायुक्त कार्यालय पलामू के समक्ष जारी रहा। साथ ही आज तीसरे दिन बेमियादी हड़ताल एवं चक्का जाम जारी रहा परंतु जिला प्रशासन के द्वारा कोई भी ठोस पहल इस तरह के की ठंड में लगातार रातों दिन चल रहे आंदोलन में शामिल ऑटो चालकों को किसी भी प्रकार का सुध नहीं लिया गया जो जिला प्रशासन की तानाशाही रवैया मनमानी एवं दमनकारी नीति दर्शाती है।

# शहर के विकास में फंड कभी बाधक नहीं होगा : वित्त मंत्री

## टेंपो चालन के लिए व्यावहारिक निर्णय ले प्रशासन : अरुणा शंकर

■ मणिपुर में जातीय हिंसा को लेकर आइएनडीआइए महा गठबंधन का धरना-प्रदर्शन, निकाला जुलूस





खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर के आवास पर झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने चेंबर सदस्यों के साथ एक बैठक की। जिसमें मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने मंत्री को बुके देकर स्वागत किया। साथ ही कृष्णा अग्रवाल ने चेंबर की ओर से शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रथम महापौर ने वित्त मंत्री से शहर में रुके कार्यों में खासमहाल लीज, कोयल नदी को बांधना, चैनपुर शाहपुर हेतु दूसरा पुल का निर्माण जल्द शुरू करना, को-ऑपरेटिव मोड़ पर चैनपुर शाहपुर जाने के लिए मिनी फ्लाई ओवर तथा शहर को एक सुंदर बस टर्मिनल निर्माण प्राथमिकता में कराने का अनुरोध किया। इस पर मंत्री ने 15 जनवरी के आसपास पुनः एक बैठक कर कार्य करने का आश्वस्त किया। उन्होंने मंत्री को टेंपो चालकों के स्ट्राइक से हो रही समस्या बतायी। कहा कि प्रशासन ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले सभी टेंपो को शहर से बाहर 4 किलोमीटर पूर्व अपने सवारी को उतारने का निर्देश दिया है जो व्यावहारिक नहीं है।

# सांसद ने लोकसभा में झारखंड में जनजातीय पर्यटन और एथनीक टूरिज्म को बढ़ावा देने का मामला उठाया

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में प्रश्न काल के दौरान पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार से झारखंड राज्य में जनजातीय पर्यटन एवं एथनीक टूरिज्म को बढ़ावा देने से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को पूछा। सांसद श्री राम ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने की प्राथमिक जवाबदेही राज्य सरकारों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की है तथापि केंद्र सरकार द्वारा स्वदेश दर्शन एवं प्रसाद योजनाओं के अंतर्गत उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। सांसद ने पर्यटन मंत्री से जानना चाहा कि 30.44 करोड़ की राशि झारखंड राज्य को स्वदेश दर्शन योजनाओं के अंतर्गत इको सर्किट विकसित करने के लिए आवंटित की गयी थी, क्या वह राशि पूरी तरह से उपयोग में लायी गयी। यदि पूरी तरह से उपयोग में नहीं लायी गयी तो क्या कदम उठाये गये या उठाये जा रहे है ताकि इस तरह की राशि का पूर्ण उपयोग हो और कम उपयोग के क्या कारण है और कठिनाइयां क्या है। केन्द्र सरकार के द्वारा 1000 होमस्टे स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत पर्यटन क्षमता वाले गांवों में विकसित करने की पहल की गयी है। ऐसे प्रस्तावित 1000 होमस्टे में झारखंड राज्य के लिए कितने प्रस्तावित है और उसके लिए कितनी धनराशि आवंटित की गयी है। यदि ऐसा नहीं किया गया है तो उसके कारण क्या है? उपरोक्त प्रश्नों का जवाब देते हुए मंत्री पर्यटन, भारत सरकार ने कहा कि पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार अपने निरंतर किए जा रहे प्रयासों के हिस्से के रूप में संवर्धनात्मक कार्यक्रमों, मेलों और महत्सवों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों की सहायता, प्रदर्शनियों में भागीदारी, बेबसाइटों, सोशल मीडिया आदि पर प्रचार सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से झारखंड राज्य में जनजातीय और एथनिक पर्यटन के साथ-साथ देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन करता है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के हिस्से के रूप में पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के तहत जनजातीय होमस्टे विकसित करने की पहल को भी मंजूरी दी है। उक्त पहल में नए निर्माण के लिए प्रति इकाई 5.00 लाख रूपए, नवीकरण के लिए 3.00 लाख रुपए और ग्राम समुदाय की आवश्यकताओं के लिए 5.00 लाख रुपए की सहायता सहित 1000 होमस्टे का विकास शामिल है। उक्त जानकारी सांसद श्री राम के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

कुशवाहा समाज ने किया पांकी विधायक डॉ शशिभूषण का अभिनंदन, बोले

# कुशवाहा समाज की चट्टानी एकता ने पांकी नहीं राज्य में बनायी पहचान

खबर मन्त्र संवाददाता



विधायक को सम्मानित करते कुशवाहा समाज के लोग।

**नीलांबर पीतांबरपुर।** सोमवार को अटल स्मृति भवन में कुशवाहा समाज ने अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। जिसमें पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता का गर्मजोशी से स्वागत किया। संचालन अजय मेहता ने किया। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि पांकी विस क्षेत्र के कुशवाहा समाज के लोगों जिस चट्टानी एकता का परिचय देकर पांकी सहित झारखंड में देकर जो पहचान दिलायी है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। कहा कि समाज के सभी लोगों को वह दिल से आभार व्यक्त करते हैं। कुछ तथाकथित लोग समाज में जो भ्रम फैला रहे हैं उनका मंसूबा कभी सफल नहीं होगा। दूसरे जिलों से पांकी विस क्षेत्र के कुशवाहा समाज को तोड़ने की साजिश की जा रही थी लेकिन यहां के लोगों ने उन्हें करारा जवाब दिया है। विधायक ने कहा कि ताकतवर की ही सभी जगह पूजा होती है यदि आप एकजुट होकर लोगों को अपनी ताकत का एहसास करायेंगे तभी आपको आपका हक अधिकार मिल सकता है। उन्होंने समाज के लोगों को अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि कुशवाहा समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है उसे और बढ़ाने की जरूरत है। मौके पर जिलाध्यक्ष सुनील कुशवाहा, मुखिया संघ अध्यक्ष मंदीप मेहता, प्रकाश मेहता, प्रतिनिधि निर्मल मेहता, राजकमल वर्मा, विरेंद्र मेहता, लक्ष्मण कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा, मुखिया विगन मेहता, अंगद मेहता, बालुमाथ पूर्वी जिला परिषद प्रियंका देवी, संतोष वर्मा, धर्मेंद्र मेहता, बजरंगी मेहता, दिलीप मेहता, प्रतिमा देवी, गुड्डू मेहता उपस्थित थे।

पुलिस मेंस एसोसिएशन से विधायक आलोक चौरसिया से किया मुलकात

# शहीद परिवार के लोगों के लिए गेस्ट हाउस बनाने की मांग की

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस मेंस एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को विधायक आलोक चौरसिया से शाहपुर उनके आवास पर मिला। मौके पर पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील सिन्हा, सचिव लालू उरांव, कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे, उपाध्यक्ष जयप्रकाश पुरी, केंद्रीय सदस्य मो इसराइल, प्रदेश संयुक्त सहायक महामंत्री लालेश्वर राम ने विधायक को बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुशील सिन्हा ने शहीद पुलिस जवान के परिवार की समस्याओं से विधायक को अवगत कराया।





विद्यालय को सम्मानित करते पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदधारी।

**खास बातें :** उन्होंने विधायक को बताया कि हर वर्ष पलामू जिला में शहीद दिवस मनाया जाता है। इस दौरान शहीद दिवस पर शहीद के बूढ़े माता-पिता व परिजन मेदिनीनगर पुलिस लाइन पहुंचते हैं। जिनको रहने की उचित व्यवस्था नहीं मिल पाती है। शहीद के परिजन दिन भर इधर-उधर भटकते रहते हैं। उन्होंने विधायक आलोक चौरसिया से कहा कि पुलिस लाइन में विधायक फंड से एक गेस्ट हाउस का निर्माण और पानी की व्यवस्था कराया जाये। उनके बातों को ध्यान पूर्वक सुनकर विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि जैसे ही विधायक फंड की राशि आयेगी। इन दोनों बातों को ध्यान में रखकर दोनों कार्यो को कराया जायेगा। ताकि आने वाले समय में शहीद पुलिस जवानों के परिजनों को मुश्किलों का सामना न करना पड़े।

# ब्रेन हेमरेज से समाजसेवी कुंजबिहारी मेहता की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

■ मृतक के परिजनों से मिले वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, जताया शोक



**पाटन पलामू।** सहदेवा के समाजसेवी कुंजबिहारी मेहता की मौत ब्रेन हेमरेज से हो गयी। इसकी जानकारी मिलने पर झारखंड सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सहदेवा जाकर उनके परिजनों से मिले। कहा कि स्व मेहता की मौत केवल समाज ही नहीं बल्कि पाटन प्रखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके सामाजिक कार्यों समेत सामूहिक समारोह में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते थे। मंत्री ने दुख व्यक्त करते हुए गहरी शोक संवेदना प्रकट की। मंत्री ने अपने काफिले के साथ गहर पथरा के राजद नेता मिथलेश सिंह की माता की आकस्मिक मौत पर उनके घर जाकर शोक संवेदना प्रकट की। मौके पर युवा नेता प्रशांत किशोर, अरुण सिंह, झामुमो नेता उमा शंकर सिंह, ऋषि उपाध्याय डीकु सिंह, दया सिंह, राजकमल तिवारी, शिव प्रसाद मेहता, धनवंत चौधरी भी उपस्थित थे।

# मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने युवाओं को दूसरों के लिए सोचने व काम करने पर दिया जोर

■ डालटनगंज धर्मप्रांत के युवाओं ने मंत्री शिल्पी के साथ की क्रिसमस गैदरिंग



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के पैरिस हॉल में क्रिसमस गैदरिंग मना। इसमें 23 पैरिशों से 600 युवा शामिल हुए। मुख्य अतिथि झारखंड सरकार की कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और मनिका विधायक रामचंद्र सिंह थे। युवाओं ने कृषि मंत्री के साथ क्रिसमस गैदरिंग की। मौके पर डालटनगंज धर्मप्रांत के बिशप श्रद्धेय थियोडोर मस्कारेनहास एस एफ एक्स ने पवित्र मिस्सा अर्पित किया और युवाओं को याद दिलाया कि यीशु हमारे बीच और हमारे दिलों में पैदा हुए हैं। समारोह की शुरुआत युवाओं ने स्वागत नृत्य के साथ किया, जिन्होंने अतिथियों और बिशप को पैरिस हॉल तक पहुंचाया। फादर सुमन निरंजन मिंज ने सभा का स्वागत किया, जिसके बाद बिशप मस्कारे नहास ने चरनी का आशीष दिया। विधायक ने लक्ष्यों को पाने में प्रेम के महत्व पर जोर दिया, जबकि मंत्री ने युवाओं को दूसरों के लिए सोचने और काम करने पर जोर दिया।

### शीतलहर की चपेट में पलामू, ठंड और ठिठुरन बढ़ी

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला इन दिनों शीतलहर की चपेट में है। एक सप्ताह से पलामू सहित कई जिलों में ठंड व ठिठुरन काफी बढ़ गयी है। ऐसे में शाम होते ही लोग घर में दुबक जा रहे हैं। इससे कई बच्चों व बुजुर्गों ठंड लगने से प्रभावित हैं। जिला प्रशासन ने अभी तक कोई राहत की व्यवस्था नहीं की है। बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय भारती ने नगर पंचायत हुसैनाबाद के प्रशासकीय अधिकारी को सोमवार एक ज्ञापन देकर शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर अलाव की मांग की है। नगर प्रशासन व अधिकारी अभी तक बेपरवाह हैं।

### राष्ट्रीय युवा महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



**मेदिनीनगर।** जिला खेल कार्यालय, एनएसएस व नेहरु युवा केंद्र की पलामू यूनिट ने जिला स्कूल मैदान में जिला स्तरीय युवा उत्सव मनाया। इसके तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसके पूर्व डीडीसी शब्बीर अहमद, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू व जिला खेल पदाधिकारी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिला स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सामूहिक लोक नृत्य, एकल लोक नृत्य, सामूहिक लोक गीत, एकल लोकल गीत, कविता लेखन, कहानी लेखन, फोटोग्राफी आदि सहित अन्य प्रकार के कार्यक्रम कराया गया। इसमें पलामू जिले के स्कूल, कॉलेज से बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। मौके पर जिला खेल कार्यालय के सिकंदर, एनएसएस कोऑर्डिनेटर भी थे।

# नये सत्र से एसोसिएशन में विद्यालय को जोड़ने पर जोर देने की जरूरत : अध्यक्ष

फोटो 16 डाल 15 व 16 बॉटम के ऊपर

■ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन पाटन इकाई की बैठक आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन (पलामू)।** प्राइवेट स्कूल एसोशिएशन पाटन ईकाई की अध्यक्ष विरेन्द्र प्रसाद सह निदेशक होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल नावा जयपुर की अध्यक्षता में बैठक होटल क्राउन प्लाजा मेदिनीनगर में सम्पन्न हुई। जिसमें नये सत्र से संबंधित विषयों पर विचार विमर्श किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि सभी सदस्य विद्यालय नये सत्र में विना नो ड्यूज के नामांकन नहीं लेंगे। जिला एसोशिएशन द्वारा कपड़ा वितरण कार्यक्रम 22 दिसंबर को करना है । इस विषय पर चर्चा करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि सभी सदस्य विद्यालय अनुपयोगी कपड़े 20 दिसंबर तक पाटन ईकाई के कार्यालय





### नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चैनपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के भड़गावां पंचायत के चट्टीपार गांव निवासी धर्मेंद्र साव की पत्नी रिंकी (20) ने रविवार को दोपहर करीब 3 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की खबर चैनपुर पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही चैनपुर पुलिस अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंची व शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एम एम सी एच अस्पताल मदनीनगर भेज दिया।

# पांकी : सात दिवसीय हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ की पूर्णाहूति आज होगी

खबर मन्त्र संवाददाता

■ हनुमत यज्ञ में प्रदेश प्रवक्ता लवली हुई शामिल

■ हनुमान सारे संकटों को हरने वाले हैं : लवली गुप्ता



**पांकी पलामू।** प्रखंड के तेतराई पंचायत के सरौना में 7 दिवसीय हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह श्री मारूति नंदन महायज्ञ रविवार को भक्तिपूर्वक संपन्न हुआ। यज्ञ के अंतिम दिन देव पूजन, पूर्णाहूति, महाआरती, नगर भ्रमण एवं भंडारा किया गया। कथा वाचक बनारस की मानस गंगा प्रियंका पांडे, बक्सर से रोहित शास्त्री, प्रयाग से रामलीला की झांकी प्रस्तुत की गयी। साथ ही अयोध्या के यज्ञाचार्य धर्मेंद्र पांडे व रविंद्र पांडे व सहयोगी पंडितों ने यज्ञ संपन्न कराया। अंतिम दिन भंडारा में प्रसाद लेने लोगों की भीड़ उमड़ी। यज्ञ की पूर्णाहूति के बाद यज्ञ परिसर में रविंद्र पांडे रविवार के अंतिम दिन हनुमान चालीसा और सुंदरकांड में वर्णित दोहे और चौपाइयों की महिमा का वर्णन किया।

### ग्रासिम इंडस्ट्रीज केमिकल डिविजन रेहला को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार



**बिश्रामपुर पलामू।** ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड केमिकल डिविजन रेहला को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अवार्ड में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के तत्वाधान में बी ई ई (ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी) के द्वारा संचालित राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अवार्ड कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष 14 दिसंबर को ऊर्जा संरक्षण दिवस पर विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित किया जाता है। इस बार ग्रासिम, रेहला इकाई को क्लोर अल्कली के क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। विज्ञान भवन में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यह पुरस्कार ग्रासिम क्लोर अल्कली के सीईओ मयंक शर्मा और ग्रासिम, रेहला के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी को दिया। कार्यक्रम में ग्रासिम, रेहला के पावर प्लांट प्रमुख दीपक शर्मा और एनर्जी मैनेजर सूरज पांडे भी शामिल थे। विदित हो कि इस पुरस्कार हेतु सभी औद्योगिक कैटेगरी एवं सेक्टर में कुल मिलाकर 752 औद्योगिक इकाइयों के आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें क्लोर अल्कली के क्षेत्र में ग्रासिम, रेहला ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया है।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में मातृ-सम्मेलन सह बाल मेला का आयोजन

# परिवार एक ऐसी कड़ी है जो बेहतर भविष्य का निर्माता है : रंजना भारती

खबर मन्त्र संवाददाता





**हुसैनाबाद पलामू।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,जपला में मातृ सम्मेलन सह बाल मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हुसैनाबाद, स्कूली बीपीएम रंजना भारती, कन्या मध्य विद्यालय, हुसैनाबाद के प्रधानाध्यापिका नीलम पाण्डेय, संरक्षक दिनेश जी कश्यप, अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र चंदेल, सचिव राकेश तिवारी, सतीश सिंह, संजीव गुप्ता, रत्ना वर्मा, बबीता देवी, प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने संयुक्त रुप से भारत माता एवं मां सरस्वती तथा अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन, पुष्पार्चन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया।

**खास बातें :** मुख्य अतिथि रंजना भारती ने कहा कि बच्चे राष्ट्र के धरोहर हैं। बच्चों को संस्कारी सिर्फ मातृशक्ति ही बना सकती हैं। परिवार एक ऐसी कड़ी है जो भविष्य का निर्माता है। आज के समाज में सभी माताओं को जागरूक होने की जरूरत है। प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने कहा कि भैया-बहनों के शैक्षणिक विकास में माता की भूमिका विशेष होती है। उनके सहयोग के बिना शारीरिक, मानसिक, नैतिक एवं शैक्षिक विकास नही हो सकता। मातृ सम्मेलन में समय, स्वच्छता,अनुशासन, भोजन, गृह कार्य पुस्तकों का रखरखाव, न्यू टेक्नोलॉजी आदि चर्चा हुई। संचालन हर्षदा उपाध्याय ने किया। मातृ - सम्मेलन में 275 माताएं एवं बहनें उपस्थित रहीं। विद्यालय के सचिव राकेश तिवारी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण हेतु शिवाजी, महाराणा प्रताप, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई जैसे राष्ट्रीय सपूतों का जन्म भारत की गोद में ही संभव हो सकता है। मातृशक्ति को विश्वास दिलाया कि विद्यालय की सुविधाओं का विस्तार एवं प्रबंधन शिशु को केंद्र मानकर किया जाता है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार शिक्षण पर पूर्व से ही बल दिया जा रहा है।

# शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में संस्कार का विकास आवश्यक : अक्षय चौहान

■ समता स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव, पूजा पाठ और हवन भी किया गया



हवण के दौरान उपस्थित लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद के शिवशक्ति नगर स्थित समता स्कूल में बड़े हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया गया। स्कूल प्रांगण में प्रधानाचार्य डॉ अक्षय कुमार चौहान ने अपनी धर्मपत्नी शीला चौहान के साथ सैकड़ों छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में पूजा पाठ एवं हवन यज्ञ किया। पूजा पाठ का कार्यक्रम गायत्री परिवार के आचार्य अशोक जी एवं बी एन शर्मा जी के द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सह निर्देशक डॉ अक्षय चौहान ने कहा कि हुसैनाबाद में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रसार करना ही हमारे विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है।साथ ही उन्होंने कहा बच्चों में बुनियादी शिक्षा के साथ बुनियादी संस्कार डेवलपमेंट करना जरूरी हैं। मौके पर विद्यालय के शिक्षक संतोष मिश्रा, विनोद चौधरी, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु सिंह, विनोद सिंह, अनुज सिंह, राहुल चौहान, दशरथ कुमार, कार्तिक कुमार, रिमझिम देवी, प्रियंका देवी, उमम जहरा, प्रियंका देवी, राहुल गुप्ता, सुभाष कुमार, शकुंतला देवी, बबिता देवी, सारिका कुमारी, गार्ड नंदू प्रजापति, अनूप पांडे आदि उपस्थित थे।

# डिब्बाबंद खाना और सेहत

डिब्बाबंद खाने की मुहिम चलाने वाले पश्चिमी देशों को भी अब अहसास हो चला है कि डिब्बाबंद खाने से समय से पहले बुढ़ापा दस्तक देने लगता है। खानपान की पश्चिमी संस्कृति के वाहक इटली में हुए एक शोध ने विकसित देशों को भी नींद से जगाया है। दरअसल, इटली के इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोलॉजी के एक हालिया शोध ने फिक्र बढ़ाने वाला निष्कर्ष दिया है । वैज्ञानिकों ने बताया है कि इसके सेवन से हमारे शरीर की कोशिकाएं और ऊतक समय से पहले वृद्ध होने लगते हैं। यदि कोई व्यक्ति बहुत ज्यादा ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करता है तो बुढ़ापा जल्दी आएगा। अधिक मात्रा में जंक फूड व प्रसंस्कृत भोजन का उपभोग करने वाले लोगों की जैविक उम्र अधिक दर्ज की गई। वैज्ञानिकों का दावा है कि हमारे खाने में शामिल प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ के मुक्त कण अन्य स्वस्थ अणुओं के विरुद्ध प्रतिक्रिया देते हैं। ये न केवल डीएनए व आरएनए बल्कि प्रोटीन को भी नुकसान पहुंचाते हैं। जिससे समय से पहले ही शरीर की कोशिकाएं मरने लगती हैं। अंततः शरीर समय से पहले बूढ़ा होने लगता है। वहीं आशंका जतायी जा रही है कि रासायनिक पदार्थों द्वारा संरक्षित डिब्बाबंद खाना हमारे शरीर में सूजन भी पैदा कर सकता है। इतना ही नहीं कालांतर व्यक्ति मोटापा, हृदय रोग, दूसरी श्रेणी के मधुमेह व गठिया जैसे रोगों का भी शिकार हो सकता है। दरअसल, खाद्य पदार्थों का बाजार चलाने वाली कंपनियों की कोशिश होती है कि खाने को देर तक संरक्षित किया जाए। खाद्यान्न को प्रसंस्कृत करने के लिये सुरक्षित रखने वाले रासायनिक पदार्थों व सोडियम का भरपूर इस्तेमाल किया जाता है। अधिक मात्रा में चीनी तथा शरीर के लिये नुकसानदायक रसायन, वसा व कार्बोहाईड्रेट भी खाने को देर तक चलने लायक बनाने के लिये इस्तेमाल किए जाते हैं। हमारी सेहत से खिलवाड़ ही करते हैं।

## कार्टून वर्ल्ड






**मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9**

**वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9**

**मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8**

**कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9**

**सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9**

**कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9**

**तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9**

**वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8**

**धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9**

**मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8**

**कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7**

**मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9**

# भारतीय ग्राहक जागरूकता माने बदलते दौर की कहानी



**भारत,** विविध संस्कृतियों और परंपराओं का देश, अपने ग्राहकों की जागरूकता के मामले में एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। डिजिटल क्रांति, शिक्षा में सुधार और वैश्वीकरण के प्रभाव ने भारतीय उपभोक्ताओं की सोच, प्राथमिकताओं और खरीदारी के तरीकों को पूरी तरह बदल दिया है।

**हर वर्ष 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाते हैं ।**

जब हम ग्राहक के हितों की रक्षा की चिंता करते हैं तो कहीं ना कहीं हम मानव हित की भी बात कर रहे होते हैं । यह समय एक बहुत बड़े परिवर्तन के साथ हमारे सामने से गुजर रहा है और ऐसे बदलते हुए वैश्विक परिदृश्य में बाजार की जो स्थिति और परिस्थिति है वह भी बदल रही है । ऐसे में ग्राहकों के हित की चिंता करना सामाजिक न्याय और समतामूलक समाज के लिए अपरिहार्य है। ग्राहक और व्यवसायी के बीच स्वस्थ और मधुर संबंध का होना एक स्वस्थ सामाजिक परंपरा है जो आजकल बहुत कम ही देखने को मिलता है।

भारत में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए 1986 में भारतीय संसद द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 को मंजूरी दी गई थी। इसके पश्चात

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 में सीसीपीए की स्थापना का प्रावधान किया गया जो उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करने के साथ साथ उनको बढ़ावा देगा और लागू करेगा। यह प्राधिकरण अनुचित व्यापार प्रथाओं, भ्रामक विज्ञापनों और उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित मामलों को भी देखेगा।

24 दिसंबर के विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस को मनाने का उद्देश्य भी यही है कि हम अपने ग्राहकों को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति सजग करें, जागरूक बनाएं ।बाजार में जो आए दिन ग्राहक जमाखोरी हो रही है, कालाबाजारी है , मिलावटी चीजों का वितरण है, अशुद्ध भोजन पदार्थ है , एम आर पी से अधिक दाम वसूलना है , बिना किसी मुहर के चीजों की बिक्री है, ठगी हो रही है , नापतोल में भी अनियमितता है और गारंटी के बाद भी एक अच्छी सेवा नहीं मिल पा रही है। इन सारी समस्याओं से समाज का आर्थिक तानाबाना खोखला हो रहा है।

**ग्राहक जागरूकता का महत्व-**

ग्राहक जागरूकता का मतलब है कि उपभोक्ता को अपने अधिकारों, कर्तव्यों और उपलब्ध विकल्पों के बारे में पूरी जानकारी हो। जागरूक ग्राहक अपनी जरूरतों और इच्छाओं के अनुसार सही निर्णय लेने में सक्षम होता है।

भारत में ग्राहक जागरूकता की स्थिति

**1. डिजिटलीकरण का प्रभाव:**



**-आर अजय**

> उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 में सीसीपीए की स्थापना का प्रावधान किया गया जो उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करने के साथ साथ उनको बढ़ावा देगा और लागू करेगा। यह प्राधिकरण अनुचित व्यापार प्रथाओं, भ्रामक विज्ञापनों और उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित मामलों को भी देखेगा।

ऑनलाइन शॉपिंग और डिजिटल भुगतान ने ग्राहकों को उत्पादों की कीमत, गुणवत्ता और उपलब्धता की तुलना करने की क्षमता दी है। फ्लिपकार्ट, अमेजन, और मीशो जैसे प्लेटफॉर्म्स ने उपभोक्ताओं को बेहतर विकल्प उपलब्ध कराए हैं।

**2. शिक्षा और जागरूकता अभियान:**

सरकार और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान, जैसे 'जागो ग्राहक जागो', ने ग्राहकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में शिक्षित किया है।

**3. सतर्कता और गुणवत्ता की मांग :**

भारतीय ग्राहक अब केवल सस्ते उत्पादों को प्राथमिकता नहीं देते। वे गुणवत्ता, ब्रांड की प्रतिष्ठा और उत्पाद की पारदर्शिता पर अधिक ध्यान देते हैं।

**4. पर्यावरण और नैतिक उपभोक्ता :**

शहरी और शिक्षित ग्राहकों के बीच पर्यावरण-अनुकूल और नैतिक उत्पादों की मांग बढ़ी है। जैसे, बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग और क्रूरता-मुक्त उत्पादों की ओर रुझान।

**चुनौतियां और अवसर**

**1. ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी :**ग्रामीण भारत में अभी भी शिक्षा की कमी और डिजिटल पहुंच के अभाव के कारण जागरूकता का स्तर कम है।

**2. भ्रामक विज्ञापन और फर्जी उत्पाद :**

भारतीय बाजार में नकली उत्पाद और भ्रामक विज्ञापन एक बड़ी समस्या है। हालांकि, ग्राहकों की बढ़ती सतर्कता ने इस मुद्दे को चुनौती दी है।

**3. नए ब्रांड्स के लिए अवसर :**

भारतीय ग्राहक अब नए और स्थानीय ब्रांड्स को भी स्वीकार कर रहे हैं, यदि वे गुणवत्ता और नवाचार प्रदान करते हैं।

**ग्राहक जागरूकता बढ़ाने के उपाय**

**1. शिक्षा और प्रशिक्षण** :

ग्राहकों को उनके अधिकार, जैसे उत्पाद की गारंटी, वापसी नीति और शिकायत निवारण तंत्र के बारे में शिक्षित करना।

**2. डिजिटल साक्षरता :**

ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने और सही जानकारी तक पहुंचने के लिए डिजिटल जागरूकता अभियान।

3. स्थानीय भाषा में सामग्री :

ग्राहकों तक बेहतर पहुंच के लिए जागरूकता सामग्री को क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराना।

**भारतीय ग्राहक जागरूकता का निष्कर्ष**

**भारतीय ग्राहक जागरूकताः बदलते दौर की कहानी**

भारत, विविध संस्कृतियों और परंपराओं का देश, अपने ग्राहकों की जागरूकता के मामले में एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। डिजिटल क्रांति, शिक्षा में सुधार और वैश्वीकरण के प्रभाव ने भारतीय उपभोक्ताओं की सोच, प्राथमिकताओं और खरीदारी के तरीकों को पूरी तरह बदल दिया है।

यह समय एक बहुत बड़े परिवर्तन के साथ हमारे सामने से गुजर रहा है और ऐसे बदलते हुए वैश्विक परिदृश्य में बाजार की जो स्थिति और परिस्थिति है वह भी बदल रही है । ऐसे में ग्राहकों के हित की चिंता करना सामाजिक न्याय और समतामूलक समाज के लिए अपरिहार्य है। भारत में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए 1986 में भारतीय संसद द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 को मंजूरी दी गई थी। इसके पश्चात

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 में उउढअ की स्थापना का प्रावधान किया गया जो उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करने के साथ साथ उनको बढ़ावा देगा और लागू करेगा। यह प्राधिकरण अनुचित व्यापार प्रथाओं, भ्रामक विज्ञापनों और उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित मामलों को भी देखेगा।

हम अपने ग्राहकों को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति सजग करें, जागरूक बनाएं ।बाजार में जो आए दिन ग्राहक जमाखोरी हो रही है, कालाबाजारी है , मिलावटी चीजों का वितरण है, अशुद्ध भोजन पदार्थ है , एम आर पी से अधिक दाम वसूलना है , बिना किसी मुहर के चीजों की बिक्री है, ठगी हो रही है , नापतोल में भी अनियमितता है और गारंटी के बाद भी एक अच्छी सेवा नहीं मिल पा रही है। इन सारी समस्याओं से समाज का आर्थिक तानाबाना खोखला हो रहा है।

(अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, झारखण्ड सह-सचिव फाउंडर ऑफ डिजाइन पाठशाला और नवा बिहान)

## लेटर टू एडिटर

### न्याय की तार्किकता

**सत्तारूढ़** बीजेपी सरकारों द्वारा गंभीर अपराधों, अनधिकृत कब्जों के खिलाफ पीला पंजा इस्तेमाल कर मकानों को गिराने की नीति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिशा-निर्देश जारी करने पर चर्चा करने वाला था। अपराध साबित होने से पहले किसी का मकान गिराना उसके पूरे परिवार से अन्याय है, अगर बाद में व्यक्ति बेकसूर साबित हो जाए तो इसकी क्षतिपूर्ति कौन करेगा। कई बार देखा गया है कि बुलडोजर की कार्रवाई समाज के एक वर्ग विशेष के लोगों के खिलाफ ही की जाती है। बुलडोजरी न्याय पर प्रतिबंध, जनहित में न्याय संगत तथा काबिलेतारीफ है।

**-अनिल कौशिक, रांची**

### गरिमापूर्ण जीवन

**सुप्रीम** कोर्ट का आदेश जेलों में जाति के आधार पर काम के बंटवारे में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य है। यह अंग्रेजी शासन की बर्बरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-ईश्वर गर्ग, हजारीबाग**

## ट्वीट

**महान** तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन जी के निधन का समाचार बेहद दुखद है।

उनका जाना संगीत जगत के लिए बड़ी क्षति है। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। उस्ताद जाकिर हुसैन जी अपनी कला की ऐसी विरासत छोड़ गए हैं, जो हमेशा हमारी यादों में जीवित रहेगी।

**- राहुल गांधी, सांसद**

**जेएमएम** के केंद्रीय महासचिव, पार्टी के वरिष्ठ नेता और झारखण्ड आंदोलन के अग्रणी योद्धा और हमारे अभिभावक आदरणीय विजय सिंह के निधन की खबर हमारे लिए गहरी पीड़ा और अपूरणीय क्षति लेकर आई है। **- कल्पना मुर्मू सोरेन, विधायक**

# उस्ताद जाकिर हुसैन : थम गई तबले की थाप

**डॉ. नुपूर निखिल देशकर**

**संगीत** संसार में तबले को एक नया आयाम देने और अपनी कला से भारत को विश्वपटल पर पहचान दिलाने वाले तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन अब इस संसार में नहीं रहें। उनकी अद्वितीय प्रतिभा और साधना ने तबले को एक नई पहचान दिलाई। जाकिर हुसैन ने तबला वादन की कला अपने पिता और गुरु उस्ताद अल्ला रक्खा से सीखी। अल्ला रक्खा स्वयं भारतीय शास्त्रीय संगीत के महान तबला वादकों में से एक थे। जाकिर ने इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए इसे वैश्विक मंच तक पहुंचाया। जाकिर हुसैन का संगीत तकनीकी दक्षता का एक उत्कृष्ट प्रदर्शन था।

जाकिर हुसैन ने शास्त्रीय संगीत के साथ-साथ फ्यूजन म्यूज़िक और वर्ल्ड म्यूज़िक में भी तबले को स्थापित किया। ₹शक्ति₹ जैसे बैंड के साथ उन्होंने भारतीय और पाश्चात्य संगीत के अद्भुत संयोजन किए। उनकी उंगलियों की थाप से तबले पर उभरने वाली ध्वनियां संगीत प्रेमियों के दिलों में एक अमिट छाप छोड़ती थीं।

भारत सरकार ने जाकिर हुसैन को 1988 में पद्मश्री, 2002 में पद्म भूषण, और 2023 में पद्म विभूषण से अलंकृत किया। वर्ष 1990 में संगीत नाटक अकादमी ने सम्मानित किया। वर्ष 1999 में यूनाइटेड स्टेट्स नेशनल एंडॉमेंट फॉर द आर्ट्स की नेशनल हेरिटेज फेलोशिप से सम्मानित किया गया था। यही नहीं इन्होंने ने अपने जीवन में कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रदर्शन किया। ग्रैमी अवॉर्ड्स सहित उन्होंने अनगिनत पुरस्कार जीते। उनका योगदान भारतीय संगीत को वैश्विक पहचान दिलाने में अमूल्य रहा। चाहे वह पंडित रविशंकर के साथ हो या जॉन मैकलॉघलिन जैसे अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के साथ, जाकिर हुसैन ने हर बार अपनी प्रतिभा को नये रूप में स्थापित किया।

नौ मार्च 1951 को महान तबला वादक अल्लाह रखा के घर में जन्में

## श्रद्धांजलि




जाकिर हुसैन को उनके पिता अल्ला रक्खा खान ने बचपन से ही ताल से बांध दिया इसलिए थोड़ा बड़े होते ही इन्होंने घर के बर्तनों को बचाना प्रारंभ कर दिया था। मात्र 3 वर्ष की आयु से ही जाकिर के पिता उन्हें पखावज पढ़ाने लगे थे। इसके बाद उन्होंने 11 वर्ष की आयु में अमेरिका में अपना पहला कॉन्सर्ट किया था। जाकिर हुसैन 12 वर्ष के थे तब वह अपने पिता उस्ताद अल्ला रक्खा खान के साथ एक म्यूजिक कॉन्सर्ट में इंदौर में पहुंचे। वहां मंच पर प्रख्यात संगीतज्ञ पं. ओंकारनाथ ठाकुर ने उन्हें तबला बजाते हुए देखा। उनकी प्रस्तुति समाप्त होते ही पंडित जी ने आशीर्वाद स्वरूप जेब से पांच रुपये का नोट निकालकर उन्हें दिया और पूछा.......बेटा, मेरे साथ बजाओगे? और बस यहीं से जाकिर हुसैन के ताल का सफर शुरू हुआ और वह एक दिन उस्ताद जाकिर हुसैन बन गये।

जाकिर हुसैन ने 'इन कस्टडी', 'द मिस्टिक मस्सेर', 'हीट एंड डस्ट' आदि जैसी कई फिल्मों के लिए संगीत तैयार किया है। मलयालम फिल्म 'वानप्रस्थम' के लिए उनकी रचना, जिसे प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित किया गया था, ने उन्हें विश्व स्तर पर ख्याति दिलाई। कुछ अन्य फिल्में जिनके लिए उन्होंने संगीत स्कोर पर काम किया है, उनमें 'एपोकैलिप्स नाउ', 'लिटिल बुद्धा', 'साज', मिसेज अय्यर' और 'वन डॉलर करी', 'मिस्टर' आदि सम्मिलित हैं। वर्ष 1998 में आई फिल्म साज में दस गाने थे। इसका संगीत जाकिर हुसैन, भूपेन्द्र हजारिका, राजकमल और यशवंत देव ने मिलकर दिया था। इसके दो गीत इस प्रकार हैः-

क्या तुमने है कह दिया - कविता कृष्णमूर्ति (जाकिर हुसैन) द्वारा गाया गया

फिर भोर भयी - देवकी पंडित (जाकिर हुसैन) द्वारा गाया गया

जाकिर हुसैन ने स्वयं को फिल्मों के लिए तबला बजाने तक ही सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्होंने भारतीय संगीत में नये प्रयोग किए। उनके फिल्म संगीत में योगदान ने तबले और भारतीय शास्त्रीय संगीत को एक नई ऊंचाई दी। दिनांक 15 दिसंबर 2024 को जाकिर हुसैन ने इस संसार को अलविदा कह दिया। उनका निधन भारतीय और विश्व संगीत के लिए एक अपूरणीय क्षति है लेकिन उनकी कला और धुनें हमेशा जीवित रहेंगी। उनकी थापों में छिपी कहानी और उनकी ध्वनियों में बहता संगीत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा।

# दुनिया में 60 करोड़ लोग दूषित पदार्थ से बीमार हो रहें हैं

**- बृजमोहन ओझा**

**भारतीय** खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने ईट राइट इंडिया अभियान के माध्यम से सभी भारतीयों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और पोषक भोजन सुनिश्चित करने के लिए देश की खाद्य प्रणाली को बदलने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास शुरू किया है। खाने-पीने के शौकीन अथवा महानगरों में नौकरी आदि के चलते कम मूल्य लागत वाला भोजन तलाशने वाले भारतीयों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि स्वाद एवं सस्ते के चक्कर में न पड़कर स्वच्छता मानकों एवं साफ-सफाई को अपनी सेहत के दृष्टिगत स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन को अपनी प्राथमिकता में रखें।

भारत में बढ़ती आबादी के कारण और मांग एवं आपूर्ति में अंतर के चलते प्रायः खाद्य वस्तुओं की किल्लत और दामों में बढ़ोत्तरी होती ही रहती है और इसी किल्लत का फायदा जमाखोरों की टोलियां उठाने से नहीं चूकती हैं, तो वहीं घटिया एवं मिलावटी चीजें बेचने वालों की पौ-बारह हो जाती है। भारत में इन दोनों तिरुमला तिरुपति देवस्थानम द्वारा श्रद्धालुओं को दिए जाने वाले लड्डुओं को मिलावटी देसी घी से बनाने से भक्तों की धार्मिक आस्था आहत होने का मुद्दा चर्चा में है। देवस्थानम को देसी घी की आपूर्तिकर्ता कंपनी एआर डेयरी फूड प्राइवेट लिमिटेड से खाद्य नियामक ने पूछा है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियमन 2011 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए उसका केंद्रीय लाइसेंस निलंबित क्यों न कर दिया जाए?

आज भारत में मिलावट का कारोबार उस स्तर को पार कर चुका है जहां खाद्य उत्पादों में सस्ते और घटिया पदार्थ मिलाकर बेईमान व्यापारी व विक्रेता सामान की मात्रा को बढ़ा देते हैं और भारतीयों की जान की कीमत पर भारी मुनाफा कमाते हैं। ऐसा अनुमान है कि 60 करोड़ लोग अर्थात विश्व में लगभग 10 में से 1 व्यक्ति हर वर्ष दूषित भोजन खाने के कारण बीमार पड़ते हैं तथा 420000 लोग मरते हैं।

भारत में दूध और डेयरी उत्पाद, वसा और तेल, फल और सब्जियां, अनाज, कॉफी, चाय, शहद और मसाले सहित लगभग हर खाद्य सामग्री में मिलावट का प्रतिशत अत्यधिक बढ़ गया है और स्वच्छता मानकों की बुरी तरह से अनदेखी हो रही है। इतना ही नहीं, भारत

## समस्या

के कई क्षेत्रों से ऐसे भी वीडियो की सोशल मीडिया में भरमार है जिसमें समोसे, चाट, ब्रेड, कुल्फी, प्लास्टिक के चावल और गुलाब जामुन से भरी कड़ाही में पेशाब करते युवक और गोलगप्पे वाले जलजीरा पानी से ही हाथ मुंह धोने, गंदे हाथ व पैरों से आलू और आटा गूंथने जैसे कृत्यों द्वारा गंदगी से परिपूर्ण खाद्य सामग्री आम लोगों को परोसी जा रही है। ऐसे कृत्य न केवल निंदनीय हैं अपितु दोषी लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग भी करते हैं।

सवाल उठता है कि आखिर ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों को तत्काल जेल की सलाखों के पीछे क्यों नहीं डाला जाता है? विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी या रासायनिक पदार्थों से युक्त असुरक्षित भोजन 200 से अधिक बीमारियों का कारण बनता है जिसमें डायरिया से लेकर कैंसर तक शामिल हैं। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में असुरक्षित भोजन के कारण चिकित्सा व्यय में हर साल 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन के महानिदेशक डा. कू डोंग्यू के अनुसार, ह्यहमें अपने भोजन की पहचान, गुणवत्ता और सुरक्षा पर एक आम समझ की जरूरत है। लेकिन भारत में दूध में पानी मिलाने, नकली दूध, घी में केमिकल, दाल में सिंथेटिक रंग और वैक्स कोटिंग, सब्जियों में हॉर्मोन के इंजेक्शन तथा सिंथेटिक रंग, हर्बल उत्पादों में एलोपैथिक दवाइयां तथा केमिकल्स, सौंदर्य प्रसाधनों में और देसी घी बनाने में पशुओं की चर्बी होने की जानकारी किसी से छुपी हुई नहीं है। खाद्य अपमिश्रण से आखों की रोशनी जाना, हृदय संबंधित रोग, लीवर खराब होना, कुष्ठ रोग, आहार तंत्र के रोग, पक्षाघात व कैंसर जैसे असाध्य रोग हो सकते हैं।

मिलावटी और बासी खाद्य पदार्थों से निपटने के लिए केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से 37 लाख रुपे की मोबाइल फूड सेफ्टी वैन भी मिली है।

खाद्य अपमिश्रण के परीक्षण के लिए मैसूर, पुणे, गाजियाबाद एवं कोलकाता में भारत सरकार द्वारा चार केन्द्रीय प्रयोगशालाएं व्यवस्थित रूप से स्थापित की गई हैं। खाद्य अपमिश्रण एवं रेहड़ी फड़ी वालों द्वारा लोगों को गंदा और घटिया खाने-पीने की वस्तुएं बेचने से आगाह करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा ईट राइट इंडिया मूवमेंट की पहल की गई है।

ईट राइट मूवमेंट अभियान तीन प्रमुख विषयों पर आधारित है- सुरक्षित खाएं, व्यक्तिगत और आसपास की स्वच्छता सुनिश्चित करें, स्वस्थ खाएं, आहार विविधता और संतुलित आहार को बढ़ावा दें एवं स्थानीय और मौसमी सब्जियों/भोजन को बढ़ावा दें, भोजन के नुकसान को रोकें।

खाने-पीने के शौकीन अथवा महानगरों में नौकरी आदि के चलते कम मूल्य लागत वाला भोजन तलाशने वाले भारतीयों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि स्वाद एवं सस्ते के चक्कर में न पड़कर स्वच्छता मानकों एवं साफ-सफाई को अपनी सेहत के दृष्टिगत स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन को अपनी प्राथमिकता में रखें। केवल अतिरिक्त सतर्कता और जागरूकता का पालन करने से ही हम अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित बना सकते हैं और अपमिश्रित एवं गंदी खाद्य सामग्री बेचने वालों के कुत्सित इरादों को परास्त कर सकते हैं।

स्पीड न्यूज

## केवि भुरकुंडा का एलुमनी मीट 22 को



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा का एलुमनी मीट 22 दिसंबर को होगा। इसकी तैयारी को ले रविवार को रिवर साईड भुरकुंडा स्थित स्कूल प्रांगण में पूर्ववर्ती विद्यार्थियों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता संजय खंडेलवाल व संचालन भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जिबू ने किया। बैठक में मिलन समारोह की तैयारियों पर चर्चा हुई। बताया गया कि मिलन समारोह में पूरे देश भर से केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा के सैकड़ों पूर्ववर्ती विद्यार्थी जुटेंगे। साथ ही समारोह में स्कूल के कई शिक्षक भी शामिल होंगे। जिनके मार्गदर्शन में इसे यादगार बनाया जाएगा। बताया गया कि 22 दिसंबर को सुबह 9 बजे सभी स्कूल परिसर में जुटेंगे। यहां शिक्षकगण समारोह का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद स्कूल के तर्ज पर एसेंबली होगी। तत्पश्चात आर्शीवचन व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सभी सामूहिक भोज का आनंद उठाएंगे। बैठक में सत्येंद्र पांडेय, महेंद्र सिंह, संतोष अरिपन्न, रामकैलाश शर्मा, के राजू, अजय मित्रा, संजय कुमार रवि, दीपक मिश्रा, सुदीप चौधरी, कुंवर रणजीत सिंह, शांतनू सिन्हा, नीतीश सिंह, दुर्गेशनंदन तिवारी, संतोष शर्मा, श्यामबाबू साह, कुंदन पासवान, मुन्ना, अशोक, जितेंद्र साव आदि मौजूद थे।

## विधायक ने किया भक्ति जागरण का उद्घाटन



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के बड़कीपोना पंचायत अंतर्गत पोना पर्वत धाम (बघलता) में गीता जयंती के अवसर पर पांच दिवसीय श्री गीता ज्ञान यज्ञ के समापन के अवसर पर रात्रि में भक्ति जागरण का उद्घाटन विधायक ममता देवी एवं बजरंग महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। विधायक ने कहा कि भव्य देवी जागरण का आयोजन बहुत बड़ी बात है। यहां के लोग भक्ति भावना से पूरी तरह ओत प्रोत हैं। धार्मिक आयोजन से लोगों में धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है। इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से मानसिक विकार दूर होता है। भक्ति जागरण का शुभारंभ गणेश वंदना से किया गया। वहीं देर रात तक गायकों द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए गए। जबकि श्याम जागरण बोकारो के कलाकारों द्वारा भव्य झांकियों को देखकर भक्त मंत्रमुग्ध हो गए।

## देवरिया में कांग्रेस का वनभोज संपन्न




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** देवरिया पंचायत भवन के प्रांगण में रविवार को कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं का मिलन समारोह सह वनभोज हुआ। इसकी अध्यक्षता संजीव साहू एवं संचालन देवानंद प्रसाद ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अंबा प्रसाद उपस्थित हुईं। इस दौरान लोगों ने अंबा प्रसाद को बुके देकर एवं फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जन चौपाल का भी आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों की समस्या सुनी गई। मौके पर पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को सूचीबद्ध करके समाधान कराया जायेगा। इस दौरान संगठन की मजबुती आदि मुद्दों पर पर चर्चा की गई। तत्पश्चात वनभोज का आयोजन हुआ। जिसमें अंबा प्रसाद सहित उपस्थित लोगों ने सामुहिक रूप से लिट्टी-चोखा का आनंद उठाया। मौके पर संजीव साहू, राज किशोर पांडेय, देवानंद प्रसाद, बालेश्वर बेदिया, अंजु देवी, संजय शर्मा, शशि श्रीवास्तव, मदन दांगी, रामशरण गिरी, रंजीता करमाली, बारीक अंसारी, कुलेश्वर महतो, शिबू महतो, मंटू कुमार बेदिया, शिव नारायण यादव, नरेश बेदिया, अमर बेदिया, इमरान अंसारी, बलदेव राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## भागवत कथा में उमड़ी भक्तों की भीड़



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा सयाल मोड़ स्थित माता शीतला मंदिर प्रांगण में बुधवार से चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के छठे दिन सोमवार को आरती के साथ कथा वाचन की शुरूआत हुई। जिसमें कथा वाचक पुरोहित पंडित रामकुमार पाठक ने श्रद्धालुओं को श्री कृष्णा की रास लीला की कथा एवं कंश के वध की कथा का सार बताया। जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति विभोर के साथ कथा का श्रवण किया। तत्पश्चात महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ छठे दिन की कथा का समापन किया गया। बताया गया कि प्रतिदिन 3 बजे से शाम 5 बजे तक आगामी 17 दिसंबर तक श्री भागवत कथा का प्रवचन किया जायेगा। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में किशोर यादव, भोला सिंह, पिंटू लाल, अशोक सिंह, अजय यादव, मुन्ना यादव, भीम सिंह, मीणा देवी, रीना देवी, उत्तम सिन्हा, मोहन कुमार, मंगलम, गणेश श्रीवास्तव, नान्हू यादव, राजन नायक सहित दर्जनों श्रद्धालु जुटे हैं।

## कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक



**कुजू।** सोमवार को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन कुजू क्षेत्रीय समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान 31 दिसंबर से पूर्व कुजू क्षेत्र की सभी परियोजनाओं की समिति भंग कर 31 जनवरी से पूर्व नई समिति गठन कर उसी दिन परियोजना स्तर पर सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। परियोजना स्तर पर 21 दिसंबर तक सदस्यता राशि व रसीद क्षेत्रीय अध्यक्ष-सचिव के पास जमा करने, मजदूर व विस्थापितों की समस्या को लेकर एजेंडा तय करने के लिए पुनः एक सप्ताह के अंदर बैठक करने पर सहमति बनी। बैठक में अध्यक्ष बोधन मांझी, उपाध्यक्ष मो.अल्लाउद्दीन, मो.यासीन, सचिव रामकुमार सिंह, चंदन कुमार व अन्य मौजूद थे।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स ने विधायकों को किया सम्मानित

- व्यापारियों की समस्याओं को सुलझाया जायेगा : प्रदीप प्रसाद
- व्यापारियों और उद्यमियों के हित सर्वोपरि : मनोज कुमार यादव
- बरकट्ठा के विकास के लिए हर कदम उठायेंगे : अमित यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

हजारीबाग। फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने जिले के नवनिर्वाचित विधायकों को किया सम्मानित। यह कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 3:00 बजे प्रारंभ हुआ, समारोह में सदर विधानसभा के विधायक प्रदीप प्रसाद, बरही के विधायक मनोज कुमार यादव,बरकट्ठा के विधायक अमित यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मंच संचालन कुमार केशव ने किया, वहीं धन्यवाद ज्ञापन सचिव राकेश ठाकुर ने किया। विधायकों का स्वागत फेडरेशन के अध्यक्ष, सचिव सहित तमाम पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा किया गया, फूलों के गुलदस्ते,अंगवस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। मंच पर विधायकों को सम्मानित करते हुए फेडरेशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनके द्वारा समाज और क्षेत्र के विकास के लिए किए गए कार्यों की सराहना की।

अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल,सचिव राकेश ठाकुर, उपाध्यक्ष सुबोध कुमार अग्रवाल,नीरज अग्रवाल,सहसचिव अहमद तारीक रजा, कोषाध्यक्ष कपिल जैन उर्फ बंटी, मीडिया प्रभारी रितेश खण्डेलवाल सहित संस्था के तमाम सदस्य उपस्थित थे।

सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि सदर क्षेत्र की जनता ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उसे मैं विकास कार्यों के माध्यम से पूरा करूंगा। व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र के समग्र विकास पर ध्यान दिया जाएगा। मनोज कुमार यादव बरही विधायक ने कहा की बरही को विकास के नए आयामों तक पहुंचाने के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं। व्यापारिक समुदाय हमारे क्षेत्र की रीढ़ है, और उनकी बेहतरी



के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। अमित यादव बरकट्ठा विधायक ने कहा की बरकट्ठा क्षेत्र के युवाओं, व्यापारियों और किसानों के विकास के लिए मैं पूरी तरह समर्पित हूं। सभी के सहयोग से हम क्षेत्र को एक नई पहचान देंगे। फेडरेशन के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने कहा कि हमारे विधायकों कर सम्मान करना हमारे लिए गर्व की बात है। ये जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में विकास और समृद्धि लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

फेडरेशन हमेशा व्यापार, उद्योग और समाज के विकास के लिए सरकार और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। हम आशा करते हैं कि हमारे विधायकों के नेतृत्व में हजारीबाग और इसके आसपास का क्षेत्र एक नई ऊंचाई पर पहुंचेगा। फेडरेशन के सचिव राकेश ठाकुर ने कहा की फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का मुख्य उद्देश्य व्यापारिक समुदाय की आवाज बनना और क्षेत्र के विकास में योगदान देना है। हमारे नवनिर्वाचित विधायकों के साथ मिलकर हम क्षेत्र की समस्याओं का समाधान और व्यापार को बढ़ावा देने की दिशा में काम करेंगे। हम विधायकों से अनुरोध करते हैं कि वे व्यापारियों के हितों को प्राथमिकता दें और क्षेत्र में बेहतर बुनियादी ढांचा और सुविधाएं सुनिश्चित करें। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रितेश खंडेलवाल ने दी।

# राजस्व की रामगढ़ के उपायुक्त ने की समीक्षा

## दाखिल खारिज जल्द करें निष्पादित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** राजस्व को लेकर सोमवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक हुई। उपायुक्त ने आंतरिक संसाधन, उत्पाद, खनन, परिवहन, विद्युत सहित अन्य संबंधित विभागों से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप अब तक की गई उपलब्धि की जानकारी ली । उपायुक्त ने निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति जल्द से जल्द सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। नीलाम पत्र वादों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित जिला व अनुमंडल स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों को बैंक प्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर तीव्र गति से मामले निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान मैनेजर आईटी वेदांत कुमार द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अंचलवार विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान उपायुक्त ने दाखिल खारिज मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सेवा का अधिकार अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए दाखिल खारिज संबंधित सभी मामलों को



निर्धारित अवधि के दौरान निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने दाखिल खारिज संबंधित कार्यों में आ रही तकनीकी समस्याओं को लेकर मैनेजर आईटी को संबंधित अंचल कार्यालय के साथ संपर्क कर समस्या हल करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने लंबित दाखिल खारिज मामलों को एक सप्ताह में अभियान मोड में कार्य कर निष्पादित करने का निर्देश दिया। परिशोधन पोर्टल के माध्यम से आमजनों को उपलब्ध कराई जा रही भूमि संबंधित दस्तावेजों में सुधार सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने पोर्टल पर आए आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## हरली के जतराहिटांड में लगा जतरा मेला

**दारू।** हरली गांव में सोमवार को जतराहिटांड में पारंपरिक जतरा मेला लगा। हर वर्ष पौष मास की प्रतिपदा तिथि को आयोजित होने वाले इस मेले में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी। मेले में खरीदारों ने पारंपरिक और हस्तनिर्मित औजारों के साथ-साथ घरेलू उपयोग की कई वस्तुओं की खरीदारी की। मेले में मुख्य रूप से बर्तन, लोहे के औजार, कृषि उपकरण और अन्य घरेलू उपयोगी सामग्रियां उपलब्ध थीं। आयोजनकताओं ने बताया कि इस मेले की शुरूआत वस्तु विनिमय के माध्यम से हुई थी, जिसमें ग्रामीण अपनी आवश्यकताओं के अनुसार वस्तुएं आपस में बदलते थे। समय के साथ मेले के स्वरूप और कार्यप्रणाली में बदलाव हुआ, और अब यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का एक बड़ा माध्यम बन चुका है।ग्रामीणों ने मेले का आनंद लिया और इसे सामाजिक मेलजोल का महत्वपूर्ण अवसर बताया। साथ ही, मेला स्थानीय कारीगरों और व्यापारियों को अपनी कला और उत्पादों को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करता है।बच्चों के लिए डांसिंग झूला, मिक्की माउस झूला, ब्रेक डांस झूला, तारामा ची झूला मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा।शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस की पैनी नजर थी।

# विधायक ने धान क्रय केंद्र का किया उद्घाटन



**बरकट्ठा ।** प्रखंड के गैयपहाड़ी में दो स्थानों पर धान अधिप्राप्ति केंद्र का उदघाटन सोमवार को किया। इनमें बरसोती एग्रो और गैयपहाड़ी पैक्स शामिल है। इस मौके पर विधायक ने कहा कि धान अधिप्राप्ति केंद्र खुलने से धान की खरीदेगी होगी। उन्होंने कहा कि किसानों को सरकार के द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य मिलेगा। इसके अलावा किसान को बोनस भी मिलेगा। धान अधिप्राप्ति केंद्र उदघाटन के मौके पर उप्रमुख सुरजी देवी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मुखिया कलावती देवी, छोटेलाल प्रसाद, भोला प्रसाद, कृषक मित्र उत्तिम महतो, तुलशी चौधरी समेत कई किसान उपस्थित थे।

**स्कूल में उन्नयन कार्य का किया शिलान्यास :** विधायक अमित कुमार यादव ने प्रखंड के गैयपहाड़ी पंचायत स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पारटांड़ में उन्नयन कार्य के तहत विविध निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। निर्माण कार्य ग्रामीण विशेष प्रमंडल, हजारीबाग डीएमएफटी मद से करेगा।

## रामगढ़ में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 18 को

रामगढ़। नगरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु झारखण्ड पुलिस की अनूठी पहल के तहत 18 दिसंबर को 11:00 बजे से सिद्धू कान्हू मैदान, रामगढ़ में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम होगा, जिसमें रामगढ़ जिला के जनता उपस्थित होकर अपना शिकायत दर्ज करवा सकते हैं, जिसका निष्पादन त्वरित गति से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान ही किया जाएगा एवं ऐसे मामले जिनका निष्पादन कार्यक्रम के दौरान नहीं किया जा सकेगा उन्हें एक निर्धारित समय बताया जाएगा उस निर्धारित समय अवधि के अन्दर प्राप्त शिकायतों का निष्पादन किया जाएगा। मोबाईल नं0-9162388444 जनता शिकायतों / समस्याओं को साझा कर सकतें हैं।

## प्रशिक्षु आइएएस ने दारु बीडीओ का पदभार संभाला



**दारु।** प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी लोकेश बारंगे ने सोमवार को दारु प्रखंड के नये बीडीओ का पदभार ग्रहण किया। बीडीओ हारून रासीद ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें पदभार सौंपा। प्रशिक्षु अधिकारी 12 जनवरी तक इस पद पर रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। पदभार ग्रहण करते ही प्रखंड के कर्मियों को कक्ष में बुलाकर नये बीडीओ ने सबका परिचय प्राप्त किया। कृषि विभाग के द्वारा प्रखंड मुख्यालय में प्रशिक्षु अधिकारी के हांथो से किसानो के बीच सरसो, मकई, और मसूर दाल का बितरण किया। इस दौरान प्रखंड कर्मी रबिन्द्र कुमार, आशीष कुमार, गंगा सागर,दिलीप कुमार , आशीष कुमार, नूतन कुमारी सहित कई अन्य कर्मी मौजूद थे।

# बसरिया पंचायत में बहेगी दूध की धारा : हरेंद्र गोप

## झारखंड मिल्क फेडरेशन ने दूध उत्पादकों के साथ की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** बरही प्रखंड के बसरिया पंचायत के ग्राम जरहिया स्थित गोकुल ग्राम के प्रांगण में झारखंड मिल्क फेडरेशन के तत्वावधान में दूध उत्पादकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में झारखंड मिल्क फेडरेशन के विशेषज्ञ अजीत कुमार सिंह और डॉ. पंकज तिवारी ने भाग लिया। साथ ही बसरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप की भी उपस्थिति रही।बैठक के दौरान दूध उत्पादकों ने अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। उन्होंने दूध उत्पादन के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों और परेशानियों को विस्तार से साझा किया। झारखंड मिल्क फेडरेशन के अधिकारियों ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि इन समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा। मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र



गोप ने कहा कि दूध उत्पादन एक ऐसा क्षेत्र है, जिससे लोग आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, जरूरी है कि उन्नत तकनीकों और विशेषज्ञों द्वारा बताए गए पशुपालन के आधुनिक तरीकों को अपनाया जाए, ताकि उत्पादन को बढ़ाया जा सके और इससे आर्थिक स्थिति मजबूत हो। झारखंड मिल्क फेडरेशन के अधिकारियों ने बैठक में घोषणा की कि दूध उत्पादकों को प्रति लीटर 5 रुपये की दर से सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इस पहल से दूध उत्पादकों को प्रोत्साहन मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। इस अवसर पर दूध मित्र आकाश यादव, लीलो रजक, राजू यादव, मेघलाल गोप, देवा गोप, झमन यादव, योगेंद्र यादव, और काली यादव समेत सभी दूध उत्पादक उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने झारखंड मिल्क फेडरेशन के इस प्रयास की सराहना की और भरोसा जताया कि उनके सहयोग से दूध उत्पादन क्षेत्र में सुधार होगा। यह बैठक न केवल दूध उत्पादकों की समस्याओं को समझने का मंच बनी, बल्कि उन्हें समाधान और प्रोत्साहन प्रदान करने का भी अवसर साबित हुई। झारखंड मिल्क फेडरेशन की यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और दुग्ध उत्पादकों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

एक नजर में

## डिवाइन स्कूल में कंबल का वितरण




**बरकट्ठा ।** डिवाइन पब्लिक स्कूल भयंकर शीतलहरी और ठंड के प्रकोप से असहाय और जरूरतमंद के बीच कंबल वितरण शिविर का आयोजन किया गया। स्कूल निदेशक आईपी भारती ने गरीबों व निसहाय के बीच कंबल वितरण किया। उन्होंने ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल हमेशा से गरीबों के सेवा के लिए प्रयासरत है। स्कूल में कंबल वितरण शिविर में नहीं पहुंच पाने वाले कोअसमर्थ लोगों को उनके गांव व पंचायत में जाकर वितरण किया गया। स्कूल निदेशक ने अभिभावकों व शिक्षकों से भी अपील किया कि वे लोग अपने क्षेत्र के कम से कम एक गरीब व्यक्ति की मदद अवश्य करे। उन्होंने आगे कहा की समाज के बुद्धिजीवियों को समाज में आगे आकर सभी लोगों में मानवता का पाठ पढ़ाने की आवश्यकता है।

## पूर्व पंस सदस्य और भाजपा नेता का निधन

**बरकट्ठा ।** बरकनगांगो के पूर्व पंचायत समिति सदस्य और भाजपा के वरिष्ठ नेता रामेश्वर यादव का निधन रांची स्थित अस्पताल में शनिवार को हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार थे। उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही लोंगो की श्रद्धांजलि देने लोग भारी संख्या में जुटे। रविवार को बरकनगांगो मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। श्रद्धांजलि देने के बाद विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि उनके निधन से समाज और क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। कहा कि बरकट्ठा में भाजपा को सींचने और संगठन को मजबूत करने में उनकी अहम योगदान रहा है। दिवंगत के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि देने और शवयात्रा में विधायक अमित कुमार यादव समेत भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता, नेता शामिल हुए।

## नाई समाज मनायेगा कर्पूरी जयंती

**बरकट्ठा ।** प्रखंड के राष्ट्रीय नाईं महासभा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कोनहरा खुर्द मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार शर्मा और संचालन राजेश ठाकुर ने किया। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर ठाकुर उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रखंड स्तरीय बालिका प्रतियोगिता का आयोजन 12 जनवरी को और 24 जनवरी को भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय में भव्य तरीके से मनाया जाएगा। बैठक में बहादुर ठाकुर, भागीरथ ठाकुर, किशोरी ठाकुर, मुकेश ठाकुर, उपेन्द कुमार शर्मा, कारू ठाकुर, विजेंद्र ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर, संतोष कुमार शर्मा, परमेश्वर ठाकुर, रामचंद्र ठाकुर, सुरेश ठाकुर, शिबू ठाकुर समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सोहराय सम्मेलन को लेकर बैठक

**बरकट्ठा ।** सोहराय सम्मेलन आयोजित को लेकर भारत जकात मांझी परगना महाल बरकट्ठा की एक बैठक सूर्यकुंडधाम परिसर में हुई। बैठक में आदिवासी समाज के सदस्यों ने सोहराय सम्मेलन की तैयारी और सफलता को लेकर चर्चा की। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा ने कहा सोहराय पर्व संथाल आदिवासी समाज सोहराय पर्व बड़ा त्योहार है। आदिवासी समाज अपनी संस्कृति और विधि विधान से मनाते हैं। कहा सोहराय पर्व फसल कटाई के बाद मनाया जाने वाला त्योहार है। यह त्योहार झारखंड के अलावा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा, और बिहार में भी मनाया जाता है। सोहराय पर्व, संथाल जनजाति का मुख्य त्योहार है। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा, सचिव मनोज मुर्मू, युवा समाज सेवी सुनील कुमार मुर्मू, मोहन बास्के, सहदेव मरांडी, विनोद बेसरा, तुलसी मुर्मू, मोतीलाल टुड्डू, मोतीलाल मुर्मू, शिवराम टुड्डू, तालों मांझी, मंझलू मुर्मू समेत आदिवासी समाज के आदि लोग मौजूद थे।

## मजदूर की मुंबई में मौत, गांव पहुंचा शव

**बरकट्ठा ।** प्रखंड के किमनिया निवासी सुरज कुमार यादव पिता स्व नारायण यादव मुंबई के वर्ली में 14 दिसंबर को मौत हो गई। मृतक बतौर मजदूर एक होटल में काम करता था। ग्राइंडर मशीन में मशाला पीसने के क्रम में उसका हांथ फस गया। इससे उसकी मौत हो गई। इसकी खबर किमनियां निवासी सुदामा चौधरी ने झारखंडियों के हित में काम करने वाले झारखंडी एकता संघ के राष्ट्रीय सचिव विनोद को जानकारी दी। संस्था सचिव विनोद प्रसाद व झारखंडी एकता संघ के टीम 15 दिसंबर के सुबह नौ बजे केईएम अस्पताल पहुंचे और कागज की प्रक्रिया पूरी करा और प्रवासी मजदूरों से चंदा इकट्ठा कर शव को हवाई जहाज से रांची भेजा। रांची एयरपोर्ट से शव को एंबुलेंस से सोमवार को मृतक के गांव किमनिया लाया गया। शव पहुंचते ही मृतक के घर भीड़ जमा हो गई। परिजनों के चीत्कार से गांव दहल उठा। वहीं वहां मौजूद सभी की आंखे नम हो गई। विधायक अमित कुमार यादव ने भी रांची से शव लाने में मदद की। उन्होंने आश्रित को हरसंभव मदद का भरोसा दिया। इधर झारखंडी एकता संघ के राष्ट्रीय सचिव विनोद प्रसाद ने बताया कि शव को गांव भेजने में कैलाश यादव, होरील मंडल, अजय सिंघ, लक्ष्मण यादव, मनी यादव, प्रकाश मंडल, कैलाश मंडल समेत कई प्रवासियों ने सहयोग किया।

## कसैराधौड़ाः पीसीसी रोड में अनियमितता



**कुजू।** मांडू प्रखंड के कुजू पूर्वी पंचायत अंतर्गत कसैराधौड़ा से लेकर तीन नंबर तक निर्माण किये जा रहे पीसीसी पथ में ठेकेदार द्वारा गुणवत्तापूर्ण सामाग्री का इस्तेमाल नहीं किये जाने से ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। ग्रामीणों का कहना था कि पथ निर्माण गुणवत्तापूर्ण सामाग्री का इस्तेमाल नहीं होने से आने वाले समय में पथ की स्थिति बेहतर नहीं होगी। इधर गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं होने की सूचना के बाद कुजू पूर्वी उप मुखिया कुमारी नीलम व पंसस प्रतिनिधि फुलेश्वर साव उक्त स्थल पहुंचकर पीसीसी पथ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पता चला कि ठेकेदार द्वारा डाल्मिया इन्फ्रा प्रो नामक सीमेंट का इस्तेमाल किया जा रहा था। जो अच्छी सीमेंट नहीं है। इसके बाद उनके द्वारा इसकी शिकायत जेई हर्ष महतो से किया। इसके बाद जेई हर्ष मेहता निर्माण स्थल पहुंचकर जांच किया तो पता चला कि जो सीमेंट का इस्तेमाल हो रहा है वह गुणवत्ता पूर्ण नहीं है। उन्होंने तत्काल ठेकेदार को निर्माण में उचत्तम क्वालिटि के सीमेंट का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया। निर्देश के बाद ठेकेदार द्वारा पहले वाला सीमेंट को हटाकर अल्ट्राटेक सीमेंट लाया गया। इधर पुल निर्माण में भी ठेकेदार द्वारा जिंदा व मरा हुआ पत्थर मिलाकर कार्य कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों व जन प्रतिनिधियों ने प्रशासनिक अधिकारियों से जांच करने का मांग किया। बताया जाता है कि पुल व पीसीसी पथ डीएमएफटी फंट से करीब 98 लाख 55 हजार रुपए की लागत से बनाया जा रहा है।

## घासी समाज की बैठक 22 दिसंबर को

भुरकुंडा (रामगढ़)।भुरकुंडा पंचायत भवन में 22 दिसंबर को सम्बल पुरिया घासी समाज प्रदेश की बैठक होगी। उक्त जानकारी देते हुए समाज के जग्गू घांसी, रवि दीप, विजय कुमार, रंजीत, दीप, छुन्नू, सागर, सुरज, सतीश, सागर, बजरंग आदि ने बताया कि भुरकुंडा पंचायत में 22 दिसंबर को 3 बजे आहुत बैठक में रामगढ़ जिले के सभी सदस्य शामिल होंगे।

## भुरकुंडा में कोयला मजदूर यूनियन की बैठक

भुरकुंडा (रामगढ़)।क्षेत्रीय कर्मशाला (ब) भुरकुंडा में सोमवार को राष्ट्रीय कोयला मजदुर यूनियन की 21 सूत्री एजेंडा को लेकर बैठक हुई। बैठक में क्रमवार सभी बिन्दुओ पर बारी-बारी से विस्तृत रूप से चर्चा की गई। जिसमें कर्मियों की सेवा, कर्मियों की आवासीय सुविधा, कार्य स्थल की कमियों से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं की ओर यूनियन ने प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराया।

स्पीड न्यूज

## विशेष ग्राम सभा में नहीं पहुंचे ग्रामीण

**गिद्धौर।** सोमवार को 'सबकी योजना, सबका विकास' के तहत विभिन्न पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएँ आयोजित हुईं। इनमें 9 थीम में से एक का चयन करना था और 6 सदस्यीय सहजकर्ता दल का गठन किया गया। हालांकि, गिद्धौर पंचायत में ग्रामीणों की उपस्थिति नहीं रही, और अन्य पंचायतों में केवल खानापूर्ति की गई। गिद्धौर पंचायत सेवक ने वार्ड सदस्यों को सूचित करने की बात कही, पर ग्रामीणों के न आने का कारण प्रचार-प्रसार की कमी बताया गया। पंचायत सचिव, मुखिया और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सड़क दुघर्टना में युवक घायल

**गिद्धौर।** रविवार रात लगभग 11 बजे, लावलौंग से तिलैया कोडरमा जा रही एक कार पांडेय महुआ मोड़ के पास पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में राजाराम केसरी और रोहित गंझू की मौत हो गई, जबकि रुपेश और अमित गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सदर अस्पताल चतरा ले जाया गया। मृतक लावलौंग प्रखंड के निवासी थे और शादी समारोह में जा रहे थे।

## पुलिस ने लावारिस ट्रैक्टर को किया बरामद

**गिद्धौर।** पुलिस ने मंझगांवां टोंगरी से एक लावारिस ट्रैक्टर बरामद किया। यह ट्रैक्टर बिहार के बाराचट्टी निवासी गणेश साव का था, जिन्होंने फाइनेंसर से बचने के लिए इसे अपने पार्टनर जितेंद्र यादव के पास छिपाया था। जितेंद्र यादव ने इसे आगे मंझगांवां टोंगरी के पास छिपा दिया था। पुलिस ने सत्यापन के बाद सोमवार को ट्रैक्टर गणेश साव को वापस कर दिया।

## लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ चला अभियान

**कोडरमा।** पलाश झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत लिंग आधारित हिंसा जैसे की महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा, भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा आदि के विरुद्ध जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है। प्रखंड कार्यालय, पंचायत कार्यालय, पुलिस स्टेशन, विद्यालयों एवं महिला समूहों के अंतर्गत जागरूकता फैलायी गयी। इसके लिए रंगोली, रैली, सांप सीढ़ी के खेल, शपथ ग्रहण और विभिन्न स्कूलों एवं सार्वजनिक स्थलों एवं कार्यालयों में पोस्टर चिपका कर अभियान के लिए जागरुकता फैलायी गयी।

## बिरहोर टोला में आज होगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**कोडरमा।** नवलशाही के बिन्डोमोह अंतर्गत बिरहोर टोला में प्रसादी बिरहोर के पुत्र के गम्भीर रूप से बीमार होने की सूचना के बाद उपायुक्त ने मेघा भारद्वाज ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिविल सर्जन को आवश्यक निर्देश दिया और उक्त टोला में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर सभी बिरहोर परिवारों का स्वास्थ्य जांच करने का निर्देश दिया। वहीं डीसी के निर्देश के आलोक में मंगलवार को बिरहोर टोला में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा, इसके लिए टीम का गठन किया गया। टीम में डॉ.दिनेश कुमार प्रसाद, सादिया अजीम, रिधम कुमारी, गौरी शंकर सिंह, दयमंती कुमारी आदि शामिल है।

## चौबीस घंटों का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन

**कोडरमा।** प्रखंड के मेघातरी पंचायत के ग्राम ताराघाटी में बजरंग बली मंदिर में चौबीस घंटों का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर यहां प्रत्येक दिन भंडारा का भी आयोजन किया जा रहा है जहां श्रद्धालु आकर प्रसाद को ग्रहण कर रहे हैं। वहीं पूजा कमेटी के सागर गिरी, सुरेंद्र भुइंया, त्रिदेव भुइंया, अजय कुमार, मुन्ना सिंह, संतोष कुमार, अमर कुमार, सागर राजवंशी, गुड्डू सिंह, बंकू कुमार व सैकड़ों ग्रामीणों ने अखंड हरि कीर्तन को सफल बनाने में अपना अहम योगदान दिया।

# उपायुक्त ने की स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग की मासिक समीक्षा बैठक, दिये कई निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग एवं जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने चिकित्सकों की नियुक्ति, प्रतिनियुक्ति, जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण, लिगांनुपात, टीबी, ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस, एनीमिया मुक्त भारत समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा किया। वहीं सिविल सर्जन और जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए क्षेत्र में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस को बेहतर तरीके से संचालन करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का बेहतर संचालन कर महिला प्रसव व बच्चों के टीकाकरण संबंधित कार्य ठीक से करें। उपायुक्त ने जिले में लिंगानुपात की जानकारी ली और लिंगानुपात की जागरूकता को लेकर आवश्यक कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ अभियान के तहत जिले के प्रखंड के पंचायत, गांवों में लिंगानुपात के प्रति लोगों को जागरूक करें। इसके लिए सिविल सर्जन और जिला समाज कल्याण पदाकिारी को टीम गठन करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने टीकाकरण की समीक्षा करते हर वर्ग के बच्चों को पड़ने वाले टीकाकरण करने को कहा एवं एनीमिया मुक्त भारत को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत टीब्री जांच कराने का निर्देश दिया गया। वहीं जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाएं यथा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दी जा रही समावेशी शिक्षा, टेक होम राशन की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, डीएसडब्लूओ कनक कुमारी तिर्की, एसएमओ डॉ. रंजीत कुमार, डीआरसीएचओ डॉ. कुलदीप कुमार, डीएमओ डॉ.मनोज कुमार, एसएमओ डब्ल्यूएचओ डॉ. दीपक कुमार, डीपीएम महेश, डीडीएम पवन समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## राज इंटरनेशनल स्कूल में मना विजय दिवस

**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने के साथ सोमवार को छात्रों ने अपने देश के वीर जवानों को विजय दिवस के मौके पर याद करते हुए शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। वहीं प्राचार्य राहुल घोष ने बताया की 16 दिसंबर का दिन सैनिकों के शौर्य को सलाम करने का दिन माना जाता है। देश में 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। क्योंकि इसी दिन 1971 में भारत ने पाकिस्तान के दांत खट्टे किए थे। इस ऐतिहासिक जीत की खुशी आज भी हर देशवासी के मन को उमंग से भर देती है। विजय दिवस वीरता और शौर्य की मिसाल है।

## पत्थर खादान में चाल धंसने से एक युवक की मौत

**कोडरमा।** डोमचांच थाना अंतर्गत चंचाल स्थित एक पत्थर खादान में चाल धंसने से एक युवक की मौत, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल होने का मामला प्रकाश में आ रहा है। घटना दोपहर लगभग 1 बजे की बताई जा रही है। घटना की जानकारी पाकर डोमचांच थाना प्रभारी प्रेम कुमार घटनास्थल पर पंहुचकर घटना की जांच कर रहे हैं। खबर लिखे जाने तक मृतक युवक व घायल के बारे में कोई भी जानकारी नही मिल पाई। खबर लिखे जाने तक पुलिस जांच में जुटी है।

# कोडरमा जिला में डेढ़ लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य : जिलाध्यक्ष



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान महापर्व को लेकर एक कार्यशाला माहुरी धर्मशाला झुमरीतिलैया में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनूप जोशी एवं संचालन कार्यक्रम कि सह संयोजक जूही दास गुप्ता ने की। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् से आरंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने कहा भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। हम 3 साल पर सदस्यता अभियान चलाते हैं और सक्रिय सदस्य बनाकर बूथ अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष गठन करने के बाद जिलाध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष का गठन होता है। हमारा राज्य चुनाव के कारण 6 महीने विलंब से सदस्यता अभियान आरंभ कर रहा है। 22 जनवरी से पूरे प्रदेश में सदस्यता शुरू होगी, इसमें आप सभी भारतीय जनता पार्टी के समर्थक एवं कार्यकर्ता सदस्य बने। कार्यक्रम में प्रदेश मीडिया संयोजक अशोक बड़ाइक ने कहा सदस्य बनने के लिए मोबाइल पर 8800002024 बटन दबाकर मिस कॉल करें और भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बने। वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा को जो लक्ष्य मिला है, उससे ज्यादा सदस्यों को सदस्यता ग्रहण करवाएगा, क्योंकि कोडरमा जिला भाजपामय है। यहां लगातार भाजपा ही जीती है, यह हमें विश्वास है। वहीं बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने कहा कार्यकर्ता संगठन की पूंजी है, संगठन कार्यकर्ता के द्वारा ही चलता है। संगठन से ही विधायक और सांसद बनते हैं, इसलिए हमें सदस्यता अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। वहीं जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने विषय प्रवेश कराते हुए सभी का अभिवादन किया एवं सभी कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हुए कहा कि कोडरमा जिला में तीन विधानसभा क्षेत्र आता है और आप कार्यकर्ताओं की बदौलत हम कोडरमा, बरही एवं बरकट्ठा तीनों विधानसभा विजय किये। यह आप सभी देवता तुल्य कार्यकर्ताओं की बदौलत हुआ। मौके पर रमेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, शिवेंद्र नारायण, देवनारायण मोदी, जयप्रकाश राम, राजकुमार यादव, महेंद्र यादव, देवेंद्र कुमार, गौरव कुमार, संजय वर्मा, चंद्रशेखर जोशी, हरि पंडित, अरशद खान, प्रभाकर लाल रावत, कविता देवी, लीना देवी, संतोषी देवी, सुधीर सेठ, अजय पांडे, सुनील पंडित, महेश वर्मा, बालमुकुंद सिंह, सुनील यादव, द्वारका राणा, विनय मोदी, अजय झा, अमर सिंह, विनोद सिन्हा, रणजीत सिंह, नवीन कुमार, शंकर यादव, बैजनाथ यादव, रणजीत कुमार, अर्जुन सिंह, इंद्रदेव मोदी सैकड़ो कार्यकर्ता कार्यक्रम में मौजूद थे।

## कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में विजय दिवस मना

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर की वंदना सभा में दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू तथा मुख्य वक्ता रामानुज पांडेय और विजय कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया। अतिथियों का परिचय विद्यालय के आचार्य डॉ. धीरेंद्र कुमार सिंह के द्वारा कराया गया। मौके पर मुख्य वक्ताओं ने अपने वक्तव्य में आज के दिन को भारत के इतिहास का सबसे गौरवशाली दिन बताया। 16 दिसंबर 1971 को पूर्वी पाकिस्तान की आजादी में अपने बहादुर जवानों के बलिदान को याद किया गया। साथ ही पाकिस्तानी जनरल नियाजी का 93000 सैनिकों के साथ किए गए आत्म समर्पण के बारे में भी बतलाया गया। वहीं प्राचार्य ने अपने बौद्धिक में कहा कि विजय दिवस हमारे सैनिकों की बहादुर की खुली गाथा है, जिसे आज पूरा विश्व जानता है। हमारी सैन्य शक्ति उस समय भी पाकिस्तान को धूल चटाने के लिए काफी थी, आज की बात तो दूसरी ही है। उन्होंने जगजीत सिंह अरोड़ा की बहादुरी की गाथा को अपने भैया बहनों के समक्ष प्रस्तुत किया। वहीं छोटे-छोटे भैया बहनों के द्वारा भी देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। मौके पर मनोज कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, उमाशंकर कुमार, नीरज कुमार सिंह, चंद्रशेखर कुमार, रानी कुमारी आदि लोग मौजूद थे।

# स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में मंडल कारा कोडरमा में संसीमित विचाराधीन वयोवृद्ध बंदियों के लिए मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया।

कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी के मार्ग दर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि वयोवृद्ध बंदियों के स्वास्थ्य सुविधा एवं अन्य सुविधाओं को मुहैया कराने के प्रति जिला विधिक सेवा प्राधिकार कृतसंकल्पित है। वहीं उन्होंने कहा कि झालसा के निर्देश के आलोक में मंडल कारा कोडरमा में संसीमित वयोवृद्ध बंदियों के स्वास्थ्य सम्बन्धी जांच नियमित रूप से कराने की व्यवस्था जेल में की जाएगी, ताकि बंदियों को किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या नहीं हो। इस अवसर पर सदर अस्पताल के चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने मंडल कारा में एक विशेष शिविर लगा कर दर्जनों वयोवृद्ध बंदियों के सुगर, ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन लेबल सहित अन्य स्वास्थ्य सम्बन्धी जांच किया गया।

# जिला सहकारी विकास समिति तथा संयुक्त कार्यकारणी समिति की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित अपर समाहर्ता कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति (डीसीडीसी) तथा संयुक्त कार्यकारणी समिति (जे डब्लू सी) की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो द्वारा बताया गया कि अब तक नेशनल कॉपरेटिव डेटा बेस में 302 समितियों की प्रविष्टि की गई है। उक्त संदर्भ में अपर समाहर्ता ने कहा डाटा को अद्यतन करते रहना है। उन्होंने जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिला अंतर्गत गोदाम विहिन पैक्सों में गोदाम निर्माण हेतु समितियों से प्रस्ताव प्राप्त कर भूमि उपलब्धता हेतु अपर समाहर्ता के स्तर से पत्र निर्गत कराएं।

आगे उन्होंने कहा जिला अंतर्गत वैसे क्षेत्र जहां दुधारू पशुओं का वितरण किया गया है तथा झारखंड मिल्क फेडरेशन का मिल्क पुलिंग प्वाइंट है वहां दुग्ध सहकारी समितियों का निबंधन कराएं। साथ ही उन्होंने कहा वैसे पंचायत, ग्राम अथवा जलाशय जहां मत्स्य सहकारी समितियों गठित नहीं हैं वहां जिला मत्स्य पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर मत्स्य सहकारी समितियों का निबंधन कराएं। कंप्यूटराइजेशन ऑफ पैक्स योजना अंतर्गत 15 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त पैक्सों को शत प्रतिशत उर्वरक लाइसेंस प्रदान कराते हुए उसे प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र के रूप में विकसित करें। राष्ट्रीय स्तर पर गठित समितियों का सदस्य पैक्सों को बनाया जाय ताकि लाभ चतरा जिला के समितियों को भी प्राप्त हो सके। उक्त बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, जिला गव्य पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# आदिम जनजाति परिवारों का सर्वेक्षण लगातार जारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखंड क्षेत्र में कैंप लगाकर लगातार आदिम जनजाति परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का काम किया जा रहा है प्रत्येक दिन गांव वार कैंप लगाकर आदिम जनजाति परिवार के लोगों को लाभ दिया जा रहा है। सर्वेक्षण कार्यक्रम उपयुक्त चतरा के निर्देश पर 10 दिसंबर को जीवखुर्द पंचायत के एरेगडा गांव से प्रारंभ किया गया था और 18 दिसंबर को ग्राम पीरी में समाप्त होगी। निमित कार्यक्रम के तहत आज जंगी पंचायत के कोरी बिरहोर टोला में की गई जिसमें 96 परिवार निवास करते है। जिसकी कुल संख्या 433 है। सरकारी लाभ से वंचित परिवार का राशन कार्ड में नाम जोड़ना, वृद्ध विधवा पेंशन, वनपट्टा,श्रम कार्ड, पशुधन, बैंक खाता खोलना, सावित्री बाईं फूले किशोरी समृद्धि योजना जैसे दर्जनों योजना का लाभ से जोड़ा गया। साथ हीं 65 परिवारों के बीच स्वास्थ्य जांच कर दवा वितरण की गई। कार्यक्रम को प्रखंड विकाश पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद के देख रेख में की जा रही है। वहीं कार्यक्रम को सफल बनने में जितेंद्र कुमार नायक, अंचल निरीक्षक प्रभारी रामचंद्र प्रसाद अभिषेक कुमार के अलावा प्रखंड और अंचल के कर्मी जोर शोर से लगे हुए हैं।

## 6 दिनों से लापता युवक का शव बरामद

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नईटांड से विगत 10 दिसंबर को लापता युवक मुन्ना कुमार साव का शव पुलिस ने सोमवार की सुबह घर के बगल एक कुआं से बरामद किया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था। मृतक युवक 10 दिसंबर को सुबह अपने घर से घूमने के लिए निकला था, जो देर शाम तक घर वापस नहीं लौटा। वहीं परिजन द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद मुन्ना कुमार साव नहीं मिलने पर मृतक की मां नईटांड निवासी चमेली देवी ने 11 दिसंबर को जयनगर थाना में आवेदन देकर लापता होने का मामला दर्ज कराया था।

एक नजर में

## मानव तस्करी के रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखंड मुख्यालय के किसान भवन में सोमवार को मानव तस्करी के रोकथाम पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला जन विकास केंद्र हजारीबाग के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यशाला में मुखिय अतिथि के रूप में सिमरिया थाना के एसआई दिलीप रजक, अनिता मिश्रा, संस्था के एनिमेटर सिद्धार्थ बांद्रा, सुरेश कुमार, फादर अनूप लकड़ा, नरेश भारती उपस्थित थे। कार्यशाला में अतिथियों को संस्था के द्वारा आम का पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में टंडवा, पत्थलगड्ढा और लावालौंग के चिन्हित गांव से आए निगरानी समिति के सदस्य, एनजीओ के सद्स्य और एसएचजी के महिलाओं को बाल विवाह, बाल मजदूरी मानव तस्करी की रोकथाम को लेकर विस्तार रूप से जानकारी दी गयी। साथ ही जागरूक भी किया गया और आसपास के लोगो को जागरूक करने को कहा गया। कार्यशाला में बताया गया कि आपके क्षेत्र में बाल मजदूरी, बाल विवाह और मानव तस्करी होती है तो इसकी जानकारी दे, संस्था के द्वारा करवाई की जाएगी। मौके पर महिलाएं उपस्थित थी।

## परीक्षा केंद्रों एवं मूल्यांकन केंद्रों के चयन से संबंधित बैठक



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के लिए परीक्षा केंद्रों एवं मूल्यांकन केंद्रों के चयन से संबंधित बैठक की गई। मैट्रिक वार्षिक परीक्षा के लिए संभावित परीक्षार्थी 19071 छात्र-छात्रायें सम्मिलित होंगे जिसके लिए 48 विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इण्टरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य परीक्षा 2025 के लिए संभावित परीक्षार्थी 13144 छात्र-छात्रायें सम्मिलित होंगे जिसके लिए 29 विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। उक्त बैठक में माननीय विधायक चतरा विधानसभा क्षेत्र जनार्दन पासवान, माननीय सांसद चतरा लोकसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## बीडीओ ने समीक्षा बैठक की

खबर मन्त्र संवादाता

**सिमरिया।** बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद सोमवार को इचाक में योजनाओं को लेकर बैठक की। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, बाबा साहब अम्बेडकर आवास योजना, अबुआ आवास योजना, मनरेगा योजना, दीदी बाड़ी योजना की समीक्षा की गयी। बैठक में बीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना में छूटे हुए योग्य लाभुकों को आवास प्लस के द्वारा जोड़ने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने मुखिया और पंचायत सेवक को अंबेडकर आवास, अबुआ आवास योजना को अविलंब पूर्ण करने को निर्देश दिया। उन्होंने पंचायत सचिवालय भवन के बोर्ड में सभी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने मनरेगा योजना में किसी भी परिस्थिति में मशीन से कार्य नहीं कराने को कहा। यदि इस तरह की शिकायत प्राप्त होती है तो तुरंत मुखिया और पंचायत सचिव के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। बीडीओ ने निर्देश दिया की योजनाओं का चयन आवश्यकता के अनुसार ही करे। बैठक में 15वें वित से विद्यालयों के विकास से संबंधित अधिक से अधिक योजनाएं लेने का निर्देश दिया गया। पंचायत में विद्यालयों के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुखिया होते हैं। उन्होंने मुखिया को समय-समय पर विद्यालयों में संचालित पठन-पाठन ,मध्यान भोजन आदि की जांच करने का निर्देश दिया। मैया सम्मान योजना का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने कहा कि सभी मुखिया आपूर्ति विभाग सतर्कता समिति के सदस्य होते हैं। राशन वितरण ,धोती साड़ी वितरण,ई- केवाईसी आदि निगरानी करने का निर्देश मुखिया को दिया गया। बीडीओ ने जनप्रतिनिधियों को धोती साड़ी वितरण योजना में प्रति लाभुक 10 और ई केवाईसी कार्य बिल्कुल मुक्त करने की जानकारी दिया गया। मौके पर मुखिया कविता देवी, पंचायत सेवक शशिकांत उपाध्याय, वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## लग्जरी बसों में सवारी से ज्यादा सामानों की हो रही है ढुलाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले से होकर गुजरने वाली लग्जरी बसों में सवारी से ज्यादा सामान की ढुलाई हो रही है। बस के ऊपर ऊंचे-ऊंचे त्रिपाल बांध कर इलेक्ट्रॉनिक सामान, कपड़े, जूते व अन्य सामानों की ढोलाई की जा रही हैं। यही नहीं जिस बस में सामान जा रही है, जिसमें कई बिना बिल व परमिट के सामान एक राज्य से दूसरे राज्य में बिक्री के लिए भेजे जा रहे हैं। इससे कर चोरी को भी बढ़ावा मिल रहा है और सरकार को भी राजस्व की चोरी हो रही है। सामान ढुलाई करने वाली लग्जरी वाहनों में कोलकाता, टाटा, बक्सर एवं रांची से आने वाली लग्जरी बसों में पैसेंजर से अधिक सामान की ढुलाई ज्यादा हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार बसों की छत से लेकर अंदर और डिक्की में सिर्फ लैगेज ही भरा रहता है। जिससे एक राज्य से दूसरे राज्य में सामानों की ढुलाई का सिलसिला तेजी होता जा रहा है, जिससे बस और लैगेज मंगवाने वाले व्यवसायियों को जीएसटी, ओवर लोड बस और बिल जैसे टैक्स से बचने का मौका मिल रहा है। वहीं राज्य और केन्द्र सरकार को भी कर का काफी नुकसान बस मालिकों द्वारा पहुंचाया जा रहा है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि बस संचालक यात्रियों से अधिक माल ढुलाईकर फायदा कमा रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### चौकीदार नियुक्ति के लिये शारीरिक दक्षता दौड़ व साइकिल चालन की परीक्षा आरंभ



गुमला। चौकीदार नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा सोमवार से प्रारंभ हो गई है। यह परीक्षा गुमला जिले के नागफेनी स्थित आईआरबी कैंप ग्राउंड में आयोजित की जा रही है। सुबह 7 बजे से प्रारंभ इस परीक्षा में दौड़, साइकिलिंग और अन्य शारीरिक दक्षता की जांच की जा रही है। परीक्षा 16 से 18 दिसंबर तक चलेगी। जिसमें सरकार के दिशा-निर्देश का पूर्णत: पालन किया जा रहा है। डीसी कर्ण सत्यार्थी ने निर्देश दिया है कि चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निर्धारित नियमों के अनुसार संपन्न की जाए। पहले दिन कुल 442 अभ्यर्थियों ने शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लिया। जिसमें 75 महिलाएं और 367 पुरुष शामिल हैं। यह परीक्षा पूर्व में आयोजित लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की जा रही है। प्रशासन अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक सुविधाएं और उचित मार्गदर्शन प्रदान कर रही है ताकि परीक्षा प्रक्रिया सुचारु और निष्पक्ष तरीके से पूरी हो सके।

### पीजी की पढ़ाई कर घाघरा के दिलीप साहू ने किया खेती की ओर रूख



घाघरा। घाघरा प्रखंड के बड़काडीह निवासी दिलीप साहू पीजी की पढ़ाई करने के बाद नौकरी न कर खेती में अपना भविष्य अजमाया। दिलीप ने यूट्यूब के माध्यम से स्ट्रॉबेरी की खेती लगभग 50 डिसमिल में की है। दिलीप के खेती की ओर झुकाव व उसकी कहानी सुनकर सोमवार को घाघरा सीओ आशीष कुमार मंडल ने दिलीप के स्ट्रॉबेरी खेत को देखने पहुंचे। सीओ ने कहा यह बहुत ही बेहतर कार्य है। मैं दिलीप को विभाग से बात कर मिलने वाले सुविधा से लाभान्वित करूंगा। साथ ही उन्होंने किसी भी तरह की आवश्यकता खेती-बाड़ी से होने पर सीधे कार्यालय में आकर संपर्क करने के बात कही। दिलीप ने बताया कि वह उद्यान विभाग से स्ट्रॉबेरी के 2900 पौधे लाकर लगाए हैं। दो एचपी का सोलर जरेडा से व ड्रिप कृषि विभाग के सहयोग से मिला है। दिलीप ने कहा यह मेरा शुरूआत है। आगे वृहत स्तर पर स्ट्रॉबेरी की खेती की जाएगी और स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए लोगों को प्रोत्साहन भी करेंगे। मौके पर सीओ आशीष कुमार मंडल, बीटीएम नीरज कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### चैनपुर : पूर्व विधायक बैरागी उरांव का हुआ अंतिम संस्कार

चैनपुर। पूर्व विधायक बैरागी उरांव का पार्थिक शरीर का सोमवार को अंतिम संस्कार किया गया। संत अन्ना स्कूली के पीछे उनके पार्थिव शरीर को पंचतत्व में विलीन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। अंतिम संस्कार में पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, हांदु भगत, कांग्रेस नेता समेत चैनपुर प्रखंड के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। उनके पुत्र सोनू कुमार ने पार्थिव शरीर को अग्नि दी।

### बीडीओ ने बैंक कर्मियों के साथ किया बीएलबीसी की बैठक, दिये निर्देश



घाघरा। बीडीओ दिनेश कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में सोमवार को बैंक कर्मियों के साथ बीएलबीसी की बैठक की। इस क्रम में बीडीओ ने सभी बैंक कर्मियों से बैंक से संबंधित कार्यों का समीक्षा किया। बैठक में बीडीओ ने निर्देश देते हुए सभी बैंक कर्मियों को कहा कि सभी बीसी अपने आवंटित पंचायत में बैठेंगे। ई केवाईसी फॉर्म अपने बीसी केंद्र में लोगों का जमा करें और जमा करने के बाद उसे संबंधित बैंक के अधिकारियों को भेजें ताकि ई केवाईसी करने को लेकर लोगों की भीड़ ना हो। केसीसी फॉर्म टारगेट के अनुरूप उसे स्वीकृत जल्द से जल्द करेंगे। ताकि लोगों को लाभान्वित किया जा सके। इसके साथ ही मंईया सम्मान योजना और अबू आवास के लाभुकों का ई केवाईसी प्राथमिकता के आधार पर जल्द करेंगे। वहीं बीओआइ घाघरा के मैनेजर ने बताया कि कार्यों में लापरवाही बरतने वाले एक बीसी के ऊपर कारवाई की गई है। इस मौके बीपीओ बेबी कुमारी, सहित कोऑपरेटिव बैंक, आदर, स्टेट बैंक घाघरा, ग्रामीण बैंक के अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

### चुनाव में जीत के बाद विधायक भूषण तिर्की ने जारी प्रखंड में निकाला विजय



जारी। विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक भूषण तिर्की ने जारी प्रखंड में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत विजय जुलूस निकाला। जुलूस में हजारों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता शामिल हुए। विधायक भूषण तिर्की ने परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों की भीड़ परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक के पास जमा हो गई। जहां से नाचते गाते झूमते कार्यकर्ता जरमाना तक पहुंचे। वहीं विधायक भूषण तिर्की लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए हाथ जोड़कर आभार प्रकट कर रहे थे। रैली जरमाना के पारिस मैदान में पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के एक भी कार्यकर्ता नजर नहीं आएं। जिसको लेकर लोगों में तरह-तरह की बातें हो रही है। सभा को संबोधित करते हुए विधायक भूषण तिर्की ने कहा भाजपा ने पूरे विधानसभा चुनाव में झारखंड में सदियों से निवास कर रहे मुसलमानो को राजनीतिक षड्यंत्र के तहत बांग्लादेश भेजने का योजना बनाया था। लेकिन जनता ने उसे करारा जवाब दिया। रैली में जारी प्रखंड सचिव गुलामे मुस्तफा, नुवेल लकड़ा, शकील, लड्डन, मनीरा देवी, उर्मिला केरकेट्टा, रंजीत सरदार, फिलोमिना कुजूर, सरवर, एल्बीयस कुजूर सहित महिला पुरुष शामिल थे।

# कारीगरों के लिए सामुदायिक सुविधा केंद्र भवन का निर्माण किया जायेगा : डीसी

कर्ण सत्यार्थी ने कारीगरों को आधुनिक तकनीक और बाजार तक पहुंच के लिए योजनाओं का दिया आश्वासन

### बसिया के रामजड़ी में ब्रास व ब्रॉन्ज क्लस्टर का उपायुक्त ने किया उदघाटन



कारीगरों के साथ उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी व अन्य।



कांसा के बनाये गये बर्तन को देखते उपायुक्त।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को बसिया प्रखंड के पोक्टा पंचायत अंतर्गत रामजड़ी ग्राम का दौरा किया। यह गांव अपनी सैकड़ों वर्षों पुरानी ब्रास कारीगरी के लिए प्रसिद्ध है। जहां 250 परिवार पारंपरिक रूप से इस कला से जुड़े हुए हैं। उपायुक्त ने कारीगरों के पारंपरिक कार्य को प्रोत्साहित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा चल रही योजनाओं और प्रयासों का जायजा लिया। इस अवसर पर उपायुक्त ने रामजड़ी ग्राम में ब्रास एवं ब्रॉन्ज क्लस्टर का उदघाटन किया। इस क्लस्टर का उद्देश्य कारीगरों को सामूहिक रूप से एक मंच प्रदान करना है। उपायुक्त ने कारीगरों के साथ बातचीत करते हुए उनके व्यवसाय को और सुदृढ़ करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने कारीगरों को आधुनिक तकनीकों और बाजार तक पहुंच बनाने में मदद का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्यम विकास बोर्ड और हिंडाल्को के सीएसआर कार्यक्रम के तहत 50 ब्रास कारीगरों को सुरक्षा उपकरण टूल किट प्रदान किया गया। उपायुक्त ने कहा कि इन उपकरणों से न केवल कारीगरों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी बल्कि उनकी कार्यक्षमता में भी सुधार होगा। उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही कारीगरों के लिए एक सामुदायिक सुविधा केंद्र भवन का निर्माण किया जाएगा एवं मशीनों के वितरण किया जाएगा। जिसका प्रस्ताव पहले ही पारित हो चुका है। वहीं कारीगरों ने अपने काम से जुड़ी कठिनाइयों को उपायुक्त के समक्ष साझा किया। उपायुक्त ने उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव मदद का भरोसा दिया और उन्हें अपने उत्पादों को बेहतर ढंग से बाजार में स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कारीगरों को झारखंड से बाहर अपने उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री करने के अवसर प्रदान करने पर भी जोर दिया। इस दौरान कारीगरों द्वारा निर्मित बर्तनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसे उपायुक्त ने सराहा। उन्होंने कहा कि ब्रास कारीगरी की इस परंपरा को संरक्षित करने के साथ-साथ इसे आधुनिक बाजार की जरूरतों के अनुरूप ढालने की आवश्यकता है। इस दौरान बीडीओ, सीओ, वन कर्मी और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### विकास परियोजनाओं व सार्वजनिक सेवाओं का किया निरीक्षण



उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को क्षेत्र भ्रमण के क्रम में बसिया और पालकोट प्रखंड में विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। उनके निरीक्षण का उद्देश्य जिला में चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लेना और जनसेवा से जुड़ी सुविधाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देना था। उपायुक्त ने सबसे पहले बसिया में हाल ही में निर्मित अनुमंडल स्तरीय इनडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेडियम की सुविधाओं का अवलोकन किया और इसके रखरखाव एवं उपयोग को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने बसिया स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुस्तकालय का दौरा किया। उपायुक्त ने पालकोट प्रखंड में धान अधिप्राप्ति केंद्र का भी निरीक्षण किया। भ्रमण के अंतिम चरण में डीसी ने पालकोट स्थित बाबा भीम राव आंबेडकर पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीपीओ बसिया, बीडीओ पालकोट सहित अन्य सम्बंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# ज्यादा से ज्यादा किसानो को मिले किसान क्रेडिट कार्ड : डीसी डॉ वाघमारे




खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सोमवार को हुई। बैठक में जिले के सभी बैंको के प्रदर्शन पर चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान वर्तमान में सभी बैंको के कार्यों की समीक्षा की गई। उपायुक्त द्वारा सभी बैंको के प्रतिनिधियों से बैंकिंग ऋण से संबंधित आवेदनों की स्थिति की जानकारी ली और निदेश दिया गया कि बैंक शाखाओं में प्राप्त आवेदनों को स्वीकृति हेतु सकारात्मक प्रयास करें और ऋण भुगतान का कार्य किया जाय। आवेदनों को सही तरीके से जांच कर उन्हें अग्रसारित करें। बैठक में मत्स्य, डेयरी समेत अन्य ऋण में सुधार करने के लिए कहा गया । किसान क्रेडिट कार्ड को बढ़ाने के लिए नया सेक्टर खोलने का निर्देश दिया जिससे ज्यादा से ज्यादा किसानो को किसान क्रेडिट कार्ड अच्छादित हो सके।

**पीएमईजीपी योजना की भी हुई बैठक :** उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2024-25 का ऑनलाइन विवरणी भी समीक्षा की। इसमें उद्योग विभाग द्वारा बताया गया कि जिला का लक्ष्य, बैंक द्वारा ऑनलाईन ऋण स्वीकृत किये गए लाभुकों की संख्या और भुगतान किए गए लाभुकों की संख्या से अवगत कराया गया। डीसी ने ससमय युवाओं को ऋण उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिए। बैठक में डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत आरबीआई के प्रतिनिधि, बैंक प्रबंधक व बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# 14 आवासीय विद्यालयों व छात्रावासों की हुई जांच

**बुनियादी सुविधाओं को किया जायेगा दुरुस्त, जांच हेतु बनाये गये 12 टीमें, प्रत्येक टीम में 4 अधिकारी थे शामिल**



खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशन में एक व्यापक अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कल्याण विभाग द्वारा संचालित जिले के सभी आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों का निरीक्षण एवं मूल्यांकन करने के लिए परियोजना निदेशक आईटीडीए रीना हांसदा के नेतृत्व में 12 विशेष टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने जिले के कुल 14 आवासीय विद्यालयों का गहन निरीक्षण किया। प्रत्येक टीम में 4 अधिकारियों को शामिल किया गया। जिन्होंने विद्यालयों में बुनियादी ढांचे, शैक्षणिक सामग्री, शिक्षकों की उपस्थिति, छात्रों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाएं जैसे स्कूल यूनिफॉर्म, बच्चों के स्वास्थ जांच एवं किताबें, जूते और भोजन की गुणवत्ता समेत कई पहलुओं का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवनों की स्थिति, छात्रों के बैठने के लिए बेंच-डेस्क की उपलब्धता, और स्वच्छता की स्थिति पर भी विशेष ध्यान दिया गया। रीना हांसदा ने कहा कि यह पहल उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशन में शुरू की गई। जिसका मुख्य उद्देश्य जिले के कल्याण आवासीय विद्यालयों की शैक्षणिक और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करना है। जिले के कई विद्यालय सुदूरवर्ती इलाकों में स्थित हैं। जहां नियमित निरीक्षण संभव नहीं हो पाता। इस अभियान के तहत विद्यालयों की वास्तविक स्थिति का आकलन कर, आवश्यक सुधारों की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**सभी 14 विद्यालयों में जांच पूरी :** 14 विद्यालयों की जांच अब पूरी हो चुकी है। पहले चरण में सभी विद्यालयों का गैप असेसमेंट कर, समस्याओं की पहचान करते हुए एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई है।

**जांच शिक्षा की गुणवत्ता सुधार में साबित होगा मिल का पत्थर: डीसी**

कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर जल्द ही प्रस्ताव पारित कर विद्यालयों की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने का कार्य शुरू किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधारभूत सुविधाएं प्राप्त हों। डीसी कर्ण सत्यार्थी ने इस अभियान को जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया है। गुमला जिला प्रशासन इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि शिक्षा के स्तर को सुधारते हुए जिले के हर बच्चे को बेहतर भविष्य के अवसर प्रदान किए जाएं।

इस रिपोर्ट के आधार पर दूसरे चरण में सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। इसमें विद्यालयों की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करना और विद्यार्थियों के लिए एक समग्र और समृद्ध शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना शामिल है।

### किसानों के बीच विभिन्न सब्जियों के बीज का किया गया वितरण



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित जेएसएलपीएस कार्यालय में सोमवार को 29 किसानों के बीच टमाटर, बैंगन, नेनुवा, कद्दू, भिंडी और मिर्च का बीज वितरण किया गया। यह कार्यक्रम जिला उद्यान विकास विभाग के तत्वाधान में वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य उद्यान विकास योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद् सदस्य मेरी लकड़ा, चैनपुर मुखिया शोभा देवी, कातिग मुखिया मधुरा मिंज, पंचायत समिति सदस्य आशा लकड़ा, एटीएम अनुकम्पा कुजूर, रीना लकड़ा और बीपीएम बबिता बड़ाईक ने हिस्सा लिया। उन्होंने किसानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि क्षेत्र में पानी की कोई कमी नहीं है और सभी किसान खेती करके अपने जीवन को खुशहाल बना सकते हैं।

# चैनपुर में विजय दिवस समारोह का हुआ आयोजन

**परमवीर अल्बर्ट एक्का के जीवन गाथा पर हुई चर्चा**



खबर मंत्र संवाददाता

**चैनपुर।** परमवीर अल्बर्ट एक्का कॉलेज चैनपुर में सोमवार को विजय दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के योद्धा ऑनरेरी कैप्टन वी नायर उपस्थित थे। वे वर्तमान में केरल के वानप्रस्त आश्रम मँझाटोली में रह रहे हैं। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय वायु सेना के वेटरन सार्जेंट अनिरुद्ध सिंह, नौसेना के वेटरन ऑनरेरी लेफ्टिनेंट हरिनारायण साहू और जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी गुमला, कमांडर रामाराव साहब शामिल हुए। कॉलेज के प्राचार्य ने मेहमानों का स्वागत किया। वहीं सार्जेंट अनिरुद्ध सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने लांस नायक अल्बर्ट एक्का की रणभूमि, गंगासागर युद्ध का प्रोजेक्टर द्वारा चित्रण किया। मंच पर उपस्थित थल, जल और नभ सेना के योद्धाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए आर्मी, नेवी और वायु सेना के शौर्य और पराक्रम की गाथा सुनाई। मुख्य अतिथि कैप्टन नायर ने मुक्तिवाहिनी बल को प्रशिक्षण देने के अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में सार्जेंट अभिजीत दास, वारंट ऑफिसर एस सेन, बी एस एफ के सुनील कुजूर, सेना के के के तिवारी व अन्य उपस्थित थे।

### उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत प्रचार वाहन को किया गया रवाना



लोहरदगा। केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और 2021-22 की बजट घोषणाओं के अनुरूप व्यस्क शिक्षा के सभी पहलुओं को कवर करने के लिए वित्तीय वर्ष 2022-2027 की अवधि के लिए न्यू इंडिया साक्षरता कार्यक्रम को मंजूरी दी गई थी। जिसके तहत सोमवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम 2024 का आम लोगो के बीच प्रचार-प्रसार के लिए शिक्षा विभाग, लोहरदगा के जागरूकता प्रचार वाहन को समाहरणालय परिसर, लोहरदगा से सभी प्रखंडों के लिए रवाना किया गया। इस मौके पर डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला शिक्षा अधीक्षक दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम जीवन नायक व अन्य उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता प्रदान करना, महत्वपूर्ण जीवन कौशल सिखाना, कौशल विकास, सतत शिक्षा है। सभी डिजिटल सामग्री टीवी, रेडियो, मोबाइल एप के माध्यम से प्राप्त होगी। यह योजना 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के गैर-साक्षर लोगों को कवर करेगी।

### सेवानिवृत शिक्षक के निधन पर शोक सभा का आयोजन



लोहरदगा। पीएम श्री रा मध्य विद्यालय नवाड़ी पाड़ा लोहरदगा विद्यालय परिवार ने विद्यालय के संस्थापक प्रधानाध्यापक सह सेवानिवृत शिक्षक श्रीकृष्णा ठाकुर के निधन पर शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रीकृष्ण ठाकुर ने नवाड़ी पाड़ा क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने का कार्य किया एवं घर घर जाकर शिक्षा के महत्व की जानकारी देकर बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का कार्य किया फलस्वरूप विद्यालय का गौरवमय इतिहास के रूप में जाना जाता है। आज भी इस विद्यालय को इनके निक नेम नाम गुड़वा विद्यालय के रूप में जाना जाता है। इनके द्वारा पढ़ाए गए कई छात्र आज डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, वकील, व्यवसाय, प्रशासनिक पदाधिकारी जैसे उच्च पदों पर आसीन होकर नाम रौशन कर रहे हैं।श्रद्धांजलि सभा में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं आसपास के अभिभावक इत्यादि मौजूद थे। श्रद्धांजलि सभा में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण राम, विज्ञान शिक्षक राहुल कुमार, रतना मिंज, नेमहंती मिंज, सुमित्रा टोप्पो, मनीष, नीलम कुमारी, सुमन देवी, पुष्पा देवी, किरण देवी, सुनीता देवी, प्रवीण, उपेंद्र महतो इत्यादि उपस्थित थे।

### जनशिकायत समाधान कार्यक्रम 18 को

लोहरदगा। लोहरदगा पुलिस की ओर से नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु झारखंड पुलिस की अनूठी पहल के अंतर्गत 18 दिसंबर को सुबह 11 बजे से जनशिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन नया नगर भवन, लोहरदगा में किया गया है। पुलिस अधीक्षक लोहरदगा द्वारा लोहरदगा जिला के आम नागरिकों से अपील की गई है कि उक्त जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए मोबाईल नम्बर 9470546635 पर या ई-मेल आईडी पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक 18 दिसंबर को

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक 18 दिसंबर को 11:00 बजे से समाहरणालय के सामने यूक्लिप्टस मैदान में होगी। उक्त जानकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमर किन्डो, सचिव विशेषण भगत, नगर अध्यक्ष रूस्तम खान, सचिव दिनेश साहू, केन्द्रीय सदस्य इसरार अहमद, सीता उरांव, कोषाध्यक्ष कृष्णा ठाकुर ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर दी है। नेताओं ने कहा है कि जिला समिति की इस बैठक का मुख्य बिंदु मुख्यमंत्री से वार्ता, 3 जनवरी को जयपाल सिंह मुंडा एवं सावित्री बाई फुले की जयंती समारोह, आंदोलनकारियों की समस्याओं का निराकरण आदि शामिल हैं। इस बैठक में केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, प्रधान महासचिव कयूम खान, उपाध्यक्ष किशोर किस्कू, सलाहकार समिति सदस्य प्रो. विनोद भगत सहित कई गण्यमान्य नेता भाग लेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष किन्डो ने कहा कि जल्द ही एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड आंदोलनकारी महासभा के प्रतिनिधि मंडल मिल कर 11 सूत्री मांगों पर विमर्श करेंगे। आंदोलनकारी साथियों की जल्द से जल्द चिन्हितीकरण, नियोजन और पेंशन तथा बकाए पेंशन राशि का भुगतान आदि के बारे में विशेष चर्चा की जाएगी।

# बीडीओ ने की योजनाओं की समीक्षा



खबर मंत्र संवाददाता

**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र के हनहट पंचायत भवन में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य ने पंचायत के ग्रामीणों के साथ मनरेगा सहित विभिन्न योजनाओं को लेकर बैठक किया। जिसमें खासतौर पर पीएम व अबुवा आवास के वैसे लाभुक जो या तो आवास के नाम पर राशि लेकर काम नही कर रहे अथवा निर्माण काम अधूरे में छोड़े हैं उनको कड़ा निर्देश देते हुए आवास काम को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही आवास कार्य से जुड़े कर्मियों को कहा कि निगरानी रखते हुए सभी लंबित आवास को पूर्ण करवाएं। बैठक में मुख्य तौर पर मईया सम्मान योजना में ऑनलाइन के समय हुई गड़बड़ इंट्री और पैसा नही मिलने का मामला भी उठा जिसपर बीडीओ ने कहा कि ब्लॉक में आकर संपर्क करें और इसका निराकरण किया जाएगा। बैठक में आवास समन्वयक दिनेश कुमार, पंचायत सचिव पावन कुमार, इंतखाब आलम, नौशाद अली, गोविंद महतो सहित प्रखंड कर्मी व ग्रामीण मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# चट्टी में विराजमान शनि देव मंदिर मे उमड़ रही है भक्तो की भीड़

**चट्टी स्थित सूर्यपुत्र शनिदेव मंदिर में पूजा से शनि की साढ़ेसाती होगी दूर**



पूजा के लिए उमड़ी भीड़।



शनिदेव की पूजा अर्चना करते लोग।

खबर मंत्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड के चट्टी गांव स्थित छोनी टंगरा में नवनिर्मित शारदा भवानी मंदिर मे विराजमान शनिदेव में लोगों की आस्था बढ़ने लगी है। पांच वर्ष पहले ही इस मंदिर की स्थापना की गई है।

आज भक्तों का इस मंदिर में हर शनिवार को जमावड़ा देखने को मिलता है। आस पास के दर्जनों गावों के भक्त चट्टी पहुंचकर कर पुरे विधि विधान से अपने आराध्य शनि देव की पूजा अर्चना कर रहे है चट्टी में शनि देव के चमत्कार को देख लोगों की इस मंदिर के प्रति आस्था बढ़ने लगी है। सूर्यपुत्र शनिदेव का देवताओं में अपना अलग ही स्थान है। शनिदेव का चमत्कार लोग देख चुके हैं। देश के हर कोने में शनि देव के मंदिर की स्थापना की गई है।

शनिदेव को मानने वाले लोग इनकी उपासना दिल से करते हैं। चट्टी स्थित शनि मंदिर में हर शनिवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगती है। सभी अपने-अपने ढंग से शनि देव की उपासना करते हैं। भक्त तेल, तिल और गुड़ का अर्पण कर शनि देव को खुश कर उनकी पूजा करते हैं।

**पांच वर्ष पहले हुई स्थापना**

शनिदेव का मंदिर निर्माण कराने वाले भक्त जगतपाल साहू ने बताया कि शनि देव की प्रतिमा की स्थापना हुए अभी माह ही हुए हैं, लेकिन स्थापना के बाद से ही शनिदेव का आशीर्वाद लेने भक्त आ रहे हैं। हर शनिवार को इस मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। हमारे परिवार पर भी शनिदेव का आशीर्वाद बना हुआ है। विपदा आने पर शनिदेव हमारी सभी समस्याएं दूर करते हैं। उन्होने बताया की फिलहाल क्षेत्र मे मान्यता है की जिनका एक संतान है वें अपने भाई से भीख मांग कर शनि देव की पूजा कर रहे है। उन्होंने बताया की शनि देव की उपासना करने से जीवन की सारी बाधाएं दूर हो जाती है।

शनि देव बधाओं को दूर करने वाले देव हैं। शनि की साढ़ेसाती इंसान को काफी तकलीफ देती है। सूर्य पुत्र शनि देव की पूजा हर शनिवार को करने से शनिदेव की कृपा बनी रहती है। शनि देव खुश होने पर आशीर्वाद देते हैं। और इंसान की साढ़ेसाती भी दूर हो जाती है।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ सह स्वामी विवेकानंद जयंती पर होगा भव्य कार्यक्रम

>> मशहूर भजन गायिका शहनाज अख्तर आएंगी गुमला, शहर के सभी मंदिरों को सजाया जाएगा

>> सनातन मंच गुमला की बैठक संपन्न, 11 व 12 जनवरी को मनाया जाएगा उत्सव



खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ के निमित सनातन मंच गुमला की बैठक हुई। बैठक में राम मंदिर वर्षगांठ पर को लेकर भव्य कार्यक्रम करने हेतु रूप रेखा निर्धारित की गई। सनातन मंच गुमला के द्वारा 11 व 12 जनवरी 2025 को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ सह स्वामी विवेकानंद जयंती को भव्य उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। वर्षगांठ उत्सव सह विवेकानंद जयंती के अवसर पर 12 जनवरी को गुमला में मंचीय कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई है। जिसमें मशहूर भजन गायिका शहनाज अख्तर गुमला के पावन धरती में अपने प्रचलित भजनों से गुमला का माहौल भक्तिमय करने आ रही है। साथ ही भारत के प्रखर विद्वान स्वामी विवेकानंद जी के जयंती के अवसर पर इसी मंच पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सनातन चेतना को जागृत करने के लिए देश के विभिन्न स्थानों से प्रमुख वक्ताओं को भी बुलाने हेतु निमंत्रण दिया गया है। पूरे गुमला नगर के प्रमुख मार्गो व मंदिरों को सजाने का कार्य भी किया जाएगा। बैठक में सनातनी संजीव उर्वशी, अरुण साहू, निर्मल गोयल, रविंद्र सिंह, उज्वल सिन्हा, सरजू प्रसाद, विवेक अधिकारी, शनि साबू, शशि प्रिया बंटी, अनिल आनंद, सुमित साबू, प्रदीप कसेरा, उदय गुप्ता, कुणाल अग्रवाल, नितेश लाल, सोनल केशरी, अभय सिंह, हर्ष जायसवाल, सुभाष जायसवाल, मिथलेश, अमन, बिट्टू, आशु, हर्ष, आतिश, विनोद, अनिकेत, बबलू, अनमोल, राहुल, राजेश, सूरज, गोकुल, व अन्य सदस्य मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

### चंदवा ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में एथेलेटिक्स इवेंट का आयोजन 20 को

**चंदवा।** ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल पिपराही रोल के तत्वावधान में 20 दिसम्बर शुक्रवार को एथेलेटिक्स इवेंट 2024 का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष कुश कुमार ने दी है। इन्होंने बताया कि एथेलेटिक्स इवेंट 2024 के दौरान सीनियर व जूनियर बालक व बालिका दोनों वर्गों में दौड़, साइकिल रेस, नृत्य, लांग जम्प, हाई जम्प, रिले रेस, कुर्सी रेस व फुटबॉल प्रतिस्पर्धा समेत कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि फुटबॉल मैच में हाई स्कूल नगर, हाई स्कूल रोल, आदर्श उच्च विद्यालय, मिशन स्कूल चंदवा व ब्राइट फ्यूचर की टीम हिस्सा लेगी। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आयोजन समिति की ओर से पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से घायल



**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के कुटमू चौक पर आज एक दर्दनाक दुर्घटना घटी। जब तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला केचकी पंचायत के कचनपुर की रहने वाली है। वह किसी कार्य से कुटमू चौक आयी थी। सूत्रों के अनुसार, महिला सड़क पार कर रही थी, तभी दूसरी ओर से आ रहे ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने घायल महिला का प्राथमिक उपचार कराकर बेहतर इलाज के लिए एंबुलेंस के माध्यम से डालटनगंज भेजा। महिला की हालत गंभीर बतायी जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही बरवाडीह पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया और जांच शुरू कर दी है। वहीं ट्रैक्टर को जब्त कर थाने ले आयी है। क्षेत्र में आये दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं से सुरक्षा उपायों को लेकर स्थानीय निवासियों में चिंता बढ़ गई है। नये वर्ष पर दुर्घटनाएं और भी बढ़ जाती हैं। लोगों द्वारा प्रशासन से बेहतर यातायात सुरक्षा की मांग की जा रही है।

### विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के लिए आमसभा 17-18 को

**चंदवा।** बनहरदी कोल परियोजना के अंतर्गत विस्थापित परिवारों के पुनर्वास हेतु 17 दिसम्बर मंगलवार को आमसभा आयोजित की गई है। भू-अर्जन पदाधिकारी लातेहार के पत्रांक 608 दिनांक 30/11/2024 के आलोक में पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन हेतु उक्त आम सभा आयोजित की गई है। उक्त आशय की जानकारी अंचल कार्यालय चंदवा के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गयी है। जिसमें कहा गया है कि बनहरदी कोल परियोजना के अंतर्गत विस्थापित परिवारों के पुनर्वास हेतु अभियाचना प्राप्त हुई है। जिसके आलोक में आगामी 17 दिसम्बर मंगलवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय किता में आम सभा का आयोजन किया गया है। इसी प्रकार ग्राम आन के उरांव टोली में 18 दिसम्बर दिन बुधवार को आम वृक्ष के नीचे आम सभा का आयोजन किया गया है। आम सभा के प्रचार प्रसार हेतु मुखिया, पंचायत सचिव, राजस्व उप निरीक्षक, अंचल निरीक्षक को जिम्मेदारी दी गई है। ताकि अधिक से अधिक लोग इस आम सभा में भाग ले सकें। इसकी प्रतिलिपि थाना प्रभारी, उप प्रबंधक बनहरदी कोल ब्लॉक, प्रखंड विकास पदाधिकारी व जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को भी दी गयी है।

## उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने की राजस्व संग्रहण को लेकर बैठक, दिये निर्देश

# भू-राजस्व, दाखिल-खारिज, भूमि सीमांकन की समीक्षा कर ससमय कार्यों को निष्पादित करें

- उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों से राजस्व संग्रहण में आ रही समस्याओं पर विस्तृत जानकारी ली

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने जिले में राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा कर सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में उपायुक्त के द्वारा, भू-लगान, दाखिल-खारिज, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने जमीनों के दाखिल-खारिज से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का उचित कारणों के साथ ससमय समाधान करायें। साथ ही वैसे आवेदन जिसमें कोई त्रुटि हो तो उनको भी उचित कारणों के साथ अस्वीकृत करें। बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों से राजस्व संग्रहण में आ रही समस्याओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उन्होंने आपसी समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रह के शेष लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिए। साथ ही राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने व शेष लक्ष्य को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया। राजस्व संग्रहण में लक्ष्य के विरुद्ध शतप्रतिशत उपलब्धि हासिल करने को कहा। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू अन्य संबंधित पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## विधायक प्रकाश राम ने मृतक के परिजनों से की मुलाकात



- प्रशासनिक समेत अन्य सहयोग का दिलाया भरोसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** विधायक प्रकाश राम ने सोमवार को शीशी ग्राम पहुंच मृतक के परिजन से मुलाकात कर ढाढस बंधाया। ज्ञात हो कि बीते शुक्रवार की शाम एक सड़क दुर्घटना में जितेंद्र कुमार की मृत्यु हो गई थी। उन्होंने इस घटना पर अपनी संवेदना प्रकट की और परिजनों को इस विषम घड़ी में धैर्य से काम लेने की बात कही। उन्होंने परिजनों को प्रशासनिक समेत हर प्रकार का सहयोग करने का आश्वासन दिया। कहा कि वे उनके इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने प्रशासनिक स्तर पर मिलने वाले मुआवजा समेत अन्य सहयोग के लिए पहल करने की बात कही। बता दें कि जितेंद्र पॉलिटेक्निक कॉलेज से अपने घर शीशी ग्राम बाइक से जा रहा था। रास्ते में एक मिक्सर मशीन वाले वाहन ने उसकी बाइक को अपनी चपेट मे ले लिया था। इस घटना में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी थी। मौके पर भाजपा नेता पवन कुमार समेत अन्य कई कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे।

## सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो होगा उग्र आंदोलन : बिरजू राम

- माले नेताओं ने बीडीओ को सौंपा मांगपत्र, परेशानियों से निजात दिलाने की मांग
- शिलान्यास के एक वर्ष बाद भी अधूरा पड़ा है बरवाडीह छिपादोहर मार्ग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बीडीओ को आवेदन सौंपते माले नेता

**बरवाडीह।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बरवाडीह-छिपादोहर सड़क का निर्माण कार्य पिछले कई महीने से बंद पड़ा है। सड़क का निर्माण कार्य बंद होने के कारण आस पास बसे घर के लोगों के साथ राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। सड़क की खुदाई के कारण कई लोग दुर्घटना का भी शिकार हो चुके है। बीते तीन दिन पूर्व बाईक दुर्घटना में एक व्यक्ति ने अपनी जान भी गवाई थी। विभाग और ठेकेदार की कार्य शैली से नाराज होकर सोमवार को उकामाड़ पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों ने माले जिला सचिव बिरजू राम के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय पहुंच कर बीडीओ रेशमा रेखा मिंज से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य लम्बे समय से बंद होने के कारण हो रही परेशानी और दुर्घटना से अवगत कराते हुए उपायुक्त के नाम माँग पत्र सौपा। माँग पत्र के माध्यम से ग्रामीणों नें सड़क निर्माण जल्द शुरू नहीं होने पर सड़क जाम कर आंदोलन करने की चेतावनी दी। बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने ग्रामीणों की शिकायत पर तत्काल संवेदक को फोन किया पर संवेदक के द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया। जिस पर बीडीओ ने पुरे मामले से वरिय अधिकारियो को अवगत कराने की बात कही। मौके पर जितेंद्र सिंह, सुदामा राम, शंकर ठाकुर, नरेश राम, बिरजू राम और चिंता देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बतख चूजा का किया गया वितरण



**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित पशु चिकित्सालय में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 की योजना 90% एवं 75% अनुदान के तहत बारियातु, साल्वे व अमरवाडीह पंचायत के कुल 39 लाभुकों के बीच 15-15 बतख चूजा का वितरण किया गया। साथ में रोग से बचाव के लिए दवा भी प्रत्येक लाभुक को वितरण किया गया। इस मौके पर प्रखण्ड उप प्रमुख निशा शाहदेव व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, पंचायत समिति सदस्य सोनी देवी, डाढ़ा मुखिया सुरेश उरांव मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि झारखण्ड सरकार के महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत ग्रामीणों के आय में वृद्धि व महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने ने सभी लाभुकों को सही तरह से बत्तख चूजा को पालन करके अपने आय मे वृद्धि करने को कहा। उन्होने बारी बारी से मुख्यमंत्री पशुधन योजना के बारे मे महत्वपूर्ण जानकारी दी, साथ ही रख रखाव के बारे मे कई आवश्यक सुझाव भी दिए। पशु चिकित्सालय पदाधिकारी डॉक्टर शुशीला बागे व बिनोद बैठा ने चूजों के रख रखाव व आवश्यक दवाओं के संबंध मे जानकारी दी व आशा व्यक्त की कि लाभुक इस योजना का लाभ उठाकर अपने आय का स्रोत में वृद्धि करेंगे।

## जंगली हाथियों के झूंड ने जमकर मचाया उत्पात, पीडीएस दुकान में रखे चार क्विंटल राशन खा गये



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के हेबना ग्राम में रविवार देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाते हुए राशन दुकान में रखा हुआ चावल एवं गेंहू चट कर गए। इस संबंध में जानकारी देते हुए जन वितरण प्रणाली के दुकान संचालक बिंदेश्वर महतो ने बताया कि उनकी दुकान में लोगों को बांटने के लिए राशन रखा हुआ था। जहां हाथियों के झुंड ने हमला बोलते हुए सामने का गेट तोड़कर रखा चावल एवं गेहूं चट कर गए। हाथियों के झुंड ने इस दौरान करीब 4 क्विंटल गेहूं एवं चावल खा गए। इसके अलावा जंगली हाथियों ने गांव में कई किसानों के खेत में लगे प्याज एवं आलू की फसल को रौंदकर नष्ट कर दिया। वहीं मामले की सूचना पाकर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका देवी ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। जिप सदस्य प्रियंका देवी ने बताया कि इस क्षेत्र में लगातार हाथियों द्वारा उत्पात मचाया जा रहा है। बावजूद इसके वन विभाग हाथियों के झुंड को भगाने में नाकाम साबित हो रहा है। ज्ञात हो कि तीन दिन पूर्व हाथियों के झुंड ने मारंगलोइया ग्राम में एक किसान को पटक कर मार डाला था।

## मनरेगा की संचालित योजनाओं के कार्य स्थल पर लगाया जाए बोर्ड : सुरेंद्र पासवान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित लैम्पस भवन में धान क्रय केन्द्र के उद्घाटन के उपरांत स्थानीय वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र पासवान ने लातेहार जिला के डीडीसी सुरजीत कुमार सिंह से वार्ता करते हुए पुराने प्रखंड कार्यालय परिसर के समीप लोगों को रोजगार मिल सके इसके लिए शेड निर्माण कराने की दिशा में पहल करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रखंड कार्यालय परिसर के सामने स्थित तालाब को भरवाने से वहां पर सुंदरीकरण किया जा सकता है। उन्होंने डीडीसी से मनिका प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित मनरेगा की योजनाओ में योजना स्थल पर बोर्ड लगवाने की मांग करते हुए कहा कि योजना स्थल पर बोर्ड लगाने से लोगों को योजनाओं के संबंध में जानकारी मिलेगी साथ ही भ्रष्टाचार पर भी नकेल कसा जा सकता है। इसलिए योजना प्रारंभ होने से पहले ही स्थल पर बोर्ड लगवाए जाएं। वहीं डीडीसी ने समाजसेवी श्री पासवान की बातों का समर्थन करते हुए मौजूद बीडीओ संदीप कुमार से सभी संचालित योजनाओं में योजना स्थल पर बोर्ड लगवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं के कार्य स्थल पर बोर्ड नहीं लगाये गये हों उन पर एक हजार रुपए जुर्माना के साथ-साथ अन्य कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। वहीं डीडीसी ने कार्य स्थल पर हर हाल में योजना का बोर्ड लगाने का निर्देश बीडीओ को दिया। मौके पर बीडीओ संदीप कुमार, सीओ नंद कुमार राम, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, कांग्रेसी नेता कामेश्वर प्रसाद यादव, ग्राम प्रधान रजत कुमार, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, लैंपस प्रबंधक सत्येंद्र कुमार यादव, कृष्णा यादव, अनिल यादव, मनोज यादव, विश्वनाथ राय समेत कई लोग उपस्थित थे।

## शौंण्डिक जयसवाल समाज की बैठक में समाज को मजबूत बनाने पर चर्चा



- विजय जायसवाल की आकस्मिक मृत्यु पर समाज की ओर से किया गया शोक व्यक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** रविवार की देर शाम बुध बाजार स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में शौंडीक जायसवाल समाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष प्रमोद साहू ने की। बैठक में सामाजिक एकता व सामाज को मजबूत बनाने पर चर्चा की गयी। पिछ्ले साल का लेखा-जोखा भी रखा गया। राजस्व को बढ़ाने पर भी चर्चा की गई। वहीं बैठक के अंत में विजय जायसवाल की आकस्मिक मृत्यु पर समाज की ओर से शोक व्यक्त किया गया। इस मौके पर रामनाथ गुप्ता ने कहा कि उन्हें हमेशा याद किया जाएगा और उनकी बहुत याद आएगी। यह दुख असहनीय होता है। दिवंगत आत्मा को शांति और मोक्ष प्रदान करें। वहीं महेंद्र प्रसाद साहू ने कहा की इस दुःख की घड़ी में हम सब समाज साथ मै हैं। दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गयी। रमेश गुप्ता ने कहा की हम सब समाज आपके और आपके परिवार के साथ है समाज के अध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा की दिवंगत आत्मा को शांति और मोक्ष प्रदान करें। इस दुःख की घड़ी में हम सब आपके साथ हैं दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गयी।

इस मौके पर ओम प्रकाश गुप्ता, संतोष प्रसाद साहू, वीरेंद्र प्रसाद, भोला गुप्ता, गुड्डा जयसवाल, विनय विद्यार्थी, दिलीप प्रसाद, दिनेश प्रसाद, राजेश प्रसाद, रवि राज, मोहनिश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## वन सीमा क्षेत्र में बन रहे पीसीसी पथ निर्माण मामले में भारद्वाज कंस्ट्रक्शन पर मामला दर्ज

- बालूमाथ क्षेत्र के रेंजर को सूचना मिलते ही अविलंब वनरक्षी संतोष उरांव को निर्देश दिया गया, जिसके बाद निर्माण कार्य को रोक दिया गया
- बगैर जानकारी दिये वन सीमा क्षेत्र में सड़क बनाना कानूनी जुर्म है : रेंजर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत बानालात ग्राम में डीएमएफटी फंड से लगभग 99 लाख की लागत से पीसीसी पथ निर्माण कार्य मामले में भारद्वाज कंस्ट्रक्शन के विश्वास सिंह, पेटीदार जय प्रकाश सिंह, अरविंद सिंह, शिव सिंह, गोलू सिंह सभी बानालात निवासी के खिलाफ वन भूमि पर सड़क निर्माण कार्य के मामले में भारतीय वन अधिनियम धारा 33 के तहत वनरक्षी संतोष कुमार के लिखित शिकायत पर केस दर्ज किया गया है।

जानकारी देते हुए वन विभाग अधिकारी संतोष ने बताया कि बगैर अनापत्ति प्रमाण-पत्र लिए वन सीमा क्षेत्र में उपरोक्त व्यक्ति द्वारा रात में सड़क निर्माण कराया जा रहा था। जिसकी सूचना वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी, बालूमाथ को दी गई। इसके बाद वनपाल विजय शंकर शर्मा के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर कार्य स्थल पर पहुंचकर वन सीमा क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों एवं वन समिति के सदस्यों से पूछताछ में ज्ञात हुआ कि भारद्वाज कंस्ट्रक्शन के विश्वास सिंह के द्वारा कार्य कराया जा रहा है। वनरक्षी ने बताया कि बानलात पी.एफ. सरकार द्वारा सीमांकित एवं अधिसूचित वन है। अवैध अतिक्रमण करना भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा 33 का उल्लंघन है, जो दण्डनीय एवं संज्ञेय अपराध है। वहीं बानालात वन समिति के अध्यक्ष उपेन्द्र पाठक ने बताया कि बीते वर्ष मेरे द्वारा उक्त सड़क के लिए ग्राम सभा में प्रस्ताव को मंजूरी करवाया था, जिसके पश्चात डीएमफटी फंड लातेहार द्वारा प्राक्कलन राशि 98 लाख 56 हजार 200 की स्वीकृति दी गयी जबकि सड़क के लिए जिस भूमि पर बनाया जाना है उसपर ना बनाकर उपेन्द्र पाठक की रैयती जमीन पर बाजबरन निर्माण किया जा रहा था। विरोध करने पर विवाद करने लगा, जिसको लेकर बारियातू थाना प्रभारी को जानकारी दी गयी थी।

वहीं अंचलाधिकारी नंदकुमार राम ने उपेन्द्र पाठक की रैयती भूमि पर निर्माण कार्य को अविलंब रोकवा दिया। कुछ दिन बाद वन सीमा क्षेत्र में निर्माण कार्य कराया जा रहा था। बालूमाथ क्षेत्र के रेंजर को सूचना मिलते ही अविलंब वनरक्षी संतोष उरांव को निर्देश दिया गया। जिसके बाद निर्माण कार्य को रोक दिया गया। विभाग का कहना है कि बगैर जानकारी दिए वन सीमा क्षेत्र में सड़क बनाना कानूनी जुर्म है।

# बाजार की सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी लगाने का निर्णय

- व्यावसायिक समिति की बैठक में डीएसपी और थाना प्रभारी हुए शामिल
- चोरी की घटना के उद्भेदन को लेकर पुलिस कर रही छापामारी : एसडीपीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरवाडीह।** रविवार की शाम बरवाडीह मुख्य बाजार शेड में व्यावसायिक समिति की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष दीपक राज ने की। जिसमें बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) भरत राम, थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार और सैकड़ों स्थानीय दुकानदारों ने भाग लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य 4 दिसंबर की रात ज्वेलरी शॉप में हुई चोरी की घटना और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उपायों पर चर्चा करना था। अध्यक्ष दीपक राज ने कहा कि चोरी की घटना के बावजूद अब तक पुलिस प्रशासन को इस मामले में सफलता हाथ नहीं लगी है। हालांकि, पुलिस प्रशासन लगातार इस घटना के उद्भेदन को लेकर छापेमारी कर रही है, ताकि इस घटना का उद्भेदन जल्द से जल्द हो सके।

एसडीपीओ भरत राम ने कहा कि चोरी की घटना के उद्भेदन के लिए पुलिस हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक स्वयं इस मामले पर अपनी नजर रखे हुए हैं। उन्होंने दुकानदारों से सहयोग की अपील करते हुए बताया कि रात्रि 11 बजे से सुबह 5 बजे तक पुलिस गश्ती बढ़ा दी गई है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी दुकानदारों के सहयोग से बाजार के विभिन्न चिन्हित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही, पहले से लगे कैमरों को और मजबूत किया जाएगा। सभी दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के बाहर रोशनी के लिए बल्ब लगाने के निर्देश दिए गए, ताकि रात में भी बाजार सुरक्षित और रोशन रहे। वहीं दुकानदारों ने अपनी-अपनी समस्याएं और सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे। अधिकारियों ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया।

इस बैठक में व्यवसायिक संघ के प्रमुख सदस्यों सहित सैकड़ों दुकानदार शामिल हुए। इनमें कन्हाई प्रसाद, बिरेंद्र ठाकुर, मनोज जयसवाल, स्वरित छाबड़ा, पवन सोनी, अख्तर खान, मनीष सोनी, सोनू सरदार, अमीर खान, धीरेन्द्र गोस्वामी, राहुल अग्रवाल, रिंकू खान, विशाल अग्रवाल, मुकु अग्रवाल, पवन जयसवाल, मदन लाल और विजय ठाकुर प्रमुख थे। बैठक में लिए गए निर्णयों और पुलिस प्रशासन की सक्रियता ने दुकानदारों के बीच सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ाया है। सभी दुकानदार बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन के साथ सहयोग करने को प्रतिबद्ध दिखें। वहीं दुकानदारों की सबसे प्रमुख मांग रही कि चोरी की घटना का जल्द से जल्द पुलिस उद्भेदन करें।

## ट्रक ऑनर एसोसिएशन अध्यक्ष ने डीटीओ से मांगी कई जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- डीटीओ कार्यालय में कार्यरत तनवीर हुसैन का क्या दायित्व है, इनकी नियुक्ति किस विभाग से हुई है, तनवीर इस कार्यालय में कब से कार्यरत हैं?



**बालूमाथ।** लातेहार जिला परिवहन पदाधिकारी को सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना उपलब्ध कराने को लेकर पत्र लिखकर बालूमाथ के पूर्व उप-प्रमुख एवं ट्रक ऑनर एसोसिएशन अध्यक्ष संजीव कुमार सिन्हा ने जानकारी मांगी है। जिसमें उन्होंने कहा है कि बीते 12 दिसंबर को मोटरयान अधिनियम के उल्लंघन में पकड़ी गई गाड़ियों का ब्यौरा, उनके नंबर, राज्य से पंजीकृत वाहन एवं अन्य राज्यों के पंजीकृत गाड़ियों एवं उसपर कार्रवाई का ब्यौरा, अगर राज्य की बाहर की गाड़ियों से दंड स्वरूप यदि राशि का वसूली नहीं की गयी है तो क्यों, वहीं जिला परिवहन कार्यालय में कार्यरत तनवीर हुसैन का क्या दायित्व है इनकी नियुक्ति किस विभाग से हुई है, तनवीर इस कार्यालय में कब से कार्यरत हैं। इसकी पुरी जानकारी दी जाए।

संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार द्वारा राज्य की बाहर की गाड़ियों को टू पॉइंट का उल्लंघन करते हुए पाए जाने के बावजूद उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जबकि स्थानीय ट्रक मालिकों का दोहन करते हुए उन पर कार्रवाई कर फाइन की वसूली की जा रही है। जिसको लेकर स्थानीय ट्रक मालिकों एवं हाईवा मालिकों में रोष व्याप्त है।

उन्होंने कहा कि बाहर राज्य की गाड़ियों को राज्य में चलने के लिए उनको यहां का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होता है। बावजूद ऐसे ट्रक एवं हाईवा मालिकों पर कार्रवाई नहीं करना कहीं ना कहीं जिला परिवहन पदाधिकारी की मिलीभगत को दर्शाता है।

वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि हम लोग दूसरे राज्य की गाड़ियां जो इस राज्य में परिवहन कर रही हैं, के अलावा सभी गाड़ियों जो नियम का उल्लंघन कर गाड़ी चला रहे हैं। उन पर कार्रवाई करते हुए उनसे फाइन की वसूली कर रहे हैं।

स्पीड न्यूज

## सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा धर्म संसद का विवाद

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में यति नरसिंहानंद फाउंडेशन को कथित धर्म संसद आयोजित करने की राज्य सरकार के अनुमति देने के मामले को कई पूर्व वरिष्ठ नौकरशाहों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अदालत की अवमानना करार देते हुए राज्य की पुलिस और संबंधित जिला प्रशासन के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की है।

## भाजपा नेता हत्या मामले में चार नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में भारतीय जनता पार्टी के नेता व पूर्व सरपंच सुकलू फरसा की हत्या करने वाले चार नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार चारों प्रतिबंधित नक्सली संगठन जनमिलिशिया कैडर के सदस्य हैं। इनका मुख्य काम गांव-गांव में नक्सलियों के बैठकों की व्यवस्था करना, उनके लिए खाना मंगवाना, आईईडी लगाना, लेवी वसूली करना और सड़क-पेड़ काटना जैसे कार्य करना था।

## कश्मीर घाटी में शीतलहर जारी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कश्मीर घाटी में शीतलहर का प्रकोप जारी है, हालांकि कई मौसम केंद्रों पर रात के तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। श्रीनगर मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि घाटी में हाड कंपाने वाली शीतलहर का प्रकोप जारी रहने के आसार हैं। श्रीनगर में सोमवार को लगातार दूसरे दिन न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 3.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य तापमान शून्य से नीचे 1.2 डिग्री सेल्सियस से 2.2 डिग्री सेल्सियस नीचे है।

## पूर्व मंत्री सहित 12 नेता भाजपा से निष्कासित

जालंधर। भाजपा जालंधर की कोर कमेटी में चर्चा के बाद 12 नेताओं को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप में तत्काल प्रभाव से छह वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। भाजपा पंजाब के प्रभारी व गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी, राष्ट्रीय सचिव, विधायक एवं सह-प्रभारी नरेंद्र रैनाजी एवं अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने सोमवार को कोर कमेटी में चर्चा के बाद इन नेताओं को छह वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया।

## द. गाजा में इजरायल का हमला, 20 की मौत

यरूशलम। दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस शहर के पास फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के एक स्कूल पर इजरायली हमले में बच्चों सहित कम से कम 20 लोग मारे गये। फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने बताया कि स्कूल विस्थापित लोगों का आश्रय स्थल था। हमले में बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं।

## दिल्ली में फिर लागू हुई ग्रैप तीन पाबंदी

नयी दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के स्तर में तेजी से वृद्धि हुई है। सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 350 दर्ज किया गया जो कि बेहद खराब श्रेणी में आता है। इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पोंस एक्शन प्लान ( ग्रैप) -3 की पाबंदियों को लागू कर दिया है।

## पंजाब में आतंकी डल्ला के चार गुर्गे गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टॉस्क फोर्स ने मोहाली पुलिस के साथ मिलकर आतंकी अर्श डल्ला के चार गुर्गों को गिरफ्तार किया है। गुर्गों के कब्जे से तीन अवैध हथियार और 16 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपितों ने हाल ही में अमेरिका के हैंडलर के निर्देश पर मोहाली में एक कार एक्सेसरीज शोरूम पर गोलीबारी की थी।

# श्रीलंका की भूमि का उपयोग भारत के खिलाफ नहीं होगा : दिसानायके

## श्रीलंका के राष्ट्रपति ने आर्थिक संकट के दौरान मदद के लिए भारत का जताया आभार

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के साथ बातचीत की। इस दौरान दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में सहयोग को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। दिसानायके ने अभूतपूर्व आर्थिक संकट के दौरान भारत के अत्यधिक समर्थन के लिए आभार जताया और कहा कि श्रीलंकाई जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होगा। श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने कहा कि मैंने भारत के प्रधानमंत्री को यह आश्वासन दिया है कि हम अपनी जमीन को किसी भी तरह से भारत के हितों खिलाफ इस्तेमाल नहीं होने देंगे।

भारत के साथ सहयोग निश्चित रूप से बढ़ेगा और मैं भारत के लिए अपने निरंतर समर्थन का आश्वासन देना चाहता हूं। पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा पर रविवार शाम को भारत पहुंचे दिसानायके ने समर्थन और गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया उनकी यात्रा ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच सहयोग और विकास का मार्ग प्रशस्त किया है।



नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलते श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ।

## दोनों देशों के सुरक्षा एक-दूसरे से जुड़े हैं : मोदी

नयी दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और श्रीलंका के सुरक्षा एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा सहयोग समझौते को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस में श्रीलंका के राष्ट्रपति के साथ संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि हम इस बात से पूरी तरह सहमत हैं कि हमारे सुरक्षा हित आपस में जुड़े हुए हैं। हमने रक्षा सहयोग समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने का फैसला किया है। हाइड्रोग्राफी पर सहयोग पर भी सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि हमने मछुआरों की आजीविका से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। हम इस बात पर सहमत हुए कि हमें इस मामले में मानवीय दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना चाहिए। हमने श्रीलंका में निर्माण और सुलह के बारे में भी बात की। राष्ट्रपति दिसानायके ने उन्हें अपने समावेशी दृष्टिकोण के बारे में बताया। हमें उम्मीद है कि श्रीलंका सरकार तमिलों की आकांक्षाओं को पूरा करेगी और श्रीलंका के संविधान के पूर्ण कार्यान्वयन और प्रांतीय परिषद के चुनाव कराने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करेगी। उन्होंने राष्ट्रपति दिसानायके को आश्वासन दिया है कि भारत कई मायनों में श्रीलंका के विकास के उनके प्रयासों में एक विश्वसनीय और भरोसेमंद भागीदार बना रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। इसके तहत समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद निरोध, साइबर सुरक्षा, तस्करी और संगठित अपराध के खिलाफ लड़ाई, मानवीय सहायता और आपदा राहत जैसे विषयों पर सहयोग बढ़ाया जाएगा। भारत और श्रीलंका के लोगों के बीच आपसी संबंध हमारी सभ्यताओं से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमने अपनी साझेदारी के लिए भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण अपनाया है। अपनी आर्थिक साझेदारी में निवेश आधारित विकास और कनेक्टिविटी पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत और श्रीलंका ने भौतिक, डिजिटल और ऊर्जा संपर्क को अपनी साझेदारी का आधार बनाने का फैसला किया है। दोनों देशों के बीच बिजली ग्रिड संपर्क और बहु-उत्पाद पेट्रोलियम पाइपलाइन स्थापित करने के लिए काम किया जाएगा। इस सहयोग से उच्च क्षमता वाले पावर ग्रिड इंटरकनेक्शन का निर्माण संभव होगा। इसके अतिरिक्त, एक बहु-उत्पाद पेट्रोलियम पाइपलाइन भी स्थापित की जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने अब तक श्रीलंका को 5 बिलियन डॉलर की ऋण और अनुदान प्रदान किया है। पांच वर्षों में 1,500 श्रीलंकाई सिविल सेवकों को भारत में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे उत्पादों का चयन हमेशा हमारे साझेदार देशों की विकास प्राथमिकताओं के आधार पर किया जाता है। मोदी ने कहा कि भारत और श्रीलंका के लोगों से लोगों तक संबंध हमारी सभ्यताओं से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि फेरी सेवा और चेन्नई-जाफना उड़ान संपर्क ने पर्यटन को बढ़ावा दिया है।

# लोकसभा में आज पेश होगा एक देश एक चुनाव विधेयक

## कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल पेश करेंगे दो बिल, भाजपा ने जारी किया व्हिप

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने संबंधी दो विधेयक मंगलवार को लोकसभा में पेश किए जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एक देश एक चुनाव से जुड़े दोनों विधेयक पेश करेंगे। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी ने अपने लोकसभा सदस्यों के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है। इसमें कहा गया है कि कल लोकसभा में कुछ महत्वपूर्ण विधायी कार्य एवं चर्चा के लिए सदस्य सदन में उपस्थित रहें। पहला संशोधन विधेयक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए और दूसरा विधेयक दिल्ली, जम्मू-कश्मीर

**▶▶ केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को दो विधेयकों को संसद में पेश करने को दी थी मंजूरी**

और पुदुचेरी में विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए होगा। इस बीच, अर्जुन राम मेघवाल संघ राज्य क्षेत्र कानून (संशोधन) विधेयक 2024 भी पेश करेंगे ताकि संघ राज्य क्षेत्र अधिनियम 1963, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम 1991 और जम्मू व कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 में और संशोधन करने के लिए विधेयक पेश किया जा सके। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 18 सितंबर को एक देश, एक चुनाव से जुड़ी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों को मंजूरी दी थी।



इसके बाद गुरुवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने एक देश एक चुनाव से जुड़े दो विधेयकों को संसद में पेश किए जाने की मंजूरी दे दी थी। इनमें से एक संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने से संबंधित है, जबकि दूसरा विधेयक विधानसभाओं वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के एक साथ चुनाव कराने के संबंध में है। उल्लेखनीय है कि मोदी सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में देशभर में एक साथ चुनाव कराने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। समिति ने इस संबंध में विभिन्न पार्टियों और हितधारकों से इस पर विचार किया और अपनी सिफारिशें की थीं। इसमें प्रस्ताव किया गया है कि एक अवधि के बाद सभी राज्यों की वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल छोटा कर एक साथ चुनाव कराए जाएं। केन्द्र और राज्यों में चुनाव के थोड़े समय बाद ही नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव कराए जाएं। बहुमत न मिलने और अल्पमत की स्थिति में दोबारा चुनाव कराए जाने पर कार्यकाल केवल बाकी बचे समय के लिए हो।



नयी दिल्ली में सोमवार को 1971 के युद्ध के वीरों को श्रद्धांजलि देते रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ।

# नक्सलियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो : शाह

बीजापुर। नक्सलियों से आत्मसमर्पण की अपील के अगले ही दिन गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा बल के जवानों का हौसला बढ़ाने के लिए अग्रिम सुरक्षा चौकी (एफओबी) का दौरा किया। बीजापुर के गुंडम में इसी साल स्थापित जिस सुरक्षा चौकी पर शाह पहुंचे, वहां पिछले साल तक नक्सली ट्रेनिंग लेते थे। शाह ने कहा कि सशस्त्र नक्सलियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई करना जरूरी है, लेकिन ग्रामीणों में से आगे कोई नक्सली नहीं बने यह भी उतना ही जरूरी है। शाह ने जवानों को कहा कि उन्हें समय निकालकर बच्चों की पढ़ाई में मदद करने और कैंप में उपलब्ध डिस्पेंसरी का इस्तेमाल ग्रामीणों के इलाज के लिए करने के साथ ही सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में स्थानीय लोगों को जागरूक करने को भी कहा।



## सास के साथ कैटरीना ने शिर्डी में साईं बाबा का किया दर्शन

मुंबई। अभिनेत्री कैटरीना कैफ सोमवार को साईं बाबा का दर्शन करने शिर्डी पहुंची। अभिनेत्री दर्शन करने अपनी सास वीना कौशल के साथ पहुंचीं। दर्शन के बाद साईं बाबा संस्थान की प्रशासनिक अधिकारी प्रज्ञा महांदुले-सिनारे ने अभिनेत्री से मुलाकात की। कैटरीना हाथ जोड़कर भक्ति में लीन नजर आईं। सास के साथ दर्शन को पहुंचीं अभिनेत्री से प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही मंदिर के प्रमुख विष्णु थोरात ने भी मुलाकात की। मंदिर पहुंचीं अभिनेत्री ने सफेद रंग का, तो उनकी सास ने बैंगनी रंग का सलवार-सूट पहन रखा था।



# इवीएम पर बंटा इंडी गठबंधन

एजेंसी

**▶▶ कांग्रेस दिखाये कैसे हैक होती है इवीएम : अभिषेक**

**▶▶ ममता इंडी गठबंधन की नेता बनने के लिए सबसे योग्य**

कोलकाता। हरियाणा के बाद महाराष्ट्र चुनाव में भी पराजित होने के बाद ईवीएम को कोसने वाली कांग्रेस और शिवसेना को उमर अब्दुल्ला के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे व तृणमूल महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी ने भी आईना दिखा दिया। इसके साथ ही इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की विश्वसनीयता पर भी आईएनडीआईए ब्लॉक में मतभेद सोमवार को और उजागर हो गया।

तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने ईवीएम से छेड़छाड़ के कांग्रेस के दावों पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठाए। उन्होंने ने आरोपों को बेतरतीब बयान बताते हुए खारिज कर दिया



और ऐसे दावे करने वालों से भारतीय चुनाव आयोग के सामने हैकिंग प्रक्रिया का प्रदर्शन करने का आग्रह किया। अभिषेक ने कहा कि ईवीएम पर सवाल उठाने वालों को चुनाव आयोग के पास जाना चाहिए और डेमो कर बताना चाहिए कि वोटिंग मशीन हैक कैसे हो सकती है। अगर वोटिंग के दौरान बूथ पर मॉक पोल और काउंटिंग के दौरान इसकी चेकिंग की जाती है, ऐसे में आरोप नहीं लगाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ हो नहीं रहा है सिर्फ बयानबाजी हो रही है। अभिषेक बनर्जी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की इंडी गठबंधन के नेता के तौर पर दावेदारी का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि ममता सबसे वरिष्ठ नेता हैं एवं भाजपा और कांग्रेस दोनों को हराकर आगे बढ़ी हैं। तृणमूल सांसद ने संसद परिसर में कहा कि ममता बनर्जी की दावेदारी पर इंडी एलायंस बैठक कर विचार करेगा। वो सबसे वरिष्ठ हैं, तीन बार की मुख्यमंत्री और तीन बार की सांसद हैं। केन्द्र सरकार में कई मंत्री पद संभाल चुकी हैं।

# भारत में राम-कृष्ण, बुद्ध की परंपरा ही रहेगी : योगी

## संभल में चल रहा है तुर्क व पठान का विवाद : मुख्यमंत्री

एजेंसी

लखनऊ। विधानसभा में संभल हिंसा पर चर्चा कराये जाने की मांग पर अड़े विपक्षी दलों को जवाब देते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत में राम-कृष्ण व बुद्ध की परंपरा ही रहेगी, बाबर और औरंगजेब की नहीं। शीतकालीन सत्र में सोमवार को योगी ने संभल, बहराइच, संविधान, सांप्रदायिक दंगों पर विपक्षी दलों पर प्रहार करते हुये कहा कि संभल में तुर्क व पठान का विवाद चल रहा है। शफीकुर्रहमान बर्क (सपा के पूर्व सांसद-अब स्मृतिशेष) खुद को भारत का नागरिक नहीं, बल्कि बाबर का संतान कहते थे। आपको तय करना है कि आक्रांताओं को अपना आदर्श मानते हैं या राम-कृष्ण, बुद्ध की परंपरा को। भारत में राम-कृष्ण व बुद्ध की परंपरा ही रहेगी, बाबर और औरंगजेब की परंपरा नहीं रहेगी। उन्होने कहा कि मोहर्रम या कोई भी मुस्लिम त्योहार का जुलूस हिंदू मोहल्ले से, मंदिर



के सामने से सुरक्षित निकल जाता है तो कोई समस्या नहीं होती। समस्या वहीं पर क्यों खड़ी होती है, जब कोई हिंदू शोभायात्रा किसी मस्जिद के सामने या मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र से निकलती है। क्या भारत की धरती पर केसरिया झंडा नहीं लग सकता। पूछना चाहता हूं कि हिंदु मोहल्ले से और मंदिर के सामने से मुस्लिम जुलूस निकल सकता है तो मुस्लिम मोहल्ले से कोई शोभायात्रा क्यों नहीं निकल सकती। योगी ने कहा कि जय श्री राम का नारा उत्तेजक नहीं है, ये हमारी श्रद्धा का नारा है। कल आपसे कहूं कि अल्लाह हो अकबर का स्लोगन हमें अच्छा नहीं लगता तो क्या आपको अच्छा लगेगा। यदि आपने बाबरनामा पढ़ा होता तो ये बहस करते ही नहीं। आपकी तो राजनीति बांटने और कटवाने की रही है। इसीलिए हमने कहा है कि न बटेंगे और न कटेंगे। मुख्यमंत्री ने एनसीआरबी डेटा के आंकड़ों के मुताबिक बताया कि 2017 से लेकर अब तक प्रदेश में सांप्रदायिक दंगों में 97 से 99 फीसदी तक की कमी आई है। 2017 से अब तक यूपी में दंगे नहीं हुए हैं, जबकि 2012 से 2017 (सपा कार्यकाल) तक प्रदेश में 815 सांप्रदायिक दंगे और 192 लोगों की मौत हुई। 2007 से 2011 के बीच 616 सांप्रदायिक घटनाएं हुईं, इसमें 121 लोगों की मौत हुई। संभल में 1947 से लगातार माहौल खराब किया गया । 1947 में एक मौत और 1948 में छह लोग मारे जाते हैं। 1958-1962 में दंगा, 1976 में पांच लोगों की मौत हुई थी। 1978 में 184 हिंदुओं को सामूहिक रूप से जला दिया गया था। अनवरत कई महीनों तक कर्फ्यू लगा। 1980-1982 में दंगा और एक-एक की मौत हुई। 1986 में चार लोग मारे गए।1990-1992 में पांच, 1996 में दो मौत हुई। लगातार यह सिलसिला चलता रहा। 1947 से अब तक संभल में 209 हिंदुओं की हत्या हुई। 1978 के दंगे में वैश्य के हाथ, पैर, गला तक काट दिया गया। सपा पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि संभल में जैसे ही आपके खटाखट की असलियत सामने आई, जनता ने कहा सफाचट। उपचुनाव में नौ में से सात पर भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन जीता है।

### एक भी दंगाई नहीं बचेंगे

उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि पत्थरबाजी व माहौल खराब करने वाला एक भी दंगाई बचने वाला नहीं है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष से कहा कि बाबा साहब आंबेडकर के मूल संविधान की प्रस्तावना को पढ़ें और मौलिक अधिकारों को देखें। अलग-अलग पृष्ठों का अवलोकन करेंगे तो आपको उसमे राम-कृष्ण, बजरंग बली और बुद्ध भी नजर आएंगे। भारत की समृद्ध परंपरा का दर्शन आपको उसी संविधान में मिलेगा, लेकिन उस मूल संविधान में कहीं भी धर्मनिरपेक्ष, पंथनिरपेक्ष या समाजवाद शब्द नहीं है।

